RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 84
फरीदाबाद, मंगलवार, 30 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रूपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



कुछ ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो

पेज - 12

## बाजार


| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,671 | ▲ 941.12 | |
| निफ्टी | 22,643 | ▲ 223.45 | |
| सोना | 71,498 | ▼ 0.2 | /10 gm |
| चांदी | 84,410 | ▼ 86 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 38.00°C
न्यूनतम 22.00°C

## क्विक न्यूज

### चीन-तिब्बत मुद्दे का समाधान दोनों के लिए लाभकारी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) ने चीन के साथ दशकों से जारी तिब्बत संघर्ष का समाधान बातचीत के माध्यम से निकालने का अपना आह्वान दोहराया है। पिछले सप्ताह, सिक्योंग या तिब्बत की निर्वासित सरकार (सीटीए) के राजनीतिक प्रमुख पेन्पा त्सेरिंग ने कहा था कि प्रशासन ने तिब्बत मुद्दे का समाधान खोजने के तरीके तलाशने के लिए बीजिंग के साथ पर्दे के पीछे बातचीत शुरू की है। त्सेरिंग ने उसी समय यह भी कहा था कि अनौपचारिक वार्ता से तत्काल प्रगति की उम्मीद नहीं है। तिब्बत में चीन विरोधी प्रदर्शनों और बौद्ध क्षेत्र के प्रति बीजिंग के कट्टरपंथी दृष्टिकोण के मद्देनजर दोनों पक्षों के बीच औपचारिक वार्ता करीब एक दशक से नहीं हो रही है, लेकिन इन टिप्पणियों को दोनों पक्षों के फिर से जुड़ने की इच्छा के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

### क्या केजरीवाल गिरफ्तारी को चुनौती दे सकते हैं : न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बयान दर्ज कराने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बार-बार समन जारी किए जाने के बावजूद ईडी के समक्ष उनके पेश नहीं होने पर सोमवार को सवाल उठाया। न्यायालय ने कहा कि क्या वह अपने बयान दर्ज नहीं किए जाने के आधार पर, आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दे सकते हैं। मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किए जाने के बाद केजरीवाल न्यायिक हिरासत में हैं। वह यहां तिहाड़ जेल में बंद हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कई सवाल पूछे और कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता ने अधीनस्थ अदालत में जमानत याचिका दायर क्यों नहीं की। पीठ ने कहा, क्या आप यह कहकर अपनी ही बात का खंडन नहीं कर रहे हैं कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत उनके बयान दर्ज नहीं किए गए? आप धारा 50 के तहत बयान दर्ज कराने के लिए समन जारी किए जाने पर उपस्थित नहीं होते हैं और फिर कहते हैं कि यह दर्ज नहीं किया गया।

# जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में एवलांच, एक की मौत

## पिछले 36 घंटे से बारिश-बर्फबारी जारी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**जम्मू**-कश्मीर के सोनमर्ग के सरबल इलाके में एवलांच आया है। माछिल में भारी बर्फबारी के चलते बीते 24 घंटे में बर्फ की 12 से 15 इंच मोटी परत जम गई है। अगले 8 घंटे में कई जगहों पर भारी बारिश और ओले गिरने और ऊपरी इलाकों में भारी बर्फबारी होने की आशंका है। कश्मीर में पिछले 36 घंटे से लगातार बारिश-बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि 30 अप्रैल तक बारिश और बर्फबारी की स्थिति बनी रहेगी। श्रीनगर प्रशासन ने लोगों को झेलम नदी और डल झील समेत अन्य नदी-नालों से दूर रहने की सलाह दी है। रामबन के करूल इलाके में 13 साल के एक लड़के की लैंडस्लाइड से मौत हो गई। वहीं, रामबन में लैंडस्लाइड से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद हो गया है। इससे पहले 26 अप्रैल को भी रामबन-गूल रोड पर लैंड स्लाइड हुआ था। इसके चलते करीब 1 किलोमीटर तक की जमीन धंस गई और रामबन से 6 किलोमीटर दूर पेरनोट गांव में 30 से ज्यादा घर क्षतिग्रस्त हो गए। इलाके में हो रही बारिश के कारण हालात खतरनाक होते जा रहे हैं। इधर, देश में तेज गर्मी का असर लगातार जारी है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में तीन दिन बाद सीवियर हीटवेव चलेगी। हीटवेव के अलर्ट वाले राज्यों में तापमान 42 डिग्री के पार रिकॉर्ड किया गया है। इसके अलावा महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी टेम्परेचर 42 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। हालांकि, इन तीन राज्यों में हीटवेव की स्थिति नहीं है। ओडिशा, पश्चिम बंगाल में तापमान 43 डिग्री रहा। आंध्र प्रदेश के नांदयाल में रविवार को सबसे ज्यादा टेम्प्रेचर (45.2 डिग्री) रिकॉर्ड किया गया था। इसके अलावा राजधानी दिल्ली में फिलहाल लू चलने का अलर्ट जारी नहीं किया गया है, लेकिन यहां तेज गर्मी का असर जारी रहेगा। मौसम विभाग ने कहा है कि दिल्ली में तापमान 40 डिग्री के आसपास रिकॉर्ड किया जाएगा। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल, आंध्र प्रदेश और नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने कहा कि एमपी, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में बारिश की वजह से तापमान में कमी नहीं आएगी। आने वाले दिनों में बढ़ोतरी की उम्मीद है।

### आज भी यही स्थिति बनी रहेगी



## हरियाणा में जजपा ने 5 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की

**चंडीगढ़।** हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए जजपा ने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी ने अंबाला लोकसभा से किरण पूनिया के नाम पर मुहर लगाई है।

वहीं, कुरुक्षेत्र से पाला राम सैनी चुनाव लड़ेंगे। प्रदेश की हॉट सीट में शुमान करनाल सीट पर पानीपत के रहने वाले पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र कादियान को उम्मीदवार बनाया गया है। सोनीपत लोकसभा से भूपेंद्र मलिक चुनाव लड़ेंगे। रोहतक से जेजेपी युवा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र सांगवान पर दांव लगाया गया है।

# कर्नाटक सेक्स स्कैंडल केस में सैकड़ों वीडियो सामने आए, एफआइआर दर्ज

## पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का कुनबा सेक्स स्कैंडल के आरोपों में घिरा

### प्रज्वल रेवन्ना देश छोड़कर भागे, तो उनकी मदद भाजपा ने की

**एजेंसी।** बेंगलुरु



**पूर्व** प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का कुनबा सेक्स स्कैंडल के आरोपों में घिर गया है। देवगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना (67) और सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना (33) के खिलाफ उनकी मेड (घरेलू सहायिका) ने यौन शोषण की एफआइआर दर्ज कराई है। केस हासन के होलेनरासीपुर थाने में दर्ज कराया गया। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रज्वल के करीब 200 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुए हैं। दावा किया गया है कि वायरल वीडियो में दिख रहीं महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगाती हुई रो रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं। कर्नाटक महिला आयोग की चेयरपर्सन नागलक्ष्मी चौधरी ने इसे राज्य का सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल बताया है। इस बीच, कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया की तरफ से गठित एसआइटी ने जांच शुरू कर दी है। इसका नेतृत्व एडीजीपी वीके सिंह कर रहे हैं। डीजी सीआइडी सुमन डी पेन्नेकर और आइपीएस सीमा लाटकर भी एसआइटी में शामिल हैं।

प्रज्वल के पिता एचडी रेवन्ना ने कहा कि मैं नहीं जानता ये कैसा षड्यंत्र रचाया गया है। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो आसानी से डर कर भाग जाऊं। उन्होंने जो वीडियो रिलीज किए हैं, वे 4-5 साल पुराने हैं। प्रज्वल को पार्टी से निकालने का फैसला पार्टी हाई कमान लेगा। रेवन्ना ने कहा कि राज्य सरकार को इस केस की जांच करने दीजिए। प्रज्वल वैसे भी विदेश जाने वाला था। पिछले 40 साल में कांग्रेस की सरकार में हमने कई जांच का सामना किया है। मैंने अब तक देवगौड़ा से इस बारे में बात नहीं की है। सारी कार्रवाई कानून के मुताबिक होगी।

मामले को लेकर देवगौड़ा के बेटे पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने कहा- अगर किसी भी गलत काम में कोई शामिल है, तो उसे कानून के तहत सजा भुगतनी होगी। हालांकि, गौर करने वाली बात है कि इस वीडियो को अभी क्यों जारी किया गया है। इसे पहले क्यों नहीं जारी किया गया था। चुनाव के समय ही पुराने मुद्दे क्यों उठाए जा रहे हैं। इस वीडियो का लोकसभा चुनाव के रिजल्ट पर फर्क नहीं पड़ेगा। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि पूरे परिवार का नाम इसमें क्यों उछाला जा रहा है। इस मुद्दे पर कुमारस्वामी और देवगौड़ा का नाम नहीं आना चाहिए। प्रज्वल के देश छोड़ने के सवाल पर कुमारस्वामी ने कहा- क्या वे हर रोज जहां जाते थे, मुझे बताकर जाते थे? इस पर सरकार को जांच करने दीजिए। हम लोग साथ में नहीं रहते। अगर मुझे पहले पता होता तो मैं उसे रोकने की कोशिश करता। कांग्रेस नेता और राज्य सरकार में मंत्री प्रियंक खड़गे ने कहा- अगर प्रज्वल रेवन्ना देश छोड़कर भाग गए हैं तो उनकी मदद भाजपा ने की है। भाजपा-जेडीएस को प्रज्वल के बारे में पता था। प्रियंक ने कहा कि भाजपा के कई नेताओं को रेवन्ना के यौन शोषण के मामले के बारे में लेटर मिले थे। इसके बावजूद उन्हें लोकसभा चुनाव का टिकट दिया गया। हुबली मर्डर केस के बारे में ये बहुत आक्रामक थे। अब इस मुद्दे पर इन्होंने चुप्पी क्यों साध ली है।

# बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला : एसआइटी जांच पर एससी ने रोक लगाई

### क्या 25 हजार नियुक्तियों में सही-गलत को अलग किया जा सकता है : एससी

**एजेंसी।** कोलकाता

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में सरकारी अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई जांच पर रोक लगा दी। कोर्ट ने पूछा है कि क्या 25 हजार नियुक्तियों में से सही तरीके से किए गए टीचर्स के अपॉइंटमेंट को अलग किया जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई छह मई को करेगा। याचिका में कहा गया था कि हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी जाए, जिसमें सभी नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देखिए इसे किस तरह से किया गया है। ओएमआर शीट को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। जो लोग पैनल में नहीं थे, उन्हें रिक्रूट किया गया। यह फ्रॉड है। वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने हाईकोर्ट के फैसले पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सभी नियुक्तियों को खारिज कर दिया गया है, जबकि सीबीआई को अब तक जांच में सिर्फ 8000 नियुक्तियों में खामियां मिली हैं। स्कूल सर्विस कमीशन ने भी कहा कि जो नियुक्तियां सही तरह से हो सकती थीं, उन्हें अलग किया जा सकता था।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल को 2016 में की गई 25 हजार 753 नियुक्तियों को रद्द कर दिया था।? हाईकोर्ट ने इन शिक्षकों को 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी 12 फीसद इंटरेस्ट के साथ लौटाने के निर्देश भी दिए हैं। इसके लिए कोर्ट ने 6 हफ्ते का समय दिया है। पश्चिम बंगाल सरकार ने 2016 में स्टेट लेवल सेलेक्शन टेस्ट-2016 (एसएलसीटी) के जरिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ भर्ती किया था। तब 24,640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक लोगों ने भर्ती परीक्षा दी थी। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपए तक की घूस लेने का आरोप है। मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट को कई शिकायतें मिली थीं। भर्ती में अनियमितताओं के मामले में सीबीआइ ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी और एसएससी के कुछ अधिकारियों को गिरफ्तार किया था। अर्पिता पेशे से मॉडल थीं।

ईडी ने 22 जुलाई, 2022 को पार्थ चटर्जी के ठिकानों समेत 14 जगहों पर छापेमारी की थी। इस दौरान घोटाले में बंगाल की एक मॉडल अर्पिता मुखर्जी से जुड़ी जानकारी भी सामने आई। छापेमारी के दौरान अर्पिता मुखर्जी की प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले थे। बंगाल सरकार ने कहा कि वह उन सभी 25,753 शिक्षकों और नॉन टीचिंग स्टाफ को अप्रैल के वेतन का भुगतान करेगी, जिनकी नियुक्तियां रद्द की गई हैं। राज्य सरकार ने कहा कि सभी कर्मचारियों ने लगभग पूरे अप्रैल काम किया है। इसलिए मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक सभी को सैलरी दी जाएगी।



# बिहार में अमित शाह का हेलिकॉप्टर हवा में लहराया

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह का हेलिकॉप्टर सोमवार को बेगूसराय के जीडी कॉलेज से उड़ान भरते समय तेज हवा के दबाव में लहरा गया। हेलिकॉप्टर को पश्चिम दिशा की ओर उड़ान भरकर पटना जाना था, लेकिन हेलिकॉप्टर जैसे ही ऊपर उठा, पश्चिम के बदले पूर्व दिशा की ओर जाकर लड़खड़ा गया। इसके बाद हेलिकॉप्टर ऊपर उड़ने के बजाय करीब दो फीट नीचे आया, लेकिन पायलट ने उसे संभाल लिया। इसके बाद पश्चिम दिशा की ओर सीधी उड़ान ली जा सकी।



## मसूरी में हरियाणा निवासी तीनों यात्रियों की मौत

**देहरादून।** देहरादून के निकट मसूरी में हाथीपांव मार्ग पर सोमवार को एक कार के दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार हरियाणा निवासी तीन व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसा शनिचर बैंड के पास हुआ, जहां कार अनियंत्रित होकर 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गहरी खाई से शवों को निकाला। मृतकों में सोनीपत के रहने वाले 44 वर्षीय विकास त्यागी, 50 वर्षीय राजपाल और 45 वर्षीय ओम प्रकाश के रूप में हुई है।

# एससी ने नाबालिग रेप पीड़िता के गर्भपात का आदेश पलटा

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**सुप्रीम** कोर्ट ने 14 साल की रेप पीड़िता को 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में गर्भपात की इजाजत देने वाला फैसला पलट दिया है। कोर्ट ने 22 अप्रैल को लड़की के गर्भपात की इजाजत दी थी। कोर्ट ने ये फैसला लड़की के माता-पिता के अनुरोध के बाद पलटा। लड़की के परिजनों ने कहा कि इस प्रोसिजर से उनकी बेटी की जिंदगी को खतरा हो सकता है। उन्होंने ये भी कहा कि हम बच्चे को पालने के लिए तैयार हैं। परिजनों से वीसी के जरिए बात करने के बाद सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि बच्चे का हित सबसे ऊपर है। सुप्रीम कोर्ट ने 22 अप्रैल को मुंबई के लोकमान्य तिलक अस्पताल को तत्काल अबॉर्शन के लिए इंतजाम करने का आदेश दिया था। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने आदेश सुनाते हुए कहा था- हम अबॉर्शन की इजाजत इसलिए दे रहे हैं, क्योंकि यह असाधारण मामला है। हर घंटा पीड़ित के लिए अहम है। बेंच ने मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि प्रेग्नेंसी जारी रखने से पीड़िता की मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर पड़ेगा। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अबॉर्शन कराने में थोड़ा रिस्क तो है, लेकिन प्रेग्नेंसी जारी रखने में और भी बड़ा रिस्क है।

# मोदी पर छह साल चुनावी बैन वाली याचिका खारिज

**एजेंसी।** नई दिल्ली



### कोर्ट ने कहा कि याचिका कई कारणों से पूरी तरह से गलत

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर छह साल के लिए चुनावी बैन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिकाकर्ता एडवोकेट आनंद एस जोंधले का आरोप था कि पीएम मोदी ने आचार संहिता का उल्लंघन किया। चुनाव आयोग की तरफ से एडवोकेट सिद्धांत कुमार ने पैरवी की। कोर्ट ने कहा कि याचिका कई कारणों से पूरी तरह से गलत है। याचिकाकर्ता का मानना है कि आचार संहिता का उल्लंघन हुआ, लेकिन हमारे लिए चुनाव आयोग को किसी शिकायत पर कोई विशेष नजरिया अपनाने का निर्देश देना सही नहीं है। चुनाव आयोग जोंधले की शिकायत पर कानून के मुताबिक एक्शन लेगा। हम ये याचिका खारिज करते हैं। जोंधले ने 15 अप्रैल को अपनी याचिका में कहा था कि पीएम मोदी भगवान और मंदिरों के नाम पर लोगों से वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा- पीएम ने 9 अप्रैल को यूपी के पीलीभीत में अपने भाषण के दौरान हिंदू देवी-देवताओं, सिख देवताओं और उनके पूजा स्थलों के नाम पर वोट मांगे। इसी स्पीच को एडवोकेट जोंधले ने याचिका का आधार बनाया।

# पिछली बार अवतार भड़ाना को हराया, इस बार चौ. महेंद्र प्रताप की राहें कठिन होगी

- झाड़सेंतली में पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक करण दलाल ने की सर्वजातीय पंचायत
- 2019 के लोकसभा चुनाव में करण दलाल परिवार ने दिया था भाजपा प्रत्याशी का साथ
- छह लाख के रिकॉर्ड अंतर से विजयी हुए थे पिछली बार भाजपा प्रत्याशी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद/पलवल



**कांग्रेस** के पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक करण सिंह दलाल ने सोमवार को झाड़सेंतली में सर्वजातीय महापंचायत बुलाकर लोकसभा चुनाव 2019 का रणनीतिक माहौल फिर से पटल पर लाकर खड़ा कर दिया है। जाट राजनीति करने वाले पूर्व विधायक करण दलाल अबकी बार हरियाणा के पूर्व मंत्री चौ. महेंद्र प्रताप सिंह को सांसद का टिकट दिए जाने का विरोध कर रहे हैं। ऐसा विरोध पिछली बार करण दलाल ने तब किया था, जब टिकट अवतार सिंह भड़ाना को दी गई थी। करण दलाल के परिवार ने कहीं खुलकर तो कहीं छिपकर 2019 में भाजपा प्रत्याशी की अच्छी खासी मदद की थी। तब अवतार भड़ाना को मोदी लहर और दलाल की कूटनीति के कारण करारी हार का सामना करना पड़ा था।

सोमवार को घटित इस राजनीतिक घटनाक्रम के बाद कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप के चुनाव की राहें और कठिन हो सकती हैं। दरअसल, कांग्रेस प्रत्याशी के सामने सबसे पहले छह लाख वोट के उस अंतर को समाप्त करने की चुनौती है, जिस अंतर से भाजपा प्रत्याशी ने जीत हासिल की थी। यदि वे इस अंतर को पाटने में कामयाब हुए तो चुनावी समर रोमांचक हो जाएगा। महेंद्र प्रताप के समक्ष रूठों और असंतुष्टों को मनाना होगा। सर्वजातीय वोट बैंक साधना होगा।

दूसरी तरफ भाजपा प्रत्याशी के लिए इस बार का चुनाव पिछली बार की तरह बहुत सहज और सरल नहीं हैं। पिछले दो बार से

### पुरानों के सामने नए चेहरे खड़े किए इसीलिए भी नहीं मिली टिकट

**पार्टी** सूत्रों के मुताबिक करण दलाल की टिकट कटने का एक और बड़ा कारण यह भी रहा कि राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को फरीदाबाद संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस की पूर्व विधायक शारदा राठौर, एनआइटी विधायक नीरज शर्मा, कांग्रेस नेता नीतिन सिंगला ने स्पष्ट तौर पर कह दिया था कि यदि टिकट करण सिंह दलाल को दी जाती है तो वे उनका साथ नहीं दे पाएंगे। इसके पीछे इन नेताओं ने तर्क दिया कि करण दलाल ने स्वयं ही गिरीश भारद्वाज, जगन सिंह डागर इत्यादि सरीखे नेताओं को एमएलए का टिकट दिलाए जाने का आश्वासन देकर पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं को कमजोर करने का कार्य किया है। पुराने कार्यकर्ताओं के सम्मान में यह बात खड़गे, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी को सटीक लगी। इसीलिए भी करण दलाल टिकट की रेस में हार गए।

मोदी कृपा में विजयी पताका लहराने वाले भाजपा प्रत्याशी यह जान चुके हैं कि फरीदाबाद संसदीय क्षेत्र में वह लहर अभी बहुत ज्यादा ताकतवर नहीं है। भाजपा प्रत्याशी को इस बार गुर्जर-जाट समाज की अनदेखी करने का आक्रोश भी झेलना पड़ रहा है।

ऐसे में उनके लिए सर्वजातीय समाज को साधना और क्षतिग्रस्त व्यक्तिगत छवि को ठीक करना बड़ी चुनौती है। कुछ समय पहले तक वे सार्वजनिक मंचों से कह रहे थे कि उनके सामने कांग्रेस की टिकट लेने वाला कोई सामने नहीं आ रहा, कांग्रेस पार्टी को प्रत्याशी ढूंढने पड़ रहे हैं, लेकिन जब टिकट महेंद्र प्रताप को मिली तो उनके पसीने छूट रहे हैं। बहरहाल, नॉमिनेशन दाखिल करने, नाम वापस लेने और निरस्तीकरण की प्रक्रिया के बाद चौ. महेंद्र प्रताप मैदान में टिके रहते हैं तो इस बार फरीदाबाद लोकसभा चुनाव काफी रोमांचक होगा। इस चुनावी समर में जजपा से नलिन हुड्डा जाट, इनेलो से सुनील तेवतिया जाट और बसपा से किशन ठाकुर ने भी ताल ठोक रखी है। आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन से हैं, इसीलिए उन्होंने अपना समर्थन कांग्रेस प्रत्याशी को दे रखा है।

पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 30 अप्रैल, 2024



# जैस्मीन कौर द्वारा डिजाइन मशीन अब दिल्ली में मचाएगी धूम

## नई दिल्ली में शानदार नए स्टोर का हुआ उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**डिजाइन** मशीन की दूरदर्शी डिजाइनर जैस्मीन कौर के दिमाग की उपज, लुकिंग लाइक ए वॉव फेम ने डी-116, फतेह नगर, जेल रोड, तिलक नगर मेट्रो स्टेशन के पास, नई दिल्ली में अपना नवीनतम फ्लैगशिप स्टोर लॉन्च किया है। यहां हुए भव्य उद्घाटन समारोह में दिल्ली के कुलीन वर्ग के कई प्रतिष्ठित अतिथि शामिल हुए। जिनमें सीमा गुंबर, गुनीत विरदी, दीपिका आर्य, लवेशी और प्रसिद्ध ज्योतिषी आदित्य कुंडली शामिल थे। ऐसी प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। यह उत्सव शानदार रहा, जिसमें मेहमानों को नवीनतम संग्रहों का एक विशेष प्रदर्शन देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने जैस्मीन कौर, गुरमेहर कौर और इंद्रजीत सिंह बिंद्रा सहित पूरी डिजाइन मशीन टीम की प्रशंसा की और उन्हें उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। अपने अभिनव डिजाइनों और अद्वितीय शिल्प कौशल के साथ, डिजाइन मशीन दर्शकों को आकर्षित करती है।

# खेलों से हमारे तन मन और जीवन का विकास होता है : राजेश नागर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर**-77 स्थित नवआरंभ स्पोर्ट्स अकादमी ने द्वितीय बास्केटबॉल एवं फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक राजेश नागर ने शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और खेलों को जीवन का प्रमुख अंग बनाने पर बधाई दी। विधायक नागर ने कहा कि खेल हमारे जीवन का प्रमुख अंग होना चाहिए। इससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं और व्यक्ति का जीवन भी निखरता है। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी का जीवन संयमित होता है और उसे जीवन में आने वाली चुनौतियों से भलीभांति निपटना आता है। राजेश नागर ने कहा कि खेलों के जरिए आप अपनी आजीविका भी कमा सकते हैं। आज हरियाणा की सरकार द्वारा दिए गए इनाम की राशियों और नौकरियों के सहारे अनेक खिलाड़ियों ने अपने परिवारों की स्थितियों में सकारात्मक बदलाव किए हैं। नागर ने सभी भागीदारों और आयोजकों को भी सुंदर सफल आयोजन की बधाई दी। इससे पहले यहां पहुंचने पर विधायक राजेश नागर का आयोजक जितेंद्र नागर आदि ने जोरदार स्वागत किया। इस कार्यक्रम में फरीदाबाद के 400 से अधिक खिलाड़ियों ने सहभागिता की।

# पंचायत में नहीं हुआ फैसला, टिकट के लिए हाईकमान से मिलेगा डेलीगेशन

## टिकट न मिलने से नाराज करण दलाल ने झाड़सेंतली में बुलाई थी पंचायत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल द्वारा झाड़सेंतली गांव में बुलाई महापंचायत में दलाल के चुनाव लड़ने को लेकर कोई फैसला न हो सका। सुबह नौ बजे से शुरू हुई यह पंचायत दोपहर दो बजे तक चली। जिसमें पूर्व विधायकों व गणमान्य लोगों ने अपने अपने विचार रखे। झाड़सेंतली के हुडा पार्क में लोग जुटने शुरू हो गए थे। चुनाव लड़ने को लेकर महापंचायत में आए लोगों में बहुत ही उत्साह था। परंतु चुनाव लड़ने का फैसला न होने से उन्हें दुखी मन से ही वापस अपने-अपने घर व गांव जाना पड़ा।

पंचायत में डागर पाल, सौरोत पाल, सहरावत पाल, तेवतिया पाल, रावत पाल, मेवात, मोहना क्षेत्र, नहर पार, बडौली आदि गांवों से भी भारी संख्या में लोग पहुंचे थे। पंचायत की अध्यक्षता बहीन गांव के कर्णसिंह नंबरदार कर रहे थे। इस पंचायत में केहरसिंह रावत पूर्व विधायक, टेकचंद शर्मा पूर्व विधायक, केसर डागर, जगन डागर आदि नेता भी मौजूद रहे। पंचायत में आए लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। धतीर गांव के बादाम सिंह ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव का समय है। कोई भी फैसला बहुत ही सोच-समझकर लेना चाहिए। किसी भी फैसले लेने में जल्दबाजी नहीं दिखानी चाहिए। जिससे आगे इसका नुकसान हो। इस अवसर रिटायर्ड मास्टर महेंद्र चौहान ने कहा कि दलाल को कांग्रेस की टिकट लेने का प्रयास करना चाहिए। यदि कांग्रेस पार्टी टिकट देती है, तभी करण सिंह दलाल को चुनाव लड़ना चाहिए। अन्यथा आजाद चुनाव नहीं लड़ना चाहिए।

इस अवसर पर करतार सिंह का कहना था यदि दलाल को लोकसभा का चुनाव ही नहीं लड़ना था तो पंचायत बुलाने की क्या जरूरत थी। उन्होंने कहा कि लोग करण सिंह दलाल को लोकसभा चुनाव लड़ाने के लिए यहां भारी संख्या में इकट्ठे हुए। इसलिए करण सिंह दलाल को चुनाव लड़ने की घोषणा पंचायात में आज ही करनी चाहिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा ने कहा पंचायत में यह फैसला हुआ है कि पहले 20 लोगों का एक पंचायती डेलीगेशन कांग्रेस पार्टी के नेताओं से मिलेगा, जिसमें पार्टी हाईकमान पर करण सिंह दलाल को टिकट देने के लिए दबाव बनया जायेगा।

यदि उसके बाद भी दलाल को टिकट नहीं मिलती है तो आगे फिर पंचायत बुलाई जाएगी। जिसमें चुनाव लड़ने व न लड़ने का फैसला जनता पर छोड़ा जाएगा। इस अवसर पर करण सिंह दलाल का कहना था कि पंचायती डेलीगेशन के हाई कमान से मिलने के बाद ही आगे कोई फैसला ले सकेंगे। दलाल का कहना था कि वे आजाद चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं हैं। वहीं कुछ लोगों ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि चुनाव ही नहीं लड़ना था तो पंचायत बुलाने की जरूरत ही क्या थी।

# ग्राहक बोले दवाइयों के दामों में हुई बढ़ोतरी



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**लोकसभा** चुनाव के नजदीक आते ही लोग सरकार व विपक्षी पार्टियों की नीतियों पर खुल कर चर्चा कर रहे हैं। लोग इस अवसर पर सत्ताधारी पार्टी की नीतियों को जनविरोधी बता रहे हैं। मेडिकल स्टोर पर दवाई खरीदने आए सुरेश कुमार का कहना था कि भाजपा के 10 साल के शासन काल में दवाइयों के दामों में कई गुणा बढ़ोतरी हो गई है। पहले जो दवाई 50 रुपये की आती थी, अब उसके बाजार में दाम 140 से 150 रूपये तक पहुंच गए हैं। कुछ साल पहले तक जो आई ड्रॉप 30 रूपये तक में आ जाती थी। उसके दाम भी एकाएक बढ़कर 80 से 90 रूपये तक पहुंच गए है। यही हाल सिर दर्द में काम आने वाली बाम का है। जो बाम की डिब्बी पहले 30 रुपये तक मिल जाती थी, उसके दाम भी बाजार में 90 से 100 रुपये तक हो गए। सुरेश की बात का समर्थन करते हुए हरीश कुमार का कहना था कि पिछले कुछ साल में दवाइयों के दामों में कई गुणा बढ़ोतरी हुई है। जिससे गरीब, दलित व महिलाओं की स्थिति प्रभावित हुई हैं। बुखार, जुकाम, खांसी आदि में उपयोग आने वाली दवाइयों के दामों में बढ़ोतरी हुई है। जिससे लोगों पर एकाएक भार बढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि पशुओं की दवाइयों के दाम में भी कई गुणा बढ़े हुई हैं। दुधारू पशुओं को समय समय पर दिए जाने वाले कैलशियम की बोतल के दामों में भी दोगुना तक बढ़ोतरी हुई है। इस अवसर पर संदीप का कहना था कि सरकार को दवाइयों के दामों में बढ़ोतरी को कंट्रोल करना चाहिए। जिससे लोगों को सुविधा रहे।

# एसएमसी की बैठक में बेहतर शिक्षा पर चर्चा



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राजकीय** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में विद्यालय प्रबंधन समिति की नए सत्र की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति की सांझी सभा का आयोजन किया गया। इस बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष कुसुम तथा पूर्व अध्यक्ष चंचल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों, पूर्व अध्यक्ष चंचल, शिक्षाविद ब्रह्मदेव यादव, एसएमसी इंचार्ज अजय गर्ग, प्राध्यापक अनिल कुमार एवम सराय ख्वाजा विद्यालय प्रबंधन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि एसएमसी इंचार्ज अध्यापक अजय गर्ग ने प्रबंधन समिति द्वारा विद्यालय को प्रदान की गई वार्षिक ग्रांट से विद्यालय में पूर्व में अनुमोदित कार्यों के विषय में भी रिपोर्ट प्रस्तुत की। शिक्षा विभाग के आदेशानुसार वार्षिक ग्रांट का एस एम सी के मार्गनिर्देशानुसार कार्य संपन्न किया गया है। एसएमसी इंचार्ज अध्यापक अजय गर्ग ने एसएमसी के सभी सदस्यों को कहा कि आप और हम सभी आपस में सहयोग करके नए नामांकन में वृद्धि करेंगे।

# मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराकर जनसमस्याओं का निराकरण हो

**पायनिरय समाचार सेवा।** फरीदाबाद





**लोकसभा** चुनाव की तिथि घोषित होते ही क्षेत्र उम्मीदवारों ने अपनी कमर कस ली है। वहीं लोग भी अपने ऐसा उम्मीदवार चाहते हैं तो उनकी उपेक्षाओं पर खरा उतर सके। उनके वार्ड में तंग गलियां है, जहां अक्सर पानी भरा रहता है। लोगों का कहना है कि वे अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। उनका सांसद अपने वायदे पर खरा उतरने वाला होना चाहिए। सांसद जुझारु होना चाहिए।



क्षेत्र की जनता को जन प्रतिनिधियों से आस होता है। जनता की समस्याओं को हर संभव समाधान करने के लिए क्षेत्र में सक्रिय रहना चाहिए। सड़क, नाली, पानी जैसी मुलभुत सुविधाओं को जनजन तक पहुंचाना चाहिए।

**जितेंद्र**



क्षेत्र में पक्की नाली व सड़क का अभाव है। पूर्व में ड्रेनेज के कारण कई गलियों को खोदा गया। लेकिन दुबारा सड़क का मरम्मत नहीं किया गया। क्षेत्र में सप्लाई पानी सुनिश्चत हो, ऐसा सांसद होना चाहिए।

**हितेश**



क्षेत्र में गंदगी का अंबार लगा रहता है। कूड़ेदान की समुचित व्यवस्था नहीं है। लोग खुले में कचरा फेंकने को मजबूर हो रहे हैं। ऐसा उम्मीदवार हो जो इन समस्याओं को दूर कर सके।

**किशन**



क्षेत्र में कोई सुंदर पार्क या मैदान नहीं है, जिसके अभाव के कारण बच्चों के खेलने का स्थान नहीं है। ऐसी व्यवस्था हो, जिससे खेल का मैदान व पार्क बन सके। हमारा सांसद बच्चों का भी ध्यान रखे।

**बीरवती**

# सुनील तेवतिया ने अलावलपुर में दौरा कर समर्थन मांगा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**इनेलो** लोकसभा प्रत्याशी सुनील तेवतिया को उस समय बड़ा बल मिला जब तेवतिया पाल के बड़े गांव अलावलपुर में पंचायत के दौरान मौजिज लोगों ने खुले समर्थन का ऐलान किया और अन्य गांवों में भी जाकर श्री तेवतिया के पक्ष में सहयोग करने का भी आश्वासन दिया।

इस पंचायत की अध्यक्षता पं. धर्मवीर मास्टर ने की। इस पंचायत में अलावलपुर गांव की आठों पट्टियों के प्रमुख मौजूद रहे। पंचायत में पंचों ने अपने मत रखते हुए कहा कि सीही गांव की अलावलपुर गांव से ही निकासी है और इनेलो सुप्रीमो चौ. ओमप्रकाश चौटाला और विधायक अभय चौटाला ने तेवतिया पाल का मान रखते हुए सीही गांव निवासी हमारे पूर्वज राजा नाहर सिंह के वंशज चौ. सुनील तेवतिया को लोकसभा की टिकट देकर चुनावी समर में उतारा है। ऐसे में अब हम सबका फर्ज बनता है सभी एकजुट हो और चौ. ओमप्रकाश चौटाला परिवार के मान-सम्मान के लिए लोकसभा प्रत्याशी सुनील तेवतिया को जीतने के लिए जोर-शोर से जुट जाए। उन्होंने कहा कि यूं तो राजा नाहर सिंह तेवतिया पाल के वंशज थे, लेकिन उन्होंने हमेशा ही छत्तीस बिरादरी को अपने साथ रखा। राजा नाहर सिंह परिवार ने हमेशा छत्तीस बिरादरी को मान-सम्मान दिया है। पंचायत में उपस्थित लोगों ने लोकसभा प्रत्याशी सुनील तेवतिया को फूल-माला पहनाकर अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर सुनील तेवतिया ने कहा कि वह हमेशा ही आप के मान-सम्मान का पूरा ख्याल रखेंगे। वहीं क्षेत्र के विकास में भी कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आज लोग महंगाई से परेशान है, पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार का आलम है। युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर उनकी सरकार बनी तो इन सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस से लोग दुखी आ चुके है। दोनों ही पार्टी बड़े प्रलोभन देकर लोगों को बहकाने का काम कर रही है। इनेलो की सरकार आते ही बुजुर्गों को छह हजार रूपये पेंशन, युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार दिया जाएगा। इस पंचायत में राजा राजकुमार तेवतिया, इनेलो के जिला कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र तेवतिया, वरिष्ठ नेता बच्चू सिंह तेवतिया आादि मौजूद थे।

# होंडा क्रिकेट क्लब ने वीकेंड वॉरियर्स क्रिकेट क्लब को 98 रन से हराया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**फरीदाबाद** मिक्स कॉर्पोरेट नाइट कप 2023-24 सेमी फाइनल मैच रविंदर फागना क्रिकेट भूमि ग्राउंड फरीदाबाद पर खेला गया। यह मैच होंडा क्रिकेट क्लब और वीकेंड वॉरियर्स क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। इस मैच में होंडा क्रिकेट क्लब ने वीकेंड वॉरियर्स क्रिकेट क्लब को 98 रन से हराया , यह मैच 20 ओवर का था और वीकेंड वॉरियर्स क्रिकेट क्लब ने पहले टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। होंडा क्रिकेट क्लब ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 214 रन का लक्ष्य दिया । होंडा क्रिकेट क्लब की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कर्मजीत सिंह ने 47 गेंदों पर 11 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 45 रन सिमरन ने 28 गेंदों पर 3 चौको और दो छक्कों की मदद से 42 रन बनाए। वीकेंड वॉरियर्स क्रिकेट क्लब की ओर से आरिफ खान ने चार ओवर में 46 रन बनाए।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




**नहीं सुनवाई होगी दीन फिर चुपचाप रो लेगा**
**वो अपने ज़ख़्म अपने आँसुओं से ख़ुद ही धो लेगा**
**कुबेरों के समर्थन में खड़े हों जब बड़े तो फिर**
**ग़रीबों, वँचितों के हक़ में आख़िर कौन बोलेगा**

# नामांकन की अधिसूचना जारी, पहले दिन नहीं आया कोई प्रत्याशी

## सचिवालय के बाहर कड़ी सुरक्षा का पहरा लगाया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद





**लोकसभा** आम चुनाव-2024 को लेकर 10-फरीदाबाद लोकसभा के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के अधिसूचना जारी करने के साथ ही आम चुनाव के लिए नामांकन का कार्य भी शुरू हो गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने अधिसूचना जारी करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायत के अनुसार हरियाणा प्रदेश की 10 फरीदाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी की गई। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार जारी की गई अधिसूचना के प्रारूप-1 में निर्वाचन की सूचना की एक-एक प्रति हिंदी व अंग्रेजी में आम जनता को सूचना के लिए व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए हैं।

अधिसूचना के अनुसार फरीदाबाद-10 लोकसभा क्षेत्र का सदस्य निर्वाचित होना है। इसके तहत प्रत्याशी निर्देशन पत्र रिटर्निंग अधिकारी-सहायक रिटर्निंग अधिकारी को छह मई 2024 तक अवकाश के दिन को छोड़कर कमरा नंबर 108 प्रथम तल, उपायुक्त न्यायालय कक्ष, लघु सचिवालय सेक्टर-12 फरीदाबाद में दिए जा सकते हैं। नामांकन पत्र समीक्षा के लिए कमरा नंबर 108 प्रथम तल उपायुक्त न्यायालय कक्ष सेक्टर-12 फरीदाबाद में सात मई 2024 को सुबह 11 बजे तक लिए जाएंगे। नामांकन वापस लेने की सूचना या तो अभ्यार्थी द्वारा या उसके किसी प्रस्थापक द्वारा या उसके निर्वाचन अभ्यार्थी द्वारा जो भी अभ्यार्थी द्वारा लिखित में प्राधिकृत किया गया है वह रिटर्निंग अधिकारी-सहायक रिटर्निंग अधिकारी उसके कार्यालय में नौ मई 2024 को दोपहर तीन बजे दे सकते हैं। निर्वाचन लड़े जाने की दिशा में 25 मई 2024 को प्रात: सात बजे से सांय छह बजे के बीच मतदान होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि सोमवार को नामांकन के पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने कोई नामांकन दाखिल नहीं किया। उन्होंने बताया कि पहले दिन तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र का प्रारूप प्राप्त किया है।

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा लक्ष्मी पुत्री वकिल मण्डल निवासी मकान नम्बर एम.सी.एफ.-295, भगत सिंह कॉलोनी, बल्लभगढ़, फरीदाबाद दिनांक 04.03.2024 को बिना किसी को बताये अपनी मर्जी से कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, कद 5 फुट 3 इंच बा उम्र 24 वर्ष है, जिसने ग्रे रंग का सूट व लैगी और पैरों में चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 166 दिनांक 14.03.2024 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक थाना शहर फरीदाबाद : 9582200132**
**ईन्चार्ज पुलिस चौकी चावला कॉलोनी, बल्लभगढ़ : 7982310484**
**ए.एस.आई. दर्शन लाल : 9811965516**

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा कृष्ण कुमार पुत्र कलवा निवासी गांव अटाली, थाना छायसा, फरीदाबाद दिनांक 25.04.2024 को घर से बल्लभगढ़, फरीदाबाद की कह कर गया था, जो अभी तक वापिस नहीं आया है, जिसका हुलिया रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, कद 5 फुट 7 इंच बा उम्र 29 वर्ष है, जिसने काले रंग की कमीज व स्लेटी रंग का लोअर और पैरों में स्लेटी रंग की हवाई चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 96 दिनांक 26.04.2024 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़के के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक थाना छायसा, फरीदाबाद : 9416633599**
**आई.ओ. / एच.सी. शहजाद : 7982310484**
**थाना लैण्ड लाईन : 0129-2209254**

# एमवीएन विवि की कार्याशाला में प्राकृतिक घटकों की उपयोगिता बताई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एमवीएन** विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर राजीव कुमार सिंगला असिटेंट रिसर्चर, वेस्ट चीन अस्पताल, सिचुआन, चीन ने डिमेंशिया के इलाज के लिए हाल ही में प्राकृतिक उत्पादनों के बढ़ते हुए प्रयोग पर प्रकाश डाला और उसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डीप मशीन लर्निंग के साथ जोड़ा। इसका शुभारंभ अतिथि प्रवक्ता डॉक्टर राजीव कुमार सिंगला, डीन डॉक्टर तरुण विरमानी, डायरेक्टर ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स नरेंद्र विवेक आहूजा ने द्वीप प्रवज्जलित करके सरस्वती वंदना के साथ किया। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स नरेंद्र विवेक आहूजा और डीन डॉक्टर तरुण विरमानी ने राजीव कुमार सिंगला को पौधा देकर सम्मानित किया। डॉक्टर राजीव सिंगला ने अपने विषय के बारे में बात करते हुए विश्व में डिमेंशिया के आंकड़ों के बारे में बताया और कहा की एशिया में डिमेंशिया के मामले सबसे ज्यादा हैं। उन्होंने डिमेंशिया के लिए प्रयोग में आने वाले प्राकृतिक घटकों की उपयोगिता के बारे में बताया और उसके लिए उन्होंने काफी कंप्यूटेशनल टूल्स का भी प्रयोग किया।



उन्होंने वहां पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों को रिसर्च करने और उसे प्रकाशित करने के लिए भी उत्साहित किया। विभाग के डीन डॉक्टर तरुण विरमानी और डायरेक्टर ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स नरेंद्र विवेक आहूजा ने भी इस विषय पर अपने विचार सांझा किए। विश्वविद्यालय के प्रबंधक संचालक कांता शर्मा, कुलाधिपति वरुण शर्मा, कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग, उप कुलपति डॉक्टर एन पी सिंह, कुलसचिव डॉक्टर राजीव रतन, डीन एकेडमिक डॉक्टर योगेंद्र सिंह ने इसकी सराहना की और कहा की विद्यार्थियों के ज्ञान को अद्यतन करने के लिए इस प्रकार के लेक्चर जरूरी हैं, जोकि विद्यार्थियों को हाल ही में चल रहे विषयों से अवगत कराता है।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी महेंद्र प्रताप भारी मतों से होंगे विजयी : हरेंद्र भाटी

### कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप ने आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**कांग्रेस** पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार महेंद्र प्रताप सिंह आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी के सेक्टर-21ए स्थित निवास पहुंचे और इंडिया गठबंधन सहित चुनावी रणनीति को लेकर चर्चा की। इस दौरान हरेंद्र भाटी ने महेंद्र प्रताप को कांग्रेस उम्मीदवार बनाए जाने पर उनका फूलों का बुक्का भेंटकर स्वागत किया और कहा कि वह इंडिया गठबंधन के फरीदाबाद में मजबूत प्रत्याशी है, जो कि एक सीट से बड़ी जीत दर्ज करेंगे। इस दौरान हरेंद्र भाटी ने चुनावी रणनीति को लेकर महेंद्र प्रताप से विचार विमर्श किया और कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी होने के नाते आम आदमी पार्टी पूरी तरह से चुनावी रण में उनके साथ रहेंगे और प्रत्येक कार्यकर्ता उन्हें विजयी बनाने के लिए दिन-रात एक कर देगा। श्री भाटी ने कहा कि गांव हो या शहर हर जगह भाजपा सरकार की नाकामियों की पोल जनता खोल रही है, लोग बेरोजगारी, मूलभूत सुविधाओं से वंचित है और यह 400 पार का राग अलापकर लोगों को गुमराह करने में लगे है।

श्री भाटी ने कहा कि जनता अब इनके झूठे प्रलोभनों में आने वाली नहीं और इंडिया गठंबधन के प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प ले चुकी है। इस मौके पर कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप ने कहा कि यह चुनाव भ्रष्टाचार बनाम ईमानदारी के बीच है, भाजपा ने दस सालों में जनता को महंगाई व भ्रष्टाचार की सौगात दी है, आज हर वर्ग इनकी जनविरोधी नीतियों से तंग है और बदलाव चाहता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग करके विपक्षियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है अरविंद केजरीवाल इसका जीवंत उदाहरण है, लेकिन इंडिया गठबंधन भाजपा की इस कृत्य के आगे कतई नहीं झुकेगा और जनता की आवाज को बुलंद करने का काम करेगा।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव इंडिया गठबंधन के साथ-साथ फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता के हकों का चुनाव है और जनता वोट की चोट से भाजपा सरकार को सत्ताविहिन करके इंडिया गठबंधन की सरकार चुनेगी। इस मौके पर श्री भाटी के साथ मुख्य रूप से भूपेंद्र नागर मौजूद रहे।

## फोन छीनकर खाते से निकाले 50 हजार

### युवक को मथुरा जाने के लिए बाइक पर दी थी लिफ्ट, नशीला पदार्थ सुंघाया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**नेशनल** हाईवे पर बाइक पर लिफ्ट देने के बहाने युवक को जंगल में ले जाकर नशीला पदार्थ सुंघा कर उससे लूटपाट की गई। लुटेरों ने पहले उसका मोबाइल फोन छीना और इसके बाद फोन पे का पासवर्ड पूछ कर खाते से 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। वे उसे अर्धचेत हालत में जंगल में छोड़कर फरार हो गए। कैंप थाना पुलिस ने युवक की शिकायत पर 2 अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

कैंप थाना प्रभारी दिनेश कुमार के अनुसार, जिला हाथरस (यूपी) के रसगवा गांव निवासी सुरजीत ने दी शिकायत में कहा है कि वह बिलासपुर से आया था और अपने गांव जाने के लिए केएमपी पुल के नीचे नेशनल हाईवे-19 पर खड़ा होकर सवारी का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान उसके पास एक व्यक्ति आया और उसने पूछा कि कहां जाओगे तो उसने कहा मथुरा जाना है, तो उसने कहा की उसे भी मथुरा जाना है।

उसके पांच मिनट बाद एक व्यक्ति बाइक पर आया और मेरे पास रोक कर पूछा कि मथुरा जाने में कितना समय लगेगा। उसी दौरान साथ में खड़े उक्त व्यक्ति ने कहा कि हमको भी साथ ले चलो हम आपको रास्ता बता देंगे। इसके बाद तीनों बाइक पर बैठकर मथुरा के लिए चल दिए, लेकिन वहां से आधा किलोमीटर आगे चलते ही बाइक को कच्चे रास्ते पर मोड़ दिया।

उसने मना किया कि इधर कोई रास्ता नहीं है तो उन दोनों व्यक्ति ने कहा कि चुपचाप बैठा रह। जिसके बाद कुछ आगे जाकर उन्होंने उसका मोबाइल फोन लूट लिया। विरोध करने पर धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपी उससे गूगल-पे व फोन-पे का यूपीआई पिन नंबर पूछा पासवर्ड नहीं बताने पर उसके साथ मारपीट की।

उसने डर की वजह से अपना पिन नंबर बता दिया। आरोपियों ने उसके बैंक खाते से सुमित व उदय सिंह नाम के दो व्यक्तियों के खातों में 50600 रुपए ट्रांसफर कर लिए और उसे जंगल में छोड़कर भाग गए। पीडित की हालत नशे की सी हो गई और चक्कर आने लगे, जैसे उसे कुछ सुंघा दिया हो। कुछ देर बाद जब वह होश में आया तो जैसे-तैसे अपने घर पहुंचा और परिजनों को पूरी वारदात के बारे में बताया।

# प्रबुद्ध व बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भाजपा** फरीदाबाद आर्थिक प्रकोष्ठ द्वारा भाजपा जिला कार्यालय 'अटल कमल' पर प्रबुद्ध एवं बुद्धिजीवी वर्ग का सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें फरीदाबाद के प्रबुद्ध व बुद्धिजीवी वर्ग के सैकड़ो वरिष्ठ और प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, कंपनी सेक्रेट्रीज, कॉस्ट अकाउंटेंट्स व अधिवक्ताओं ने नरेन्द्र मोदी जी की विकास की नीतियों आस्था दिखाते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक श्रीमती रश्मि खेत्रपाल, आर्थिक प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला संयोजक सी.ए. हरीश मंगला, जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगडा, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शोभित अरोड़ा व भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सीए हरीश मंगला के संयोजन में किया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने भाजपा का पटका पहनाकर प्रबुद्ध एवं बुद्धिजीवी जनों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई। राजकुमार वोहरा ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश का आर्थिक और सामाजिक विकास हुआ है, जिससे देश की जनता बेहद खुश और उत्साहित है। फरीदाबाद की जनता ने ठान लिया है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को भारी मतों से जीताकर तीसरी बार संसद में भेजेंगे और मोदी जी को तीसरी बार देश की सत्ता सौंपेंगे। आर्थिक प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक रश्मि खेत्रपाल ने कहा पिछले 10 वर्षों से भाजपा की डबल इंजन सरकार द्वारा सैंकड़ों जनहित और कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश-प्रदेश के गरीब, किसान, युवा और महिला को मजबूत करने का कार्य किया गया है और उनसे सम्बन्धित योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्र-उत्थान, युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने वाली आर्थिक नीतियों, राष्ट्र विकास की योजनाओं, जन कल्याणकारी योजनाओं, नारी सशक्तिकरण, गरीब कल्याण और सनातन संस्कृति की नीतियों आदि से प्रभावित होकर प्रबुद्ध एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोग लगातार एक कार्यकर्ता के रूप में पार्टी ज्वाइन कर रहे हैं।

## दलित लड़की से दुष्कर्म का प्रयास

**पलवल।** दबंग परिवार के एक युवक ने रात को गरीब परिवार के घर में घुस कर एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। युवती जाग गई, उसने विरोध किया तो जाति सूचक गालियां व धमकी देकर युवक फरार हो गया। मुंडकटी थाना पुलिस ने लड़की की मां की शिकायत पर नामजद आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास व एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मुंडकटी थाना प्रभारी सुंदरपाल के अनुसार, मुंडकटी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दी शिकायत में कहा है कि उसके पांच बच्चे है, रात में सभी घर में सो रहे थे। उसकी 13 वर्षीय बेटी अपनी दादी के पास चारपाई पर सो रही थी, उसी दौरान रात्रि के करीब 12 बजे लोकेश नाम का एक लडका उनके घर में घुस आया और बुरी नीयत से उसकी बेटी का मुंह दवा दिया। महिला ने बताया कि इसके बाद आरोपी ने उसकी बेटी के साथ गलत काम करने की कोशिश की। लड़की चिल्लाई तो आवाज सुनकर वह व उसकी सास उठ गए। उनको देखकर आरोपी उनके घर से भाग गया। शिकायत में कहा कि हम गरीब आदमी हैं और एससी जाति से संबंध रखते हैं। आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई कर हमें न्याय दिलाया जाए। शिकायत पर आरोपी लोकेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गर्मियों में अभ्यास के दौरान खिलाड़ी बरतें विशेष सावधानी : डॉ. राकेश कुमार



पायनियर समाचा सेवा। फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल की तरफ से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अस्पताल स्पोर्ट्स इंजरी एवं आर्थोपेडिक डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉ. राकेश कुमार मुख्य रूप उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि तपती धूप के साथ खिलाड़ियों में इंजरी होने की संभावना बढ़ गई है। आद्रत्ता अधिक होने के कारण इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस खराब होने की संभावना ज्यादा रहती है। ऐसा में थोड़ी सी लापरवाही स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है। खिलाड़ियों को लंबे समय तक अपने खेल से बाहर रहना पड़ सकता है। डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है। तापमान तेजी से तापमान बढ़ता जा रहा है।

ऐसे में खिलाड़ियों को अपनी कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है, क्योंकि तापमान बढ़ के साथ ही हिम्युडिटी बढ़ रही है, ऐसे में इन इलेक्ट्रो राइट बैलेंस बढ़ने की संभावना ज्यादा रहती है। जिससे इंजरी के चांस बढ़ जाते हैं। यदि खिलाड़ी बढ़े हुए तापमान में प्रैक्टिस करते हैं तो मसल्स क्रैम्प होने के साथ लिगामेंट इंजरी की संभावना अधिक बढ़ जाती है। इसलिए खेलते हुए दौड़ते हुए अपने शरीर में पानी की कमी न होने दें।

## बिना एनओसी के कर दी रजिस्ट्री, नायब तहसीलदार सहित छह पर केस

**फरीदाबाद।** बिना एनओसी के ही तहसील में रजिस्ट्री करने का मामला सामने आया है। जिला उपायुक्त कार्यालय से मिली शिकायत के बाद थाना सेंट्रल पुलिस ने नायब तहसीलदार सहित छह लोगों पर केस दर्ज किया है। आरोपियों में कंप्यूटर ऑपरेटर भी शामिल है। सेंट्रल थाने में दर्ज केस के मुताबिक एक प्रॉपर्टी को बुढ़ैना गांव निवासी लख्मी चंद ने रहीमपुर पलवल निवासी अजय कुमार से खरीदा था। आठ जनवरी 2024 को प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री की गई थी। इसकी जांच की गई तो उसमें जमीन का रकबा बसेलवा का था, लेकिन इसमें प्रॉपर्टी आइडी, प्रॉपर्टी नंबर व मालिक का नाम मिटाया गया था।

# अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई में फरीदाबाद प्रदेश में तीसरे स्थान पर

### आबकारी विभाग की कार्रवाई में अब तक 20 हजार लीटर से ज्यादा अवैध शराब पकड़ी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि जिला में अवैध शराब सप्लाई करने वालों के खिलाफ प्रशासन को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चेकिंग के दौरान 75 लाख रुपये मूल्य से अधिक की 10 हजार 500 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई है। इसके साथ ही अलग-अलग टीम में बनाकर अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई लगातार जारी है। आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी स्थान पर अवैध रूप से शराब की सप्लाई न हो इसके लिए आबकारी विभाग द्वारा छह स्थानों पर नाके लगाकर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत इससे पहले 8,447 लीटर अवैध शराब बरामद की गई थी। अब रविवार को की गई इस बड़ी कार्रवाई के बाद पकड़ी गई इस शराब का मूल्य एक करोड़ दो लाख रुपए हो गया है। वहीं जिला पुलिस ने भी अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 700 लीटर शराब पकड़ी है। हरियाणा में अवैध शराब के खिलाफ इस तरह की बड़ी कार्रवाई में फरीदाबाद जिला तीसरे स्थान पर पहुंच गया है

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लगने के बाद जिला में अवैध रूप से शराब सप्लाई करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा जिला में भाटी माईन मांगर, सूरजकुंड, बदरपुर बार्डर, दुर्गा बिल्डर के सामने, बसंतपुर और छांयसा में छह नाके लगाए गए हैं।

इन नाकों पर 8-8 घंटे के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि शनिवार रात को और रविवार को दिनभर चली कार्रवाई में चैकिंग अभियान के दौरान चैकिंग टीमों द्वारा 10 हजार 500 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। इस शराब का मूल्य 95 लाख रुपये आंका गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**पलवल।** रसूलपुर रोड़ पर स्थित केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में ओपन डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यालय में कक्षा-1 पृथ्वी से कक्षा नौवीं मेधस्विनी के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। नृत्य प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों को तीन भागों में विभाजित किया गया था। प्रथम प्रतियोगिता कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों के बीच आयोजित की गई। दूसरी प्रतियोगिता कक्षा तीसरी से कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों के बीच आयोजित की गई व तीसरी प्रतियोगिता कक्षा छठी से कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों के बीच आयोजित की गई थी। विद्यालय में सभी वर्गों के विद्यार्थियों ने अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थियों ने लोकगीत, भांगड़ा, हरियाणवी नृत्य, हालीवुड-बालीवुड मिक्स, फ्री स्टाइल आदि पर अपनी प्रस्तुति दी। विद्यालय में इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने व उन्हें एक नया मंच प्रदान करने के लिए किया गया था। प्रधानाचार्या ने इस प्रतियोगिता की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के हित में बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से न केवल विद्यार्थियों को सही मंच प्रदान करना है, बल्कि इससे उनके अंदर छुपी प्रतिभा में निखार भी आता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नम्रता कुंडू ने बताया कि इससे बच्चों मे आत्मविश्वास बढ़ता है एवं उनका हुनर निखरता है। उन्होंने सभी प्रतियोगी विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना की व उनके अभिभावकों को प्रतियोगिता में भागीदारी दिलवाने के लिए आभार व्यक्त किया।

### संस्था ने पर्यावरण पाठशाला का आयोजन किया



**पलवल।** मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति द्वारा कुलदेवी सती माता मंदिर काशीपुर में पर्यावरण पाठशाला का आयोजन किया गया। संस्था ने प्रकृति पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आशीष मंगला की अध्यक्षता में पौधारोपण व पक्षियों के लिए जलपात्र रख घोंसला भेंट किया। योग से लोगों को जोड़ रहे शक्तिपाल मंगला कॉर्डिनेटर ने जीवन में योग व आध्यात्मिक महत्व को बताते हुए योगाभ्यास कराया तथा सभी को अपने स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। संस्था संयोजक ग्रीन एम्बेसडर डॉक्टर आचार्य राम कुमार बघेल ने बताया कि लगातार पेड़ों की कमी से जल ओर प्राणवायु संकट गहराता जा रहा है। वृक्षों की कमी व बढ़ते प्रदूषण के कारण तापमान में बढ़ोतरी पशु-पक्षियों के जीवन को संकट में डाल रही है। शुद्ध हवा और पानी हमारे साथ सभी जीवों की मुख्य आवश्यकता है। हर व्यक्ति को पौधारोपण व इनके संरक्षण का संकल्प लेकर जल, जंगल और जमीन की रक्षा करनी चाहिए। प्रकृति सर्वेसर्वा है। प्रकृति पर्यावरण संरक्षण का संदेश हर घर तक पहुंचना आवश्यक है। कार्यक्रम समापन पर सभी को पौधे वितरण किए गए। इस अवसर पर मास्टर मानिकचन्द, मास्टर थानसिंह, तुषार मंगला सचिव, यशपाल मंगला पूर्व प्रधान आर्य समाज ने विचार रखे व अमरपाल, भूषण, नीलेश मंगला आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

### तकनीकी विकास के साथ रोजगारपरक शिक्षा समय की मांग



**पलवल।** एनजीएफ कॉलेज में जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस. के. तोमर के सानिध्य में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुद्दा शिक्षा के क्षेत्र में किस तरह से प्रगति कर सकते हैं तथा आपसी सहयोग से क्षेत्र के युवाओं का भविष्य किस तरह से बेहतर बना सकते हैं पर आधारित था। इस बैठक में सभी निदेशकों/ प्रिंसिपल तथा प्रमुख डीन ने हिस्सा लिया जिसमें उन्होंने अपनी अपनी राय बैठक में रखी। कुलपति एस.के.तोमर ने बताया कि तकनीकी विश्वविद्यालय में किस तरह से हम सहयोग से युवाओं को तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक शिक्षा देकर उनको समय की जरूरत के अनुसार तैयार कर सकते हैं । इस पर उन्होंने विशेष रूप से कौशल शिक्षा पर जोर देने को कहा तथा बेहतर सेंटर आफ एक्सीलेंस लैब स्थापित कर कॉलेज में युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कहा ।भारत को विश्व गुरु बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होती है और शिक्षा के क्षेत्र में निवेश किसी भी देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करता है। कॉलेज के सीईओ श्री अश्विनी प्रभाकर तथा प्रिंसिपल डॉ.शरद कौशिक ने सभी का स्वागत किया तथा धन्यवाद किया।

### जनरेटर में लगी आग से गोशाला एवं मंदिर में हड़कंप

**फरीदाबाद।** नीलम फ्लाई ओवर स्थित खाटू श्याम मंदिर के नजदीक एक जनरेटर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। घटना के समय मंदिर में सिर्फ पुजारी मौजूद था। इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। इसके बाद मौके पर टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। मंदिर में सेवा करने वाले प्रह्लाद का कहना है कि वह जब वहां से निकल रहे थे तो उन्होंने देखा की धुआं उठ रहा है। इसके बाद वे लोग मौके पर पहुंचे और आग पर पानी की बाल्टियों से भरकर डाला। साथ ही फायर ब्रिगेड और पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई। उन्होंने कहा कि पास में गाय की गौशाला भी बनाई हुई है। जब उन्होंने देखा की आग लग रही है तो उन्होंने उस पर पानी डाला और उसको बुझाने की कोशिश की। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। सामान का नुकसान हो गया है। सेक्टर 11 पुलिस चौकी इंचार्ज मोहित ने बताया कि उन्हें आग लगने की सूचना मिली थी। वे तुरंत बाद वे मौके पर पहुंचे और मुआयना किया। उन्होंने कहा कि जनरेटर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। छानबीन की जा रही है।

### सब्जी लेने गए युवक को शराब तस्कर बताकर धरा

**फरीदाबाद।** पल्ला थाना इलाके के अंतर्गत आने वाली नवीन नगर पुलिस चौकी में शनिवार रात लोगों ने जमकर हंगामा किया। लोगों का आरोप था कि पुलिस सब्जी लेने गए युवक व सड़क पर खड़े युवकों को पकड़ कर ले आई। चौकी में लाकर उनपर शराब तस्करी के आरोप लगाए जा रहे हैं। मामला बढ़ता देख डीसीपी सेंट्रल मौके पर पहुंची और किसी तरह मामला शांत हुआ। लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस अवैध शराब बेचने वालों को नहीं पकड़ती है। बल्कि शिकायत करने वालों को ही पकड़कर चौकी में बिठा लिया जाता है। स्थानीय निवासी बबीता ने बताया कि उनका बेटा बाजार में सब्जी लेने गया था। वहां से पुलिस उसे और कुछ अन्य लोगों को पकड़कर चौकी ले आई। मामले की जानकारी पाकर पकड़े गए लोगों के परिजन मौके पर पहुंचे और हंगामा खड़ा किया। लोगों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और सभी खुद की गिरफ्तारी देने को तैयार हो गए। डीसीपी सेंट्रल जसलीन कौर के आने के बाद पुलिस ने पकड़े गए सभी युवकों को छोड़ दिया। चौकी प्रभारी का कहना है लोग सरेआम झगड़ा कर रहे थे। इसके लिए पुलिस उन्हें चौकी में लेकर आई थी। कुछ देर बाद सभी को छोड़ दिया गया। तक उन्होंने राहत की सांस ली।

# गुरुग्राम में पहले दिन बीजेपी प्रत्याशी इंद्रजीत समेत दो ने दाखिल किया नामांकन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सोमवार** को लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही गुरुग्राम लोकसभा समेत हरियाणा में लोकसभा चुनावों के लिए नामांकन भरने शुरू हो गए। पहले दिन भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह समेत दो नेताओं ने नामांकन दाखिल किया। इंद्रजीत का नामांकन दाखिल कराने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहुंचे। इसके बाद सिविल लाइन क्षेत्र में राव इंद्रजीत सिंह की नामांकन जनसभा हुई। गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि नाम निर्देशन प्रक्रिया के पहले दिन कुल दो नामांकन शामिल है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी से राव इंद्रजीत सिंह व एक निर्दलीय उम्मीदवार फौजी जय कंवर त्यागी (दीक्षित) के नामांकन शामिल है। छह मई तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे, इस बीच 5 मई को रविवार का अवकाश रखा गया है। नामांकन पत्र की 7 मई को सुबह 11 बजे जांच होगी। 9 मई को दोपहर 3 बजे तक तक उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। इसके उपरांत 9 मई को ही दोपहर 3 बजे चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

नामांकन लघु सचिवालय स्थित डीसी कोर्ट रूम में लिए जा रहे हैं। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों और आवेदनों की जांच व अन्य सभी तैयारियों के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की गयी है। नामांकन का कार्य पूर्ण पारदर्शिता व चुनाव आयोग के निर्देशानुसार संपन्न करवाया जा रहा है। नामांकनों की जांच, सुरक्षा राशि सहित सभी कार्यों के लिए अलग-अलग अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशी को लघु सचिवालय के परिधि के अंदर केवल 3 गाड़िया लाने की अनुमति दी गयी है।


गुरुग्राम स्थित लघु सचिवालय में नामांकन दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह, साथ में हैं सीएम नायब सैनी।

# मैनें कभी ताकत का दुरुपयोग नहीं किया: राव इंद्रजीत


गुरुग्राम के सिविल लाइन क्षेत्र में अपनी नामांकन जनसभा को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**केंद्रीय** मंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मैनें कभी आप लोगों द्वारा दी गई ताकत का दुरुपयोग नहीं किया। आगे भी जो ताकत आप लोगों द्वारा दी जाएगी, उसका प्रयोग भी देश और प्रदेश की तरक्की के लिए होगा। यह बात उन्होंने सोमवार को यहां सिविल लाइन क्षेत्र में अपनी नामांकन जनसभा में बोलते हुए कही।

राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जो कार्य 10 सालों में नहीं करा पाया, वादा करता हूं कि अगले पांच सालों में पिछले 10 सालों की सारी कसर पूरी कर दूगा। राव इंद्रजीत सिंह ने सीएम नायब सैनी समेत तमाम भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का नामांकन के अवसर पर साथ देने के लिए शुकिया अदा किया। राव ने कहा कि मुझे इतनी खुशी है कि भाजपा के सभी नेता और कार्यकर्ता आज मेरे साथ है और मेरे लिए वोट मांग रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि 25 मई को पूरे जोश के साथ अपने मत का प्रयोग स्वयं भी करें और दूसरों से भी भाजपा के पक्ष में वोट डलवाएं। विपक्ष के उम्मीदवार के बारे में बोलते हुए राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि प्रतिद्वंदी को कभी भी कमजोर नहीं समझना चाहिए। युद्ध का मैदान हो या चुनाव का मैदान हो, पूरी तैयारी के साथ आना चाहिए। उन्होंने कहा कि 4 जून को जब चुनाव का परिणाम आए तो गुरुग्राम लोकसभा पूरे देश में जीत के मार्जिन के मामले में अव्वल होनी चाहिए।

### यह चुनाव देश के लिए अहम: डा. सुधा

भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्या एवं पूर्व सांसद सुधा यादव ने कहा कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है, बल्कि यह देश के लिए अहम चुनाव है। आज पिछले 10 सालों में भारत सही दिशा में चलने लगा है और विकास की राह देश ने पकड़ी है।

**राम को ठुकराने वालों को जनता ठुकरा देगी: रामबिलास**

पूर्व मंत्री एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामविलास शर्मा ने कहा है कि मेवात के अधिकांश लोग सूर्यवंशी और चंद्रवंशी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज तक गुरुग्राम से उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है। क्योंकि यह किसी की आंखों पर पट्टी बांधकर बलि का बकरा तैयार करती है।

### मेवात में खिलेगा कमल: जाकिर हुसैन

**पूर्व** विधायक जाकिर हुसैन ने दावा किया कि मेवात में कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और सांसद तथा प्रधानमंत्री के कार्यों से मेवात के लोग खुश हैं। जितना विकास कार्य पिछले 10 सालों में हुआ है, मेवात के लोगों ने कभी सपने में भी इतने विकास कार्य की बात नहीं सोची थी।

# जनता को कांग्रेस की झूठ और लूट की राजनीति से बचाना है : नायब सैनी


सिविल लाइन में बीजेपी प्रत्याशी की जनसभा को संबोधित करते सीएम नायब सैनी।


बीजेपी प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की नामांकन जनसभा में मंचासीन सीएम नायब सैनी, राव इंद्रजीत सिंह, डा. सुधा यादव व राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव।

### हार के डर से कांग्रेस को गुरुग्राम में नहीं मिल रहा प्रत्याशी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सोमवार** को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की नामांकन के लिए आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ खोखली नारेबाजी करती है। कांग्रेस के पास कहने और बताने के लिए कुछ भी नहीं है। कांग्रेस का काम सिर्फ विरोध करना रह गया है।

यहां सिविल लाइन क्षेत्र में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राव इंद्रजीत सिंह की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुग्राम के लोगों की समस्याओं का समाधान किया है। गुरुग्राम को बदला है। उन्होंने सभी लोगों से राव इंद्रजीत सिंह को 8 लाख से ज्यादा वोटों से जिताने का आग्रह किया।

कांग्रेस को घेरते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अब चुनाव में कांग्रेस फिर झूठ का सहारा ले रही है। जनता को कांग्रेस की झूठ और लूट की राजनीति से बचना है और बचाना है। 55 सालों से कांग्रेस ने देश के लोगों और किसानों के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गैस सिलेंडर के लिए लोगों को लाइन में खड़ा किया, लेकिन नरेंद्र मोदी ने लोगों के साथ न्याय किया। लाइन को खत्म करने का काम किया।

सैनी ने कहा कि पीएम मोदी ने देश को जोडने् का काम किया है। राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए नायब सैनी ने कहा कि 2014 में अमेठी की जनता ने राहुल गांधी को सबक सिखाया था। नायब सैनी ने कहा कि 2014 से पहले का गुरुग्राम भी देखा है और अब 2024 का गुरुग्राम भी सभी लोग देख रहे हैं। गुरुग्राम का कायापलट नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर राव इंद्रजीत सिंह ने किया है। उन्होंने कहा कि 2014 में गुरुग्राम से दिल्ली जाने में 4 घंटे का समय लगता था, लेकिन आज द्वारका एक्सप्रेस-वे के माध्यम से केवल 15 मिनट में दिल्ली पहुंच जाते हैं। गुरुग्राम से मुंबई जाने में पहले 40 घंटे लगते थे, लेकिन आज केवल 12 घंटे में मुंबई पहुंच जाते हैं। नायब सैनी ने एम्स का भी जिक्र करते हुए कि कहा कि रेवाड़ी में बनने वाले एम्स से उत्तर भारत के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे इस बात को सुनिश्चित करें कि कांग्रेस झूठ बोलकर लोगों का वोट न लेने पाए।

### इंद्रजीत को जीत की अग्रिम बधाई देकर मिठाई खिला गए सीएम नायब सैनी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अभी** चुनाव तो नहीं हुए हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की सभी 10 सीटों पर जीत के प्रति पूरी तरह से आश्वस्त है। गुरुग्राम में तो भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मिठाई खिलाते हुए जीत की अग्रिम बधाई दे दी। सोमवार को राव इंद्रजीत सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर नामांकन किया। सादगी के साथ उन्होंने गिनती के नेताओं के साथ लघु सचिवालय जाकर नामांकह्यन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी, इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव व कुछ अन्य नेता मौजूद रहे। इसके बाद सिविल लाइन क्षेत्र में नामांकन जनसभा की गई। अहीरवाल के भाजपा नेताओं ने एक मंच पर आकर राव इंद्रजीत सिंह की जीत के दावे किए। नेताओं ने यहां तक कहा कि जीत तो तय है, वोटों का अंतर देखना है कितना अधिक होगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी और राव इंद्रजीत सिंह जब एक साथ सोफे पर बैठे तो दोनों नेताओं की बॉडी लैंगवेज भी उनके आत्मविश्वास को दिखा रही थी। सीएम ने इंद्रजीत को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने मिठाई खिलाई।


गुरुग्राम में नामांकन के दौरान भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को मिठाई खिलाते मुख्यमंत्री नायब सैनी।

**मुख्यमंत्री नायब सैनी ने की माता शीतला की आरती** : सोमवार को गुरुग्राम पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राव इंद्रजीत सिंह के नामांकन में शामिल होने और नामांकन सभा से पहले स्वच्छता एवं आरोग्य की देवी माता शीतला के दर्शन किए। मुख्यमंत्री ने माता की पूजा और आरती की। मुख्यमंत्री ने अधिष्ठात्री देवी से हरियाणा की सभी 10 सीटों पर विजय प्राप्त कर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की मन्नत मांगी। मीडिया से बात करते हुए नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में गुरुग्राम सहित हरियाणा की जनता पूरा साथ देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राव इंद्रजीत सिंह की जीत मोदी जी को ताकत देगी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि हम सभी को विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए कमल के फूल का बटन दबाना है।

# भाजपा के एनजीओ प्रकोष्ठ का है विशेष महत्व: सीकरी


भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ कार्यकारिणी की पहली बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

### भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ कार्यकारिणी की राज्य स्तर पर पहली बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी के एनजीओ प्रकोष्ठ की राज्य स्तर की कार्यकारिणी की पहली बैठक रोहतक स्थित प्रदेश कार्यालय में संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, महामंत्री डॉक्टर अर्चना गुप्ता और प्रदेश संयोजक बोधराज सीकरी की अगुवाई में हुई।

इस बैठक में सभी जिलों के संयोजक, सह संयोजक और सदस्यों को आमंत्रित किया गया। बोधराज सीकरी के साथ उनके राज्य स्तर के सह संयोजक डॉ. डी.पी. गोयल और राजेश शर्मा एवं अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। डॉ. डी.पी. गोयल ने प्रारंभ में सभी का परिचय करवाया। बोधराज सीकरी का कथन था कि जीव और प्रकृति सभी की सेवा हेतु एनजीओ होते हैं। वंचित, असहाय और गरीब के लिए सेवा एनजीओ का कर्तव्य है। युवा को संस्कारित बनाने में भी एनजीओ एक साधन हो सकता है। गौरवशाली सनातन संस्कृति को प्रसारित करने का भी एनजीओ एक साधन है।

# बीएन ग्रुप ने न्यूट्रिका के साथ वेलनेस और फिटनेस ऑयल कैटेगरी में किया प्रवेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**खाने** वाला तेल बनाने वाली भारत की एक प्रमुख कंपनी, बीएन ग्रुप ने न्यूट्रिका नाम से एक नया ब्रांड लॉन्च करके वेलनेस और फिटनेस ऑयल कैटेगरी में कदम रखा है। न्यूट्रिका अभी शुरुआत में तीन प्रोडक्ट्स लेकर आया है जो क्रमश: न्यूट्रिका प्रो इम्युनिटी ऑयल, न्यूट्रिका प्रो एनर्जी ऑयल और न्यूट्रिका प्रो फिटनेस ऑयल हैं।



इन ऑयल्स में विटामिन सी है और यह भारतीय परिवारों की अलग-अलग खाने की आदतों को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। इनका मुख्य फोकस पूरे शरीर के स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती पर है। न्यूट्रिका के लॉन्च पर बोलते हुए, बीएन ग्रुप के सीईओ और एमडी अनुभव अग्रवाल ने कहा, इनोवेशन लाने में सबसे आगे रहना बीएन ग्रुप की पुरानी पहचान रही है। न्यूट्रिका का लॉन्च इसी वचनबद्धता को बताता है और यह ग्राहकों की बदलती पसंद के प्रति हमारी गहरी समझ को भी दर्शाता है। आजकल स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों की संख्या बढ़ रही है और वे ऑर्गेनिक व कोलेस्ट्रॉल-मुक्त विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। हमारा मानना है कि न्यूट्रिका इन जरूरतों को पूरा करने के लिए बिल्कुल तैयार है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनते नए ग्राहकों की बदलती खाने की आदतों को ध्यान में रखते हुए, हमारा लक्ष्य है कि 3 साल के अंत में इसका कारोबार 500 करोड़ रुपये तक पहुंच जाए। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत में खाने के तेल का बाजार 2023 में 24.7 मिलियन टन तक पहुंच गया था और 2024-2032 के दौरान इसके 1.35 फीसदी की कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) तक पहुंचने का अनुमान है। न्यूट्रिका का लॉन्च ब्रांड और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के बीच एक मजबूत कनेक्शन बनाता है जो विभिन्न प्रकार के कुकिंग ऑयल की तलाश में रहते हैं और एक स्वस्थ जीवनशैली जीना चाहते हैं। गांधीधाम, गुजरात की अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के साथ, न्यूट्रिका प्रो इम्युनिटी ऑयल, न्यूट्रिका प्रो एनर्जी ऑयल और न्यूट्रिका प्रो फिटनेस ऑयल, लॉन्च किए गए बाजारों - दिल्ली, चंडीगढ़, मुंबई और पुणे में सभी रिटेल मॉडर्न और जनरल स्टोर्स के साथ-साथ क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगे।

उन्होंने कहा, हम क्वलिटी के साथ कोई भी समझौता किये बिना, आधुनिक तकनीक और सबसे बढ़कर अपने उपभोक्ताओं की देखभाल को ध्यान में रखते हुए, बाजार के स्वरूप को बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रीमियम खाने के तेल बनाने के अपने गहरे अनुभव का लाभ उठाते हुए, हमें विश्वास है कि न्यूट्रिका पाक कला के क्षेत्र में ध्यान रखे जाने वाले मानकों को फिर से परिभाषित करने का काम करेगा।

# राव की जीत पक्की, बस देखना है जीत कितनी बड़ी होगी: गोयल

### 36 बिरादरी के सैंकड़ों लोगों के साथ राव के नामांकन में शामिल हुए नवीन गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सोमवार** को गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने नामांकन किया। उनकी नामांकन सभा में शामिल होने के लिए व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल साथी समर्थकों के साथ पहुंचे। मुख्यमंत्री नायब सैनी समेत कई बड़े नेताओं ने भी इस सभा में शिरकत की।

गुरुग्राम को विकास की नई दिशा देने वाले केंद्रीय राज्य मंत्री और गुरुग्राम लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राव इन्द्रजीत सिंह के नामांकन एवं जनसभा कार्यक्रम में सेंकड़ों साथियों के साथ शामिल होकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय संसदीय बोर्ड एवं चुनाव समिति की सदस्या डॉ. सुधा यादव, हरियाणा सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता रामबिलास शर्मा व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। नवीन गोयल ने कहा कि पुराना क्लब मैदान सिविल लाइन्स में आयोजित जनसभा में इतनी बड़ी संख्या में 36 बिरादरी के लोगों का उपस्थित होना राव इंद्रजीत सिंह की लोकप्रियता का प्रमाण है। हमें पूर्ण विश्वास है कि गुरुग्राम की जनता 25 मई को फिर से कमल खिलाकर राव इंद्रजीत सिंह को प्रचंड मतों से विजयी बनाएगी। मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए देश की जनता अबकी बार, 400 पार के संकल्प को पूरा करके मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद पर शोभायमान करेगी।


गुरुग्राम में सोमवार को भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत की नामांकन जनसभा में जुलूस निकालकर जाते नवीन गोयल।

# एल्विश यादव की अगुआई में केओ कोरिएन्स के चिराग नांगरू प्लेग्राउंड सीजन 3 के विजेता



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सात** रोमांचक सप्ताह के बाद, अमेजन मिनीटीवी का गेमिंग रियलिटी शो - प्लेग्राउंड सीजन 3 का अंतत: समापन हुआ। इसे रस्क मीडिया के साथ मिलकर प्रस्तुत किया गया था. जिसमें 'पी1गुं' को, जो कि केओ क्रैकन्स टीम के है, उनको विजेता घोषित किया गया. इसका नेतृत्व यूट्यूबर एल्विश यादव ने किया है।

उन्हें अल्टीमेट गेमर के रूप में ताज पहनाया गया। यह अनूठा रियलिटी शो भारत के विभिन्न हिस्सों से आए 16 माइक्रो-इन्फ्लुएंसर्स को विभिन्न चुनौतियों और खेलों में प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाया गया। ये सभी लाइव स्ट्रीम किए गए थे। गेमिंग और मनोरंजन जगत के चार सबसे बड़े नामों, कैरी मिनाती, उज्जवल चौरसिया उर्फ टेक्नो गेमर्स, नमन माथुर उर्फ मोर्टल, फुकरा इन्सान उर्फ अभिषेक मल्हान, और एल्विश यादव के मार्गदर्शन में, प्लेग्राउंड सीजन 3 ने मनोरंजन की सभी चीजों के लिए अंतिम गंतव्य के रूप में उभरा। सात हफ्तें की कठिन प्रतिस्पर्धा और रोमांचक मुकाबलों के बाद, प्लेग्राउंड सीजन 3 का समापन हुआ, जिसमें पी1गु उर्फ चिराग नांगरू को गेमिंग एंटरटेनमेंट किंग घोषित किया गया। उन्होंने अपनी यात्रा ओपी यूनिकॉर्न्स के साथ शुरू की थी, जिसका नेतृत्व मोर्टल कर रहे थे. लेकिन ट्रांसफर कार्ड का उपयोग करते हुए वह KO क्रेकेन्स में शामिल हो गए। युवा गेमर ने अपनी जीत के लिए 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक स्टाइलिश हीरो एक्सट्रीम 125 सीसी बाइक, और एक टेक्नो पोवा 6 पीआरओ 5 घर ले गए। ग्रैंड फिनाले में फाइनलिस्ट्स - हिमांशु, चिल गेमर और अभिनव के बीच एक रोमांचक प्रतियोगिता देखने को मिली। प्रसिद्ध गेमिंग वीडियो निर्माता स्काउट और टेक्नो गेमर्ज (उज्जवल चौरसिया) फाइनलिस्ट का उत्साह बढ़ाते नजर आए, जबकि सेलिब्रिटी जज उर्फी जावेद ने फिनाले एपिसोड में शामिल होकर मनोरंजन की ऊंचाइयों को बढ़ा दिया और प्रतियोगियों को प्रेरित किया। जीत की खुशी जाहिर करते हुए चिराग ने कहा, पिछले सीजन में प्लेग्राउंड में शामिल होने के बाद, मैं इस शो का एक बार फिर हिस्सा बनने के लिए उत्साहित था. गेमिंग मेरा जुनून है, और मैं अमेजन मिनीटीवी का आभारी हूँ कि उन्होंने गेमर्स के लिए एक मंच प्रदान किया ।

# किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी ने दिल्ली में एक्सक्लूसिव शोरूम का शुभारम्भ किया




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारतीय** आभूषण उद्योग में अग्रणी नाम किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने कबीर नगर, शाहदरा, नई दिल्ली में अपने विशेष शोरूम के उद्घाटन के साथ अपना रणनीतिक विस्तार जारी रखा है। यह किसना का दिल्ली में 5वां और पूरे भारत में 28वां एक्सक्लूसिव शोरूम है।

इस विस्तार के साथ, किसना देशभर में ग्राहकों को अद्वितीय शिल्प कौशल और कालातीत सुंदरता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करता है। शोरूम के भव्य शुभारंभ में हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया और किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी डायरेक्टर, पराग शाह मौजूद थे।

कबीर नगर, शाहदरा में फ्रेंचाइजी शोरूम का शुभारंभ किसना द्वारा अपने मार्केट का विस्तार और ग्राहकों पर केंद्रित विकास रणनीतियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चहल-पहल भरे इस शहर में अपनी उपस्थिति के साथ, किसना का लक्ष्य यहां के लोगों को पसंद के आभूषण उपलब्ध कराना तथा प्रतिस्पर्धी बाजार में अपनी जगह को अधिक मजबूती प्रदान करना है।

हरी कृष्णा ग्रुप के फाउंडर और एमडी घनश्याम ढोलकिया ने अपने इस एक्सक्लूसिव ब्रांड शोरूम की घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि कबीर नगर, शाहदरा, नई दिल्ली में हमारे विशेष शोरूम के उद्घाटन के साथ, हम नए अवसरों को भुनाने के लिए तैयार हैं, जिससे हमारी उपस्थिति और मजबूत होगी। हर घर किसना के विजन के साथ, हमारा लक्ष्य भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाला डायमंड ज्वेलरी ब्रांड बनना तथा हर महिला के हीरे के आभूषण खरीदने के सपने को पूरा करना है। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के डायरेक्टर, पराग शाह ने कहा, कबीर नगर, शाहदरा, नई दिल्ली में हमारे फ्रेंचाइजी शोरूम का लॉन्च किसना के सफर में एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह शोरूम स्थानीय लोगों की अलग-अलग पसंद और खरीदारी के तरीकों को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार किया है। कस्टमर ट्रेंड की अच्छी समझ के जरिये, किसना का लक्ष्य शाहदरा के ग्राहकों को पहली नजर में पसंद आने वाले प्रोडक्ट्स की पेशकश करना और व्यक्तिगत सेवाएं प्रदान करना है। किसना ने अपने व्यापार को बढ़ाने के अलावा, समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए कई सीएसआर गतिविधियां भी शुरू की हैं।

# सियाराम सेवा समिति ने भव्यता से किया तृतीय सुंदरकांड पाठ


तृतीय सुंदरकांड पाठ के दौरान सजाया गया दरबार।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**ढोलक** की थाप और संगीत के बीच जब राम नाम की धुन निकली तो चारों तरफ भक्ति का संचार हो गया। श्री हनुमान जन्मोत्सव (हनुमान जयंती) के उपलक्ष्य पर रविवार को शास्त्री नगर में आयोजित सुंदरकांड पाठ में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। राम नाम की धुन पर हनुमान भक्तों ने जमकर नृत्य करते हुए माहौल को भक्ति से सराबोर कर दिया।

इस मौके पर विधायक सोमदत्त भी भक्तों के बीच पहुंचे। उन्होंने बाबा की ज्योत का आशीर्वाद लिया। पार्षद मनोज जिंदल भी इस मौके पर पहुंच बाबा के दर्शन किए। सुंदरकांड पाठ में पंडित ब्रदर्स ने संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया। उन्होंने दोहों सहित सार को भी भक्तों को समझाया। सुंदरकांड वाचक आशुतोष वत्स और सचिन वत्स ने बताया कि बाबा के जन्मोत्सव के बाद आगामी रविवार को प्रतिवर्ष सुंदरकांड का आयोजन करते है। उन्होंने बताया कि बाबा से देश के सम्पूर्ण नागरिकों के हित की कामना की गई। इस दौरान भक्तों ने बाबा और उनकी ज्योत के दर्शन क्ियह्य ए और बाबा को प्रसाद चढ़ाया। हनुमान जी, भोलेबाबा और काली माता की मनोरम झांकियों के अलावा बाबा के भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां भी दी गई। श्याम बाबा के भजनों पर भक्तगण खूब झूमे।

# पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने चीफ इंजीनियर ने किया स्टेशनों का दौरा

**चीफ इंजीनियर ने मौके पर ही अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**


बूस्टिंग स्टेशन का निरीक्षण करते चीफ इंजीनियर विशाल बंसल।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गर्मी** के मौसम में निगम क्षेत्र में पेयजल की किल्लत नहीं हो, इसके लिए नगर निगम गुरुग्राम की आयुक्त ए. मोना श्रीनिवास ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे। निगमायुक्त द्वारा जारी निर्देशों की पालना में नगर निगम गुरुग्राम के चीफ इंजीनियर विशाल बंसल ने सोमवार को निगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न बूस्टिंग स्टेशनों का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ बूस्टिंग स्टेशनों का दौरा किया तथा मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि गर्मी के मौसम में पेयजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से रहे। इसके तहत अगर कहीं पर बूस्टिंग स्टेशन की मोटर या अन्य मशीनरी में कोई समस्या आती है, तो उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित हो। इसके साथ ही पेयजल आपूर्ति लाईनों में अगर लीकेज की शिकायत आती है तो उसे भी तुरंत ही ठीक करवाएं। उन्होंने कहा कि बूस्टिंग स्टेशन की सफाई व रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने बूस्टिंग स्टेशनों पर अतिरिक्त पंप सेट एवं मशीनरी की व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिए। चीफ इंजीनियर ने सेक्टर-45 व सेक्टर-46 बूस्टिंग स्टेशनों पर कर मौका-मुआयना किया। उन्होंने कहा कि कार्यकारी अभियंता सेक्टर-46 बूस्टिंग स्टेशन के पंप चैंबर को तुरंत दुरुस्त करवाएं। साथ ही वॉल को भी ठीक करवाएं। उन्होंने मौके पर ही उपस्थित ऑपरेटर को लॉगबुक मेनटेन करने के निर्देश भी दिए। वहीं कार्यकारी अभियंता हरीश कुमार ने भी अपने आवंटित क्षेत्रों में स्थित बूस्टिंग स्टेशनों का दौरा किया।

चीफ इंजीनियर ने बताया कि निगमायुक्त के निर्देश पर सभी कार्यकारी अभियंताओं से कहा गया है कि वे अपने-अपने डिवीजन में पूर्ण हो चुके, चल रहे तथा रूके हुए कार्यों की रिपोर्ट उन्हें भेजें। इसके साथ ही आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों को भी इस बारे में जानकारी दें। उन्होंने कहा कि जो कार्य रूके हुए हैं, उनका कारण भी रिपोर्ट में बताएं। उन्होंने कहा कि सभी कनिष्ठ अभियंता अपने-अपने वार्ड में प्रतिदिन दौरा करेंगे तथा आरडब्ल्यूए व नागरिकों से मिलकर उनकी शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी कनिष्ठ अभियंता शाम 4 बजे से पहले कार्यालय में नहीं बैठेगा। इसके साथ ही सभी सहायक अभियंता साप्ताहिक रूप से अपने-अपने वार्डों का निरीक्षण करेंगे तथा कार्यकारी अभियंता हर माह अपने डिवीजन से संबंधित रिपोर्ट सौंपेंगे।

# ईको कार पत्थर से टकराई चार की मौत, कई घायल


गांव करेवड़ी के पास दुर्घटनाग्रस्त ईको कार।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**पानीपत** के गांव सीख पाथरी माता मंदिर में माथा टेक कर वापस दिल्ली जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक तेज रफ्तार ईको कार सोनीपत के गांव करेवडी के पास पत्थर से जा टकराई। इस हादसे में कार के सवार एक तीन माह के बच्चे, 12 साल की बच्ची और दो महिलाओं की मौत हो गई, शुरुआती जांच में यह पता लग रहा है ये श्रद्धालु दिल्ली के शाहबाद डेयरी के रहने वाले है।

हादसे की सूचना मिलते ही सोनीपत डायल 112 की कई गाड़ियां और मोहाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को ईलाज के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। वही पुलिस इस हादसे की गम्भीरता से जांच में जुटी है। गोहाना-सोनीपत रोड पर गांव करेवड़ी के पास श्रद्धालुओं से भरी एक तेज रफ्तार ईको कार अचानक अनियंत्रित होकर एक पत्थर से जा टकराई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि इस हादसे में कार के सवार एक तीन माह के बच्चे, 12 साल की बच्ची और दो महिलाओँ की मौत हो गई। जबकि कई श्रद्धालु इस हादसे में घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और घायलों को ईलाज के लिए सिविल अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा आईटी सेल की टीम बेहतर कार्य कर रही है: बुसरी


पुष्पगुच्छ देकर मुख्यमंत्री का अभिवादन करते जतिन बुसरी।

**फिरोजपुर झिरका।** हरियाणा राज्य के 22 जिलों की नब्बे विधान सभा सीटों में जिला नूंह की टीम बेहतर कार्य कर रही है। जोकि भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा लॉच की गई नमो एप, सरल एप एवं संपर्क एप के माध्यमों से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया जा रहा है। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एप एवं अन्य तकनीकी माध्यमों से पार्टी की गतिविधियों पर कार्य कर रहें हैं और संगठन को मजबूत बनाने का कार्य कर रहे हैं। उक्त सभी जानकारी नूंह जिले के भाजपा आईटी सेल प्रभारी जतिन बुसरी ने दी। उन्होंने पुन्हाना में आयोजित मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी विजय संकल्प रैली कार्यक्रम में पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि सौ फीसदी तीनों विधान सभाओं में भाजपा का परचम लहराने जा रहा है। भाजपा का जन सैलाब मेवात में देखा जा रहा है। लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को मेवात की जनता का अपार जनसमर्थन मिलते देख दो लाख, बहत्तर हजार वोट का आंकड़ा पार करने जा रहा है। भाजपा के शासन में बिना पर्ची खर्ची के सरकारी नौकरी मिल रही है। 55 सालों में कांग्रेस ने मेवात के लोगों को लूटने का कार्य किया है, मोदी सरकार ही मेवात के लोगों का भला कर सकती है। जिस प्रकार विपक्ष की पार्टी अपना प्रत्याशी बनाने में इतना वक्त लगा रही है। वहीं भाजपा की रैली जनसभा एवं जनसंपर्क बड़ी तेजी से चल रहे हैं। भाजपा सरकार द्वारा मेवात क्षेत्र के लोगों को मिली जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने मेवात क्षेत्र में भाजपा का कुनबा बढ़ रहा है। अब लोग इसमें जुड़ने के लिए अपनी दिलचस्बी दिखा रहे हैं। उन्होंने बताया की हाल ही में चल रहे लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत को विजय बनाने के लिए भाजपा नूंह आईटी सेल की टीम तकनीशियनों, डिजाइनरों एवं पार्टी द्वारा तैयार की गई वांछित सामग्री से पूरा प्रचार प्रसार किया जाएगा और भाजपा सरकार की जान उपलब्धियों से लोगों को अवगत कराया जाएगा।

### मौजाबाद गांव में समाज उत्थान न्यास ने की काउंसलिंग क्लास



काउंसलिंग के दौरान मौजूद बच्चे, ग्रामीण व संस्था के सदस्य।

**गुरुग्राम।** समाज उत्थान न्यास के तत्वावधान में एवं समस्त ग्रामवासी मौजाबाद गांव, गुरुग्राम के सहयोग से 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं पास आउट, परिणाम के इंतजार में बैठे छात्रों के लिए काउंसलिंग क्लास का आयोजन किया गया। मौजाबाद गांव के शिव मंदिर में आयोजित इस आयोजन में काफी संख्या में ग्रामीण, छात्र-छात्राएं पहुंचे। समाज उत्थान न्यास काउंसिलिंग टीम की ओर से डिफेंस एवं बैंकिंग क्षेत्र से बुधराम सैनी, फाइनेंस क्षेत्र से कुलवंत सैनी, महावीर और गगन दीप ने मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में अपना वक्तव्य दिया। इस दौरान पूर्व सरपंच काबुल चंद, रामकिशन, बल्ली राम, देवेंद्र, चंदरभान, रामलाल सैनी, शुगन चंद, वेद प्रकाश, शिवदयाल, कृष्ण सैनी मौजूद रहे। सभी मोटिवेशनल स्पीकर ने बच्चों को उनके कैरियर संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें सही दिशा चुनने में किसी भी तरह से असमंजस की स्थिति में नहीं रहना चाहिए। फैसला चाहे थोड़ा देर से लें, लेकिन सोच-समझकर लें। माता-पिता से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों पर अपने सपने थोपें नहीं। उन्हें फ्री माइंड से अपने फैसले लेने के लिए स्वतंत्र छोड़ दें। अगर किसी भी तरह से कोई असमंजस की स्थिति होती भी है तो कांउसलर से संपर्क किया जा सकता है।

### स्वास्थ्य के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है नृत्य

**कुरुक्षेत्र।** भारत अकेला ऐसा देश है, जहां नृत्य शारीरिक गतिविधि नहीं बल्कि आध्यात्मिक मनोयोग है; इसलिए नृत्य को महायोग भी कहा गया है। नृत्य अपने आप में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। नृत्य करने से 70 से 80 फीसदी तक हृदय बिना और कुछ किए स्वस्थ रहता है और दो दर्जन आधुनिक जीवन शैली से जुड़ी बीमारियां जैसे चिंता, अवसाद, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एंजायटी और आस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियां आपके पास फटक भी नहीं सकती। यह जानकारी लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के हृदय एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाईं शैली ने विश्व नृत्य दिवस पर अस्पताल परिसर में रोगियों और उनके सहायकों को जागरूकता कार्यक्रम के तहत संबोधित करते हुए दी। इसी जागरूकता को लाने के लिए आधुनिक बेली डांस के जनक जीन जार्जेस नेवर के 29 अप्रैल, 1727 को हुए जन्म दिवस को विश्व नृत्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी सरोज, मीनू परूथी, रेखा, विख्यात लोक गायक विनोद शर्मा, सुनील अत्री, सुभाष, संदीप, मदन, वरिष्ठ असिस्टेंट अतुल शर्मा, विकास, राम मेहर शर्मा, राजीव आदि मौजूद थे।

# कबाड़े में लगी आग, चार घंटे बाद भी नहीं बुझ सकी


सोहना के गांव सतलाका में बना कबाड़ खाने में लगी आग।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**सोहना** के गांव सतलाका मे करीब दो एकड़ जमीन पर कवाड़े में भयंकर आग लगी है। आग को काबू पाने में पिछले चार घंटा से काबू करने का अग्निशमन विभाग कर्मी भारी मशक्कत करने में जुटे हैं। आग अभी तक काबू नहीं हो सकी है। आग लगने का कारण बिजली का शार्ट सर्किट होना मना जा रह है।


सोमवार को दोपहर बाद तीन बजे खंड के गांव सतलाका में बना दो एकड़ में कबाड़खाने में आग लग गई। पहले तो आग को वहा मौजूद मजदूरों ने काबू करने का प्रयास किया। लेकिन कबाड़े में प्लास्टिक और गत्ता अधिक होने के कारण बेकाबू हो गई। जिसकी सूचना सदर थाना सोहना पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना मिलने के करीब आधा घंटा में सोहना से अग्निशमन विभाग की एक के बाद चार गाड़ियां मौके पर पहुंची। लेकिन आग काबू न होता देख गुरूग्राम 6 और गाड़ियों को मदद के लिए बुलाया गया है। समाचार लिखे जाने तक आग को बूझाने का कार्य जारी है।

**मकान कराया खाली :** कबाड़ खाने के साथ बना मकान को अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों द्वारा खाली कराया गया। जिसे खाली कराने में ग्रामीणों ने भी मदद की। दमकल कर्मियों ने आग को मकान तक नहीं पहुंचने दिया है।

**बिजली शार्टसर्किट से लगी आग :** सदर थाना प्रभारी जगजीत सिंह ने बताया कि आग कबाड़े में बिजली का शार्टसर्किट होने से लगी। आग उत्तर प्रदेश निवासी जमाल द्वारा बनाया हुआ कबाड़ खाने में लगी है। जमाल क्षेत्र में बने वेयर हाउसों में से कबाड़ा खरीद कर लाता है। सूत्रों के अनुसार जमाल ने आग को लेकर किसी प्रकार की सुविधा पहले से जुटाई हुई नहीं है।

# नूंह के गांव बड़ेड़ में पेयजल को लेकर महिलाओं ने किया मटका फोड़ प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह



**नूंह** जिले के गांव बड़ेड़ में पेयजल किल्लत से परेशान महिलाओं ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए मटके फोड़े। लोगों ने कहा कि यह समस्या यहां पर कोई नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से चली आ रही है। गांव में खारा पानी होने के चलते लोग खरीदकर पानी पी रहे हैं।

जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक नल से पानी पहुंचाने के लिए करीब छह महीने पहले पाइप लाइन बिछाकर कनेक्शन किए गए और गांव में कई लाख रुपये की लागत से दो नए टैंक भी बनवाए गए। लेकिन आज तक न तो टैंक में पानी डाला गया है और न ही घरों में लगाए गए नलों से जल टपका है। लोगों का आरोप है कि कई बार अधिकारियों से इस संबंध में शिकायतें भी की गई, लेकिन फिर भी पानी नहीं पहुंच पाया।

ग्रामीण रहीश खान, आजाद, रुकसीना, असलम खान, इब्राहीम, फकरू, आयशा ने बताया कि उनके गांव में पानी की समस्या करीब दस साल से है। करीब एक वर्ष पहले जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा उनके गांव में जल जीवन मिशन के तहत लाइन बिछाकर घरों में टूंटी भी लगाई गई। लेकिन लोगों को पानी नहीं मिल सका। लोगों का कहना है कि गांव में एक टैंक तो साल 2005 में बनाया गया, दूसरा टैंक साल 2019 में और तीसरा साल 2023 में विभाग द्वारा बनवाया गया। लेकिन आज तक पानी किसी भी टैंक में नहीं आया है।

वहीं इस मामले को लेकर पब्लिक हैल्थ जेई वासुदेव राठौर का कहना है कि इस समस्या पर काम चल रहा है, जल्द लोगों को समस्या से छुटकारा मिलेगा। कुल मिलाकर विभाग ने पर्याप्त और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के नाम पर पानी की तरह करोड़ों रुपए बहाए, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही रहा।

# होटल पर ठंड़ी रोटी खिलाने के आरोप में नौकर की तोड़ दी नाक

**सोहना।** शहर के अंबेडकर बाईपास चौक पर ठंडी रोटी देने पर चार युवको ने होटल के नौकरों पर लात घूंसे बरसातें हुए एक नौकर की नाक की हड्डी तोड़ दी। झगडे में घायल तीन नौकरों को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहा से डॉक्टरों ने सभी घायलों को गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रविवार की रात करीब 8 बजे शहर के अंबेडकर बाईपास चौक पर बना लाल होटल के बाहर खड़ा युवक ने वहा शराब के नशा में आया अन्य युवक को होटल पर ठंडी रोटी खिलाने की शिकायत की। इसी बात को लेकर शराब के नशा में धुत युवक ने अपने तीन चार युवकों को और बुला लिया। सभी ने मिलकर होटल के नौकरों के लात घूसे मारना शुरू कर दिया। आरोपियों ने एक दूसरे के बचाव में आए नौकरों को जमीन पर गिरा गिरा कर पीटा। इस झगड़े में एक नौकर की नाक पर लगी चोट से हड्डी टूट गई। एक नौकर कि सिर फूट गया और तीसरे को हाथ-पैरों में चोट लगी। जिन्हें पहले स्थानीय नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां से डॉक्टरों ने सभी को सेक्टर 10 गुरूग्राम के लिए रेफर कर दिया। होटल मालिक विकास अरोड़ा नै बताया कि आरोपियों ने झूठा आरोप लगाते हुए झगड़ा करा है। सभी आरोपी शहर की ही शामलात कॉलोनी के निवासी है। जिनके खिलाफ शहर थाने में शिकायत दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**सीसीटीवी फुटेज :** पुलिस ने शिकायत मिलने पर होटल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को लेकर जांच करना शुरू कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मामला दर्ज नहीं कर सकी है। जानकार सूत्रों के अनुसार उक्त मामले को सामाजिक स्तर पर राजीनामा करने की कवायद शुरू हो गई है। जिसके लिए पुलिस से मामले दर्ज न करने के लिए समय मांगा गया है।

# प्रिंसिपल एडवाइजर शहरी विकास डीएस ढेसी ने विकास कार्यों की समीक्षा की

**मानेसर नगर निगम क्षेत्र में पानी, बिजली, सफाई और रोड नेटवर्क के बारे में की विस्तृत चर्चा**

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


मानेसर नगर निगम में विकास कार्यों पर अधिकारियों के साथ चर्चा करते हरियाणा शहरी विकास के प्रिंसिपल एडवाइजर डीएस ढेसी।

**हरियाणा** शहरी विकास के प्रिंसिपल एडवाइजर डीएस ढेसी ने सोमवार को नगर निगम मानेसर के कार्यालय में पहुंचकर निगम अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने नगर निगम की ओर से निगम क्षेत्र में दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं के बारे में भी विस्तृत चर्चा की। नगर निगम की ओर से करवाए जा रहे विकास कार्यों को लेकर गहन मंत्रणा करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी निगम अधिकारियों को दिए।

डीएस ढेसी ने नगर निगम आयुक्त अशोक कुमार गर्ग से निगम के वार्षिक बजट और खर्च के बारे में जानकारी ली। आयुक्त ने बताया कि नगर निगम की आय का मुख्य स्त्रोत प्रॉपर्टी टैक्स है। टैक्स से प्राप्त होने वाली राशि का एक बड़ा हिस्सा नगर निगम विकास कार्यों पर खर्च कर रहा है। मानेसर नगर निगम में 31 गांव है, जिनमें पीने योग्य पानी, सडक़, सीवर, सफाई और स्ट्रीट लाइटों का काम चल रहा है। लोगों की मांग के अनुरूप गांवों में सरकारी भवन पीएचसी, कम्युनिटी सेंटर, चौपाल, स्टेडियम, बैडमिंटन कोर्ट आदि बनवाए जा रहे है। आयुक्त ने बताया कि मानेसर नगर निगम के गांवों में पानी की सप्लाई ट्यूबवेल के माध्यम से की जा रही है। जीएमडीए से जल्द ही पर्याप्त पानी मिलने की संभावना है। जीएमडीए से पानी मिलने के बाद ट्यूबवेल पर निर्भरता कम हो जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि मानेसर नगर निगम में एचएसआईआईडीसी, हुडा, जीएमडीए आदि कई विभाग अपने-अपने अधीन क्षेत्रों में विकास के काम करवा रहे हैं। आईएमटी औद्योगिक क्षेत्र में सफाई और स्ट्रीट लाइट आदि का कार्य नगर निगम की ओर से करवाया जा रहा है।

बिल्डर एरिया में सफाई का जिम्मा भी नगर निगम के पास है। ढेसी ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 और द्वारका एक्सप्रेस-वे के साथ लगती सोसाइटियों में नगर निगम द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बैठक में उनके साथ नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त जितेंद्र कुमार, उप-निगम आयुक्त विजय नेहरा, एसई विजय ढाका, एक्सईएन तुषार यादव, नवीन धनखड़, एसडीओ विपिन बूरा, अकाउंट्स ऑफिसर प्रवीन सैनी और टैक्स सुपरिडेंट उदय कुमार मौजूद रहे।

### ब्रह्माकुमारीज ने नशा मुक्ति के लिए किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय माउंट आबू से चली नशा मुक्ति अभियान रथ यात्रा का धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के विश्व शांति धाम में पहुंचने पर केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। यहां राजयोगिनी सरोज दीदी के मार्ग दर्शन में यह रथ यात्रा विभिन्न स्कूलों, कालेजों, गांवों में जन-जन को जागृत करने के उद्देश्य से सेवा कार्य करेगी। इसी मुहिम के तहत राजकीय उच्च विद्यालय दबखेड़ी में पहुंचने पर बच्चों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत अभिनंदन किया। बी.के विद्या बहन ने बताया कि छोटे-छोटे प्रयास ही मिल कर बड़ा कार्य करते हैं। एक व्यक्ति बदलेगा, तो परिवार बदलेगा। सबसे पहले बच्चों को कुंभकरण की झांकी दिखाई गई, जिसके द्वारा संदेश दिया गया कि पहले हम जागेंगे, फिर औरों को जगाएंगे अर्थात अज्ञानता की नींद से जागने का संदेश दिया।

**पायनियर क्लासीफाइड**

**नाम परिवर्तन**

I, Bhupender S/o Harchan Singh R/o D-28, New Housing Board Colony, Palwal, have changed my name to Bhupender Singh.

I, Vatika W/o Anil Gulati R/o House No. 2C/60, NIT Faridabad, have changed my name to Vatika Malik.

I, Om Parkash S/o Sh. Chander Bhan R/o 1202, D1, Puri Prayanam, Sector-82,85, Faridabad, have changed my name to Om Parkash Adlakha S/o Chander Bhan Adlakha.

**बेदखल सूचना**

मैं, श्री भगवान पुत्र श्री धर्म सिंह निवासी मकान नम्बर 249, सफियाबाद पाना, पापोसियान, सोनीपत अपनी लड़की दिशा को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं, ये मेरे कहने-सुनने से बाहर है। भविष्य मे इससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

मैं, श्रीमति किरणवती पत्नी स्वर्गीय श्री मदन लाल निवासी ग्राम बामनीखेडा, तहसील व जिला पलवल बयान करती हूं, कि मेरा पुत्र सुन्दर शर्मा व पुत्रवधु दुर्गेश पत्नी श्री सुन्दर शर्मा मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं तथा हमसे रोजाना लडाई-झगडा करते हैं, इसलिए मैं अपने पुत्र सुन्दर शर्मा व पुत्रवधु दुर्गेश को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में इन दोनों से लेन या व्यवहार आदि रखने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व परिवार के अन्य किसी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के अन्य किसी सदस्य का इन दोनों से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

# डेरा सच्चा सौदा का 76वां रूहानी स्थापना दिवस मनाने उमड़ी साध-संगत

**गुरु जी ने 19वां रूहानी पत्र भेजकर दी रूहानी स्थापना दिवस के एमएसजी भंडारे की बधाई**

**गुरु जी ने शुरू करवाया 163वां मानवता भलाई कार्य**



सोमवार को डेरा सच्चा सौदा के 76वें रुहानी स्थापना दिवस पर उमड़ी साध-संगत।

**पायनियर समाचार सेवा।** सिरसा

**सर्वधर्म** संगम डेरा सच्चा सौदा का 76वां रूहानी स्थापना दिवस का शुभ भंडारा सोमवार को शाह सतनाम-शाह मस्तान जी धाम व मानवता भलाई केंद्र डेरा सच्चा सौदा सिरसा में बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खराब मौसम और दिनभर बूंदा-बांदी के बीच पावन भंडारा मनाने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी तादाद में साध-संगत ने भाग लिया।

इस दौरान डेरा सच्चा सौदा की ओर से किए जा रहे 162 मानवता भलाई कार्यों को गति देते हुए क्लॉथ बैंक मुहिम के तहत जरूरतमंद बच्चों को कपड़े वितरित किए गए। भंडारे की खुशी में पूज्य गुरु जी द्वारा भेजा गया 19वां रूहानी पत्र (चिट्ठी) साध-संगत को पढक़र सुनाया गया। जिसे सुनकर साध-संगत भाव-विभोर हो गई। चिट्ठी के माध्यम से पूज्य गुरु जी ने सर्वप्रथम साध-संगत को स्थापना दिवस के एमएसजी भंडारे की बधाई और आशीर्वाद दिया। साथ ही डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत द्वारा किए जा रहे 162 मानवता भलाई कार्यों की फेहरिस्त में एक कार्य और जोड़ दिया है। जिसका नाम है-पालतु संभाल, यानी पालतु पशुओं को आवारा नहीं छोड़ेंगे। उपस्थित साध-संगत ने अपने दोनों हाथ खड़े कर पालतु संभाल कार्य करने का प्रण लिया। इस दौरान पूज्य गुरु जी ने साध-संगत को आशीर्वाद देते हुए फरमाया कि परम पिता एमएसजी आपके घर (शरीर) व परिवार को खुशियां दे और परिवार का आपस में प्यार बढ़े। साथ ही साध-संगत द्वारा किए जा रहे मानवता भलाई कार्यों के लिए उनका हौसला बढ़ाते हुए पूज्य गुरु जी ने लिखा कि आप सब जैसे सृष्टि भलाई के कार्य दिन-रात करते रहते हैं। वो जज्बा कमाल का है और इसे बढ़ाए, कम ना होने दें। कविराजों ने भक्तिमय भजनों से सतगुरु की महिमा का गुणगान किया। बाद में सत्संग पंडाल में लगाई गई बड़ी-बड़ी एलईडी स्क्रीनों द्वारा साध-संगत ने पूज्य गुरु जी के अनमोल वचनों को एकाग्रचित होकर श्रवण किया। पूज्य गुरु जी ने फरमाया कि साईं जी का लगाया गया वो बीज सच्चा सौदा आज वट वृक्ष बन चुका है। पूरी दुनिया में लोग राम-नाम गाने लगे है।

नशा छोडने, बुराईयां छोडने और अपनी टूटी तार फिर से राम-नाम से जोडने के लिए लोग सच्चे सौदे में आते हैं तथा मालिक से यही दुआ है कि राम-नाम से उनकी तार फिर से जुड़ जाए और उनको वो दातार (परम पिता परमात्मा) फिर से मिल जाए। पूज्य गुरु जी ने साईं दाता रहबर के दया मेहर के बारे में बताते हुए कहा कि आज घोर कलियुग है। उनके वचन है कि इस जलते-बलते भट में भगवान का नाम ऐसे काम करता है जैसे तपती हुई रेगिस्तान की धरती पर रिमझिम बरसात होने लग जाए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# मणिपुर की स्थिति
## आरोप निराधार

**मणिपुर में अधिकारों के कथित उल्लंघन** पर भारत ने अमेरिका की रिपोर्ट को 'अत्यधिक पूर्वाग्रही' बताया है। अमेरिका द्वारा भारत पर खासकर मणिपुर में मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप लगाने के फौरन बाद भारत ने कठोरता से उसकी विदेश विभाग की रिपोर्ट की आलोचना की है। भारत सरकार ने रिपोर्ट को 'अत्यधिक पूर्वाग्रही' बता कर खारिज करते हुए कहा है कि इसमें 'जमीनी यथार्थ के प्रति व्यापक गलतफहमी' स्पष्ट रूप से दिखती है। भारत ने अमेरिका को उसके अपने देश में मानवाधिकारों की स्थिति पर आईना दिखाते हुए अमेरिका में भारतीय छात्रों की हालिया हत्याओं पर अमेरिकी प्रशासन की प्रतिक्रिया पर सवाल उठाए हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी विदेश विभाग की रिपोर्ट की प्रकृति को 'अत्यधिक पूर्वाग्रही' बताते हुए कहा कि रिपोर्ट मणिपुर की स्थिति को भ्रामक तरीके से पेश करते हुए अपनी सीमाओं के भीतर मानवाधिकार मुद्दों को संबोधित करने के भारत के प्रयासों के प्रति 'समझदारी की कमी' प्रदर्शित करती है।

रिपोर्ट केवल मणिपुर तक सीमित नहीं है और उसमें अन्य मुद्दों को भी शामिल किया गया है जिन्होंने संभवत: निकट अतीत में भारतीय लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाया है। अमेरिकी विदेश विभाग की रिपोर्ट में भारतीय आयकर अधिकारियों द्वारा ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कार्पोरेशन–बीबीसी के कार्यालयों पर मारे गए छापों का उल्लेख है। आरोप लगाया गया है कि इन छापों का विस्तार पत्रकारों तक किया गया, जबकि उनका संगठन के वित्तीय मामलों से कोई लेनादेना नहीं था। अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सरकार ने बीबीसी–निर्मित डाक्यूमेंट्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए आपातकालीन अधिकारों का प्रयोग किया।



रिपोर्ट में स्थानीय मानवाधिकार संगठनों व अल्पसंख्यक राजनीतिक पार्टियों के सरोकारों तथा हिंसा के प्रति सरकार की कथित 'विलंबित प्रतिक्रिया' और मणिपुर में उपयुक्त मानवीय सहायता उपलब्ध कराने में विफलता से प्रभावित समुदायों का भी उल्लेख है। इसमें सिविल सोसाइटी संगठनों, सिख व मुस्लिम जैसे धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों तथा राजनीतिक विपक्षी समूहों के खिलाफ दुष्प्रचार रणनीतियों के उदाहरण दिए गए हैं। अमेरिकी रिपोर्ट पर भारतीय प्रतिक्रिया प्रशंसनीय है, जो भारतीय संप्रभुता की सीमाओं की रक्षा करते हुए यह संदेश देती है कि किसी देश को भारत के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप का अधिकार नहीं है। पिछले दशक में भारत सरकार ने लगातार सुनिश्चित किया है कि कोई अन्य देश भारत के आंतरिक मामलों पर अनावश्यक टिप्पणी न करे। उसने अपनी रणनीतियों से यह भी स्पष्ट कर दिया है कि भारत अपनी 'घरेलू नीतियों' के बारे में किसी अन्य देश या संगठन के दबाव में आने वाला नहीं है। अमेरिकी विदेश विभाग की रिपोर्ट पर भारत की प्रतिक्रिया अपनी संप्रभुता की रक्षा तथा यह सुनिश्चित करने के लिए है कि मानवाधिकारों का सम्मान करने के देश के प्रयासों का सही अंतरराष्ट्रीय आकलन हो। भारत ने लगातार कहा है कि वह अपने जीवंत कानूनी ढांचे तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के माध्यम से मानवाधिकार उल्लंघन के किसी वैध सरोकार को संबोधित करने के लिए तैयार है। पिछले दशक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है और अब अधिकांश देश भारत के प्रति 'निहित स्वार्थी' संगठनों अथवा 'राजनीति प्रेरित' पूर्वाग्रही टिप्पणियों पर ध्यान नहीं देते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय को भी सोचना चाहिए कि ऐसी रिपोर्ट जारी करने से पहले उसे शानदार द्विपक्षीय संबंधों को देखते हुए भारत से समुचित संवाद करना चाहिए था।

# लोकसभा चुनाव में एआई की भूमिका

व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं तक पहुंचने के साथ डीपफेक वीडियो तक, आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस–एआई का प्रभाव स्पष्ट है। इससे नई खोजें तथा नैतिक आयाम प्रभावित हो सकते हैं।



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



वर्तमान लोकसभा चुनाव में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस–एआई के प्रभाव को लेकर चिंता का माहौल है। व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं तक पहुंचने के साथ डीपफेक वीडियो तक, आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस–एआई का प्रभाव स्पष्ट है। इससे नई खोजें तथा नैतिक आयाम प्रभावित हो सकते हैं। आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस–एआई को 2024 के लोकसभा चुनाव में 'गेम चेंजर' माना जा रहा है। इसने चुनाव अभियान की परंपरागत रणनीतियों में क्रांतिकारी परिवर्तन किया है। भारत के बदलते परिदृश्य में लगातार चुनाव प्रचार के तरीकों में व्यापक परिवर्तन आया है। वह युग बीत गया जब विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवार मतदाताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए उनके घरों तक जाते थे तथा चाय पीने के दौरान विभिन्न मुद्दों पर उनसे बातचीत करते थे, लेकिन पिछले पांच साल में ही अब राजनीतिक पार्टियां और उनके उम्मीदवार तकनीकी रूप से ज्यादा उत्कृष्ट तरीके अपनाने लगे हैं। सोशल मीडिया ने 2014 के लोकसभा चुनाव में केंद्रीय भूमिका निभाई थी। लेकिन एआई के आविष्कार तथा 'डीपफेक वीडियो' का संभावित प्रयोग भारत में 2024 के लोकसभा चुनाव में 'गेम चेंजर' साबित हो सकते हैं। डीपफेक वीडियो सच और झूठ के बीच विभाजक रेखाओं को धुंधला कर सकते हैं। चिन्ता की बात है कि ऐसे वीडियो व अन्य तकनीकों से चुनाव प्रक्रिया में मतदाताओं के विश्वास और उनकी निष्ठा पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। इस प्रकार वर्तमान लोकसभा चुनाव में एआई के संभावित उपयोग व दुरुपयोग पर गंभीर नजर रखते हुए सभी संबंधित पक्षों को पूरी सावधानी बरतनी होगी।

राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों ने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले ही एआई की शक्ति समझ ली है। वे एआई का प्रयोग मतदाताओं का डेटा विश्लेषण के लिए कर रहे हैं, जिससे उनको प्रभावी चुनाव प्रचार रणनीतियां बनाने में सहायता मिलती है। इसके साथ ही एआई–संचालित 'चैटबोट' व 'वर्चुअल असिस्टेंट' का प्रयोग सोशल मीडिया पर मतदाताओं से संपर्क करने, उनके सवालों का फौरन जवाब देने तथा उनके सरोकारों को संबोधित करने के लिए किया जा रहा है। एआई तकनीक का प्रयोग अनेक प्रकार से चुनाव प्रक्रियाओं में सहायता कर सकता है। इसके साथ ही एआई चुनाव नतीजों का पूर्वानुमान भी कर सकता है। एआई–संचालित चैटबोट और वर्चुअल असिस्टेंट वर्चुअल मीडिया से सीधे संवाद कर सकते हैं। इसके साथ ही एआई चुनाव में धोखाधड़ी पर विराम लगाने के साथ ही राजनीतिक विज्ञापन अभियानों को भी स्वरूप दे सकते हैं।

इस प्रकार वे वित्तीय रूप से आदर्श चुनाव संहिता का उल्लंघन भी कर सकते हैं। विभिन्न राजनीतिक पार्टियां अब व्यक्तिगत मतदाताओं से संपर्क करने के लिए अपने मीडिया सेलों को परिष्कृत रूप दे सकती हैं। इसके साथ ही वे एआई के माध्यम से अपने प्रतिद्वंद्वियों की छवि खराब करने का काम भी कर सकती हैं। भारत में आज देश की 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या इंटरनेट का प्रयोग करती है। वर्ष 2025 तक इंटरनेट प्रयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ कर 900 मिलियन तक पहुंच सकती है। इस प्रकार भारत के वर्तमान और भावी चुनाव लगभग 500 करोड़ रुपये का बाजार बनाएंगे। भारत की राजनीतिक पार्टियां सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंचने के लिए एआई का प्रयोग कर रही हैं। कांग्रेस और भाजपा ने पिछले साल हुए राज्य विधानसभा चुनावों में भी एआई का प्रयोग किया था। इसके चलते पहली बार राजनीतिक प्रचार अभियानों में फर्जी वीडियो व पैरोडियो का प्रयोग किया गया था। भाजपा, कांग्रेस, आप, द्रमुक व अन्नाद्रमुक ने अपने समर्थकों से संपर्क करने तथा उनको उपयुक्त जानकारियों से लैस करने के लिए एआई का प्रयोग किया है। उदाहरण के लिए, भाजपा ने एआई के प्रयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों का आठ क्षेत्रीय भाषाओं में त्वरित अनुवाद किया, लेकिन एआई की क्षमताओं को देखते हुए कुछ चुनाव अभियानों में कुछ अभियानकर्ताओं ने एआई–निर्मित वीडियो का दुरुपयोग भी किया जिनमें डीपफेक वीडियो शामिल हैं। इन तकनीकों का प्रयोग भ्रामक सूचनायें फैलाने के लिए किया गया। इन भ्रामक वीडियो से 18–25 वर्ष आयुवर्ग वाले युवाओं को निशाना बनाया गया और इनका साझा वाट्सएप जैसे प्लेटफार्मों पर किया गया। भारत में राजनीतिक पार्टियां पहले से ही मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए अनेक उपकरणों का प्रयोग करती रही हैं। वे सोशल मीडिया पर फर्जी छवियां और वीडियो प्रचारित करती हैं। उदाहरण के लिए, कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक भ्रामक तस्वीर साझा की। इसी प्रकार भाजपा ने इंस्टाग्राम पर राहुल गांधी का एक फर्जी वीडियो पोस्ट किया। तमिलनाडु में द्रमुक व अन्नाद्रमुक ने इस चुनाव में मतदाताओं का समर्थन प्राप्त करने के लिए अपने मृत नेताओं की रिकार्डिंगों का प्रयोग किया। यहां तक कि कम्युनिस्ट पार्टियों ने भी अपने चुनाव अभियानों में एआई तकनीक का प्रयोग किया। एक वीडियो में आल इंडिया मजलिसे इत्तिहादुल मुसलमीन–एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी को हिंदू भक्ति गीत गाते दिखाया गया। मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए अनेक क्षेत्रीय नेताओं ने भी एआई तकनीकों का प्रयोग किया। इनमें अखिलेश यादव, नवीन पटनायक और ममता बनर्जी शामिल हैं।

आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस–एआई का दुष्टतापूर्ण व आपराधिक उद्देश्यों के लिए प्रयोग करना गंभीर चिंता का विषय है। उत्कृष्ट एआई के माध्यम से अब किसी व्यक्ति की नकल करना बहुत आसान हो गया है, जिसमें मतदाता व राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवार शामिल हैं। इस प्रकार चुनाव प्रक्रिया में सेंध लगाना तथा छेड़छाड़ करना भी संभव हो गया है। एआई के बढ़ते उपयोग तथा इसके दुरुपयोग की संभावनाओं को देखते हुए स्वच्छ व पारदर्शी चुनाव प्रक्रियायें सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट नियम–विनियम बनाने की आवश्यकता पहले के किसी भी समय की तुलना में ज्यादा जरूरी हो गई है। इससे दर्शकों को संभावित खतरों के प्रति सावधान किया जा सकता है। इसके साथ ही विभिन्न राजनीतिक पार्टियों द्वारा मतदाताओं को संबोधित करने का तरीका भी महत्वपूर्ण हो गया है। इस पर व्यापक व कठोर निगरानी रखना जरूरी है। राजनीतिक अभियानों में एआई के प्रयोग से निजता के उल्लंघन, संभावित असमान प्रतियोगिता तथा दुष्प्रचार की आशंकाओं के बारे में चिंतायें पहले के किसी भी समय की तुलना में गहरी हुई हैं। इसलिए आज पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट नियमों–विनियमों का क्रियान्वयन होना चाहिए।

सरकारों को चुनाव प्रक्रिया में न्याय व पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एआई–नियमन की दिशा में नेतृत्वकारी भूमिका अदा करनी होगी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने पहले ही सोशल मीडिया कंपनियों को स्पष्ट चेतावनी दी है। इससे मतदाताओं में चुनाव प्रक्रिया की सुरक्षा और निष्ठा के बारे में मतदाताओं में विश्वास पैदा हुआ है। चुनाव आयोग को 2024 लोकसभा चुनाव में एआई–सृजित सूचनाओं के नियमन के बारे में स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने चाहिए। इन दिशानिर्देशों में चुनाव प्रचार अभियानों तथा मतदाताओं के डेटा विश्लेषण में एआई के नैतिक प्रयोग पर जोर दिया जाना चाहिए। चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता व निष्ठा सुनिश्चित करने के लिए कठोर नियम बनाए जाने जरूरी हैं। इन नियमों में मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए पूरी चुनाव प्रक्रिया में न्याय व पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाना चाहिए। इन नियमों के बिना चुनाव परिणामों की वैधता पर भी सवाल उठ सकते हैं।

जहां एआई के बारे में वैध चिंतायें हैं, वहीं यह स्वीकार करना भी जरूरी है कि यह सकारात्मक परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण है। कुछ एआई–सृजित तकनीकों में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने की क्षमता है। तकनीकों की व्यापक स्वीकार्यता के साथ ही वे ई–चुनाव का रास्ता खोल सकती हैं। इस प्रकार भीवष्य में आनलाइन चुनाव के साथ ही पारदर्शी व जवाबदेह चुनाव प्रक्रिया सामने आ सकती है। इस सकारात्मक परिवर्तन की संभावना आशा और उम्मीद पैदा करती है तथा मतदाताओं को भावी चुनावों के बारे में आश्वस्त करती है।

# सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में पारस्परिक सहयोग

"अब समय आ गया है कि अपनी पहचान बनाने के लिए नियामक बाधाओं को दूर किया जाए।"


**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



भारत में निवेश के खिलाफ विदेशी निवेशकों द्वारा उद्धृत सबसे आम कारणों में से एक अत्यधिक जटिल नियामक प्रक्रियाएं और ओवरलैपिंग अनुपालन की बहुलता है। इस बैंडबाजे में शामिल होने वाले नवीनतम व्यक्ति ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू हैं। मंत्री एक पत्रकार के सवालों का जवाब दे रहे थे कि नए युग की प्रौद्योगिकी, बिल्डिंग ब्लॉक और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए ताइवानी कंपनियां भारत के निरंतर स्वागत के लिए तैयार क्यों नहीं हैं।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि ताइवान दुनिया की सबसे बड़ी चिप निर्माण सुविधाओं का घर है, जो मोबाइल फोन से लेकर उपग्रहों तक डिजिटल अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख घटक है। वू ने पत्रकार के साथ अपनी बातचीत के दौरान कहा, भारत अपने प्रशासनिक ढांचे में बोझिल है और भारत सरकार को देश में आने वाले सेमीकंडक्टर निवेशकों की मदद के लिए सभी प्रकार के कानूनों और नियमों को सुव्यवस्थित करने की भी आवश्यकता होगी। उन्होंने उसी साक्षात्कार में चिप बनाने वाली फैक्ट्रियों में काम करने के लिए कुशल इंजीनियरों की कमी के बारे में भी बात की, हालांकि भारत में चिप–डिज़ाइनिंग प्रतिभाओं की कमी नहीं है।

श्री वू ने जो उजागर किया, वह कोई नई बात नहीं है, क्योंकि, यह भारत में रुचि रखने वाले कई अन्य संभावित निवेशकों की समान चेतावनी है। इस लेखक ने कई नई और उभरती प्रौद्योगिकी निर्माण कंपनियों के कई उच्च–रैंकिंग अधिकारियों से बात की, जिन्होंने भारत में जटिल समय लेने वाली प्रशासनिक प्रक्रियाओं के बारे में शिकायत की और सिंगापुर, वियतनाम आदि जैसी प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में इसे दोहराया। कठिन नियामक व्यवस्था के माध्यम से संभावित निवेशकों की सहायता के लिए, वर्तमान सरकार के शासन के प्रारंभ में, इन्वेस्ट इंडिया (एक सार्वजनिक–निजी संयुक्त उद्यम) नामक एक नया विभाग बनाया गया था। यहां तक कि सेमीकंडक्टर के लिए, जहां भारत पसंदीदा संभावित भागीदार है,



इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के रूप में एक समर्पित व्यापार प्रभाग बनाया गया है।

बिडेन प्रशासन द्वारा जारी हालिया व्यापार नीति एजेंडा 2024 में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि अगस्त 2022 में वार्ता जनादेश की घोषणा के बाद से, दोनों पक्षों ने जितनी जल्दी हो सके प्रगति करने के लिए बैठकों का एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम अपनाया है। जून 2023 में, आईटी और टेकरो ने पहल के तहत पहले समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते में कई व्यापार क्षेत्रों में उच्च–मानक प्रतिबद्धताएं और आर्थिक रूप से सार्थक परिणाम शामिल हैं, जिनमें सीमा शुल्क प्रशासन और व्यापार सुविधा, अच्छी नियामक प्रथाएं, घरेलू विनियमन सेवाएं, भ्रष्टाचार विरोधी और छोटे और मध्यम आकार के उद्यम शामिल हैं, दोनों के बीच साझेदारी के महत्व को रेखांकित करता है। दो देश.

अमेरिका चीन के विकल्प के रूप में सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में विकसित होने की भारत की महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करता है। भारत–अमेरिका व्यापार संबंध, जो अधर में लटके हुए थे, औपचारिक व्यापार नीति मंच के अस्तित्व में आने के बाद पिछले दो वर्षोंमें सक्रिय हो गए हैं, जिसमें कई द्विपक्षीय मुद्दों पर नियमित बैठकें हुई हैं। 2024 के व्यापार नीति एजेंडा दस्तावेज़ में, अमेरिका का उल्लेख है, हम कामकाजी लोगों के लाभ के लिए व्यापार संबंधों को गहरा करने की दृष्टि से, कई क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभप्रद परिणामों के लिए बढ़ी हुई भागीदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने महत्वपूर्ण खनिजों, सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा, आपूर्ति श्रृंखला और उच्च प्रौद्योगिकी उत्पादों में व्यापार सहित कुछ क्षेत्रों की पहचान की है, जिसमें हमारी सरकारें आर्थिक रूप से सार्थक परिणाम प्राप्त करने के लिए सहयोग बढ़ाने के लिए एक महत्वाकांक्षी और दूरदर्शी रोडमैप विकसित करने का इरादा रखती हैं।

हितों के अभिसरण और अर्धचालक की दौड़ में भारत में निवेश और समर्थन करने के लिए समान विचारधारा वाले भागीदारों और सहयोगियों की इच्छा को देखते हुए, अगली सरकार अपने 100–दिवसीय एजेंडे में नियामक बाधाओं को दूर करने को शामिल करने के लिए अच्छा कर सकती है। यह घोषित विकसित भारत लक्ष्य की दिशा में एक अच्छी शुरुआत होगी।

# आप की बात

## पित्रोदा का विचार

**कॉग्रेस** के सैम पित्रोदा का विचार है कि भारत मे भी अमरीका जैसा विरासत कर होना चाहिए। यह विचार तर्क संगत नहीं है, क्योंकि दुनिया में आज तक कहीं भी निजी संपत्तियों के पुनर्वितरण से असमानता दूर नहीं हुई है अपितु रूस और कंबोडिया में इस अवधारणा के कारण लाखों लोग मारे गये थे। आर्थिक गतिविधि के सहभागी आधार को व्यापक बनाने से ही सभी को लाभ होगा तथा ऐसी स्थिति में ही लोकतंत्र और निजी संपत्ति साथ–साथ चल कर आगे बढ़ सकेंगे। संपत्ति का कट्टरपंथी पुनर्वितरण ऐतिहासिक रूप से साम्यवादी क्रांतियों की विशेषता रही है, जिसने अपनी ही जनता के बहुसंख्य वर्ग को भारी कष्टों में डाला था। इन गलतियों से सबक लेकर ही पहले चीन तथा बाद में रूस ने निजी उद्यमों व निजी संपत्ति को बढ़ावा देने का काम किया, लेकिन विडंबना है कि अपने जन्म से ही मिश्रित अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय पूंजीपतियों, जैसे टाटा, बिड़ला, डालमिया की पैरोकारी करने वाली कांग्रेस आज ऐसे अति–वामपंथियों के जाल में फंस गई है जो स्वयं अपने मूल देशों रूस और चीन में अप्रासांगिक हो गए हैं। लगता है कि वर्तमान कांग्रेस बिना सत्ता के इस तरह तड़प रही है कि उसकी बुद्धि और विवेक पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। उसे अपने इतिहास पर गौर करना चाहिए।

– **परमवीर केसरी,** मेरठ

## मसालों पर प्रतिबंध

**सिंगापुर और हांगकांग** में दो भारतीय कंपनियों के कुछ मसालों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मसालों में इथाईलीन ऑक्साइड नामक विषाक्त पदार्थ अधिक मात्रा में पाया गया है। हमारे देश में भी इन कंपनियों के मसाले का भरोसे के साथ घर–घर में प्रयोग है। ऐसा लगता है कि उनके लिए मानक निर्धारित करने वाली संस्था एफएसएआई सिर्फफीस लेकर सर्टिफिक्रेट दे देती है और खाद्य पदार्थों की दोबारा व नियमित जांच नहीं होती है। मसाले में प्रयुक्त कच्चे माल के उत्पादन में आवश्यकता से अधिक कीटनाशकों आदि का प्रयोग होने से वे जहरीले हो जाते हैं। मसालों की तरह ही अन्य खाद्य पदार्थों में भी ऐसे विषाक्त पदार्थ पाए जाते हैं, लेकिन विडंबना है कि विदेशों की तरह देश में पैकेटबंद या खुले बिकने वाले खाद्य पदार्थों पर गुणवत्ता मानक कठोर नहीं हैं। आज जब भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तथा विकसित देश बनने की दौड़ में शामिल है तो उसे अन्य विकसित देशों की तरह ही आम जनता के उपयोग वाली खाद्य सामग्रियों समेत सभी चीजों पर दुनिया के कठोरतम माने जाने वाले अमेरिकी मानक लागू करने चाहिए। मसालों पर प्रतिबंध का यही उचित सबक होना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## भारत–पाक संबंध

**पाकिस्तानी** व्यापार जगत ने देश के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से भारत के साथ व्यापार–व्यवसाय शुरू करने की अपील की है। उनका कहना है कि व्यापार संबंध फौरन बनाए जाएं ताकि संकटग्रस्त पाकिस्तान को मदद मिल सके। पाकिस्तानी दिग्गज कंपनी आरिफ हबीब समूह के प्रमुख का कहना है कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भारत से व्यापार वार्ता शुरू करे ताकि इसका हमारे देश की अर्थव्यवस्था को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। आज पाकिस्तान में महंगाई चरम सीमा पर है और देश की जनता परेशान है। इसीलिए पाकिस्तान फिर द्विपक्षीय संबंधों में सुधार कर 2014 के पहले की तरह व्यापार व वाणिज्य बहाल करना चाहता है। लेकिन यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि पाकिस्तान हजारों साल भारत से युद्ध करने की प्रतिज्ञा के साथ भारतीयों को काफिर कहता है तथा अपने देश के हिंदुओं का भयानक दमन कर उनके धार्मिक स्थलों को तोड़ता है। पाकिस्तान अब भी कश्मीर में आतंकवादी भेजता है तथा हर मंच पर भारत–विरोधी जहर उगलता है। ऐसे में पाकिस्तानी व्यापारी चाहे जो कहें, भारत–पाक संबंध सामान्य होना तथा व्यापार व वाणिज्य बहाल होना वर्तमान परिस्थितियों में लगभग असंभव ही लग रहा है।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

## आंदोलन का खामियाजा

**पंजाब–हरियाणा** सीमा पर शंभू रेलवे स्टेशन में जारी किसान आंदोलन के चलते रेल यात्रियों को अकारण सजा भुगतना पड़ी थी। लगभग एक सप्ताह से रोज 40–50 ट्रेन रद्द कर दी गई थीं। ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को ज्यादा पैसा देकर बस या अन्य साधन से अपने गंतव्य जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। पार्सल बुकिंग में भी 50 प्रतिशत कमी व यात्रियों की कमी से रेलवे को भी भारी घाटा उठाना पड़ा। किसान आंदोलन के कारण मरीज को उपचार हेतु और छात्रों को पढ़ाई व इंटरव्यू आदि कार्य से बाहर जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे परिचालन में बाधा डालना अपराध है, लेकिन किसान अपनी जिद पर अड़े हैं। किसानों का आंदोलन ऐसे समय अनुचित है जब पूरा देश लोकसभा चुनाव की गतिविधियों में व्यस्त है। उनको सोचना चाहिए कि चाहते हुए भी कोई सरकार उनकी मांगों पर इस समय निर्णय नहीं ले सकती है। वास्तव में स्वयं को अराजनीतिक कहने वाला किसान आंदोलन कुछ नेताओं के निहित राजनीतिक स्वार्थों की उपज है। इस आंदोलन का खामियाजा जनता भुगतना पड़ता है।

– **बीएल शर्मा,** उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी व पूर्व सीएम मनोहर लाल के कार्यक्रम तय

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

### 30 अप्रैल से छह मई तक प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगे सीएम नायब सैनी और पूर्व सीएम मनोहर लाल

### सीएम और पूर्व सीएम नामांकन के बाद जनसभाओं को भी करेंगे संबोधित



**लोकसभा** चुनाव में प्रचार के साथ-साथ नामांकन में भी भाजपा दूसरी पार्टियों से आगे निकल गई है। कांग्रेस गुरुग्राम में उम्मीदवार की घोषणा करने में उहापोह की स्थिति में वहीं भाजपा ने प्रत्याशियों के नामांकन कराने की प्रक्रिया को शुरू दिया है। भाजपा ने सीएम नायब सैनी और पूर्व सीएम मनोहर लाल के नामांकन कार्यक्रम तय कर दिए हैं।

भाजपा प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने बताया कि 25 मई को प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान होना है। भाजपा ने दस की दस सीटों पर मजबूत उम्मीदवार उतारे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व सीएम मनोहर लाल 30 अप्रैल से लेकर छह मई तक प्रदेश में भाजपा उम्मीदवारों का नामाकंन पत्र दाखिल करवाने के साथ-साथ जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व सीएम मनोहर लाल के कार्यक्रमों को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

श्री खरक ने बताया कि मुख्यमंत्री नयाब सिंह सैनी एक मई को सुबह दस बजे अम्बाला में भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया का नामाकंन पत्र दाखिल करवाएंगे और बाद में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसी दिन मुख्यमंत्री पुंडरी में दोपहर दो बजे आयोजित जनसभा में भी शिरक्त करेंगे।

दो मई को मुख्यमंत्री सैनी कुरूक्षेत्र में सुबह दस बजे भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल का नामाकंन भरवाएंगे और जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसी प्रकार 3 मई को सुबह दस बजे सीएम नायब सिंह सैनी रोहतक में डॉ. अरविंद शर्मा का नामाकंन पत्र दाखिल करवा कर जनसभा में शिरकत करेंगे।

श्री खरक ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी 4 मई को सुबह 10 बजे सिरसा में भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर का नामाकंन पत्र दाखिल करवा कर जनसभा को संबोधित करेगे और उसी दिन शाम को चार बजे खरखौदा में भी जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि 5 मई को मुख्यमंत्री सैनी सुबह दस बजे बेरी, दोपहर 3 बजे नूंह, शाम 5 बजे फरीदाबाद में भी जनसभा को संबोधित करेगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री नयाब सिंह सैनी 6 मई को करनाल में भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के नामाकंन पत्र दाखिल करवाएंगे और उसी दिन शाम 3 बजे लाड़वा में आयोजित जनसभा में भी शिरकत करेगे।

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस दिन भाजपा उम्मीदवारों के करवाएंगे नामाकंन पत्र दाखिल शमशेर सिंह खरक ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल 30 अप्रैल को चरखी दादरी में सुबह दस बजे, तोशाम में दोपहर 2 बजे व असंध में साढे तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। 1 मई को मनोहर लाल हिसार में सुबह 10 बजे भाजपा उम्मीदवार चौधरी रणजीत सिंह चौटाला का नामाकंन पत्र दाखिल करवाएंगे और जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसी दिन मनोहर लाल सफीदो व दोपहर 4 बजे पटौदी में जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री खरक ने बताया कि 3 मई को पूर्व सीएम मनोहर लाल सुबह दस बजे सोनीपत में भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली का नामाकंन पत्र दाखिल करवा कर जनसभा को भी संबोधित करेगे।

4 मई को पूर्व सीएम मनोहर लाल सुबह 10 बजे हथीन व दोपहर 4 बजे बल्लभगढ़ में आयोजित जनसभा में मुख्य अतिथि होंगे। इसी तरह 5 मई को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल शाम पांच बजे पानीपत सिटी में जनसभा को संबोधित करेगे।

श्री खरक ने बताया कि 6 मई को सुबह 10 बजे पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल सीट से अपना नामाकंन पत्र दाखिल करेगे। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ सतीश पुनिया भी उनके साथ मौजूद रहेंगे। साथ ही इसी दिन दोपहर ढाई बजे गन्नौर व शाम चार बजे लौहारू में पूर्व सीएम मनोहर लाल जनसभा को संबोधित करेगे।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएवी कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**जालंधर।** डीएवी कॉलेज, जालंधर के कंप्यूटर साइंस विभाग ने प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार के निर्देशन और विभागाध्यक्ष डॉ. निश्चय बहल की देखरेख में आईटी फोरम के तत्वावधान में सीएसएस बैटल, वेब डिजाइनिंग प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न की। इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के संयोजक और प्रतियोगिता के प्रभारी डॉ. राजीव पुरी ने इस कार्यक्रम का सटीकता से नेतृत्व किया, जिससे रचनात्मकता को पनपने और प्रतिभाओं को चमकने का मौका मिला। सीएसएस बैटल वेब डिजाइनिंग प्रतियोगिता ने छात्रों को सीएसएस का उपयोग करके दिखने में आकर्षक और तकनीकी रूप से कुशल वेब पेज तैयार करने में अपने कौशल और विशेषज्ञता का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान किया। छात्रों ने चुनौतियों की एक श्रृंखला के माध्यम से सीएसएस कोडिंग, डिजाइन सौंदर्यशास्त्र और समस्या-समाधान क्षमताओं में अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। छात्र प्रभावशाली ग्राफिक्स और रंगीन छवियों के साथ स्थायी प्रभाव छोड़ने के लिए सावधानीपूर्वक जीवंत रंगों का चयन किया। प्रो नम्रता कपूर, प्रो गगन मदान, अध्यक्ष, आईटी फोरम ने छात्रों को बड़े सपने देखने, कड़ी मेहनत करने, केंद्रित रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रतियोगिताएं न केवल व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देती हैं बल्कि सहयोग और टीम वर्क को भी बढ़ावा देती हैं, जिससे छात्रों को भविष्य की परियोजनाओं और चुनौतियों के लिए तैयार किया जाता है। प्रो. मोनिका चोपड़ा, प्रो. विशाल शर्मा, प्रो. रितिका सोबती, प्रो. शाइना ने अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई।

### एक प्रत्याशी लोकसभा चुनाव में खर्च कर सकता है 95 लाख रुपये



**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि 25 मई को होने वाले 18वीं लोकसभा आम चुनाव के लिए उम्मीदवारों को नामांकन से पहले एक अलग बैंक खाता खुलवाना होगा। चुनाव से संबंधित खर्च केवल इसी खाते के माध्यम से किया जा सकेगा। चुनाव के दौरान एक उम्मीदवार अधिकतम 95 लाख रुपये तक खर्च कर सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार लेनदेन चैक, ड्राफ्ट एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक मोड यानि आरटीजीएस, एनईएफटी के माध्यम से ही करना सुनिश्चित करेंगे। यदि चुनाव की पूरी प्रक्रिया के दौरान व्यय की किसी भी मद के लिए उम्मीदवार द्वारा किसी व्यक्ति या संस्था को देय राशि 10 हजार रुपए से अधिक नहीं है, तो ऐसा व्यय उक्त बैंक खाते से निकालकर नकद में किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एलडीएम के माध्यम से सभी बैंकों को निर्देश दिए जा चुके है कि उम्मीदवारों के लिए अलग खाता खोलने के लिए प्रत्येक बैंक में उचित व्यवस्थाएं की जाए। जैसे ही चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार द्वारा नामांकन-पत्र जमा किया जाएगा उसके साथ ही उसके चुनावी खर्च शुरू हो जाएगा जिस पर निगरानी के लिए टीम का गठन किया जा चुका है।

### राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में हरमन कौर ने प्राप्त किया ब्रॉन्ज मेडल



**शाहाबाद मारकंडा।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने बताया कि स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा हरमन कौर ने हरियाणा की हैंडबॉल गर्ल्स अंडर-12 टीम की तरफ से खेलते हुए ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता मुंबई में संपन्न हुई। गौरतलब है कि पूरे कुरुक्षेत्र जिला से केवल शाहाबाद की सतलुज स्कूल की छात्रा हरियाणा की इस टीम का हिस्सा रही और ब्रॉन्ज मेडल जैसी उपलब्धि प्राप्त की। स्कूल में पहुंचने पर हरमन और इनके माता पिता का भव्य स्वागत किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य ने कहा कि इस छात्रा की यह उपलब्धि सराहनीय है और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह की कामयाबी के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्कूल की हैंडबॉल टीम के कोच अर्पित गुप्ता को इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा की उनके मार्गदर्शन में आगे और भी विद्यार्थी इसी प्रकार खेलों में उपलब्धियां प्राप्त करते रहेंगे। इस अवसर पर स्कूल कोऑर्डिनेटर मनिंदर सिंह घुम्मन, मोनिका घुम्मन, उपप्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह, एडमिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन, कॉलेज प्रबंधक मुकेश दुआ, मोहसिन खान, मीना क्वात्रा, इशू, मीना रानी, अरुणा रानी, चाँद रानी सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### भगवान परशुराम एकता के प्रतीक

**करनाल।** गांव औंगद में परशुराम भवन में हरियाणा युवा ब्राह्मण महासभा द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे डॉ. बलराम शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर हरियाणा युवा ब्राह्मण महासभा के सभी पदाधिकारीयो ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. बलराम शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम की वाणी लोकमंगलकारी है। भगवान परशुराम सर्व समाज के कल्याण की कामना करते हैं। वह सभी वर्ग के लोगों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। आज देश के सभी वर्गों के लोग उनकी शिक्षाओं का अनुसरण कर रहे हैं। जहां एक तरफ पूर्व रामायण काल में उन्होंने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। वहीं महाभारत काल में उन्होंने सभी वर्गों के लोगों को अस्त्र-शास्त्र की शिक्षा में निपुण किया। भगवान परशुराम, भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में जाने जाते थे। तथा वे भगवान शिव के परम भक्त है। भगवान शिव ने ही उन्हें परशा भेंट किया था। जिससे वह परशुराम कहलाए। डॉ बलराम शर्मा ने कहा कि हमें भगवान परशुराम के विचारों का अनुसरण करते हुए उनके विचारों को आगे बढ़ना चाहिए तथा सर्व समाज के कल्याण की कामना करनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में हरियाणा युवा ब्राह्मण महासभा के सभी पदाधिकारीयों ने मुख्य अतिथि डॉ बलराम शर्मा को भगवान परशुराम की मूर्ति भेंट वह साफा भेंट किया। इस अवसर पर वेदपाल शर्मा, रामलाल शर्मा, संतोष शर्मा, अभिषेक शर्मा, सतपाल शर्मा, मुकेश शर्मा, प्रदीप राणा, सुरेंद्र राणा, पुनीत शर्मा, जस्टिन सैनी, केशव शर्मा व सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### नहरों में नहाने वालों पर धारा 144 के तहत कार्रवाई के आदेश

**सोनीपत।** जिलाधीश मनोज कुमार ने आदेश जारी करते हुए कहा कि गर्मियों में जिला से गुजरने वाली नहरों के किनारों पर नहाने के लिए भारी संख्या में भीड़ इक्ट्ठा हो जाती है। जिसके कारण कई बार नहर में नहाने वालों की पानी में डूबने की आंशका बनी रहती है, क्योंकि नहरों में पानी का प्रवाह विभिन्न परिस्थितियों के अधीन है। जिलाधीश ने मानव स्वास्थ्य और सुरक्षा को देखते हुए भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए नहरों में व्यक्तियों के प्रवेश और वहां स्नान करने पर पाबंधी लगाई हैं। जिलाधीश ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के अंदर सभी नहरों पर जगह-जगह नोटिस बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें ताकि नोटिस बोर्ड के माध्यम से लोगों को नहरों में न नहाने के प्रति जागरूक किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने निर्देश दिए कि नहरों के साथ लगते गांव में मुनादी करवाई जाएं कि कोई भी व्यक्ति नहरों के किनारों पर न जाए और न ही नहरों में स्नान करें। जिलाधीश ने कहा कि धारा-144 के आदेश जिला प्रशासन के साथ-साथ पुलिस बल या ड्यूटी पर सैन्य कर्मियों तथा बचाव व खोजबीन कार्य में लगे गोताखेरों पर लागू नहीं होंगे। डीसी के यह सख्त आदेश हैं।

## यूनिवर्सल लॉन टेनिस रेंकिंग चैंपियनशिप में आर्यन फौगाट ने जीता स्वर्ण पदक

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत




पदक के साथ विजेता खिलाडी आर्यन फौगाट

**दिल्ली** में आयोजित यूनिवर्सल लॉन टेनिस रेंकिंग चैम्पियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल सोनीपत के खिलाड़ी आर्यन फौगाट ने फाइनल मैच में पंजाब के वेदांत नेहरा को 6-4, 7-6 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय एवं राज्य का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 55 खिलाड़ियों ने भाग लिया। आर्यन फौगाट राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर लगातार शानदार खेल का प्रदर्शन कर रहे है। गत वर्ष आयोजित राष्ट्रीय खेलों में भी आर्यन ने सिल्वर पदक जीता था। आर्यन फौगाट की इस शानदार जीत पर विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ विशाल गर्ग एवं प्रधानाचार्या आशा गोयल ने बधाई दी तथा भविष्य में भी शानदार खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

## लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर मतदाता करें अपने बहुमूल्य मत का उपयोग : चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं व स्कूल स्टाफ को शपथ दिलाते हुए

**लोकसभा** चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में स्वीप अभियान के तहत सोमवार को गांव मुरथल स्थित ताऊ देवीलाल राजकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने सभी छात्राओं को अपने मत का शत प्रतिशत प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप अभियान की नोडल अधिकारी अंकिता चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर मतदाता को अपने बहुमूल्य मत का उपयोग अवश्य करना चाहिए। आमजन को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी छात्राओं से आह्वान करते हुए कहा कि चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है। उन्होंने छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस दौरान उपस्थित छात्राओं को ईवीएम मशीन के बारे में भी जागरूक किया गया कि यह किस प्रकार कार्य करती है। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय की प्रिंसिपल संगीता सपरा सहित महाविद्यालय के शिक्षक व छात्राएं मौजूद रही।

## लोकसभा चुनाव 2024, बिखरते भारत को एक सूत्र में पिरोने का चुनाव

**जगाधरी।** अम्बाला सुरक्षित लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार वरुण चौधरी का सढौरा विधायक रेनूबाला के नेतृत्व में चाहड़वाला गाँव में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं व नेताओं ने जोरदार स्वागत किया व उनको अम्बाला लोकसभा से भारी मतों से जीत दिलवाकर संसद में भेजने का भरोसा दिया। इस मौके पर भारी जनसमूह देखकर उन्होंने पुलकित मन से रेनूबाला समेत सभी का धन्यवाद किया और मोदी सरकार की जनविरोधी व देशविरोधी नीतियों से बिखरते भारत को बचाने का आह्वान किया। जनसमूह को संबोधित करते हुए वरूण चौधरी ने कहा कि भाजपा की हालत इतनी पतली हो चूकि है कि उसके पास लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार तक नहीं है।

## रियलमी ने केवल 9,999 रुपये के शुरूआती मूल्य में सबसे तेज एंट्री-लेवल स्मार्टफोन, रियलमी सी65 5जी पेश किया

**पायनियर समाचार सेवा।** हिसार



**सबसे** भरोसेमंद सेव प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज-रियलमी सी सीरीज में रियलमी सी65 5जी लॉन्च किया। इस नए स्मार्टफोन में कई इनोवेटिव फीचर्स के साथ शानदार डिजाईन है, जो यूजर्स को स्मार्टफोन का बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। रियलमी सी सीरीज अपनी आधुनिक फास्ट चार्जिंग, कैमरा टेक्नोलॉजी, और डिजाईन के लिए उद्योग में कई मानक स्थापित कर चुकी है। सी सीरीज का हर नया स्मार्टफोन चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों: चार्जिंग, कैमरा, स्टोरेज, और डिजाईन में बेहतरीन और आकर्षक अपडेट्स के साथ सेगमेंट का नेतृत्व कर रहा है।

इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, रियलमी में हम हर व्यक्ति को टेक्नोलॉजी की ताकत देना चाहते हैं। आज इनोवेशन के हमारे इस सफर का एक महत्वपूर्ण क्षण है, जब हम अपनी लोकप्रिय सी सीरीज में अत्याधुनिक स्मार्टफोन, रियलमी सी65 5जी लॉन्च कर रहे हैं। मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी चिपसेट के साथ दुनिया के पहले स्मार्टफोन के रूप में रियलमी सी65 5जी अपनी बेहतर परफॉर्मेंस और आधुनिक फीचर्स द्वारा यूजर के अनुभव में परिवर्तन ला देगा। हमारी रियलमी सी सीरीज हमेशा से लोगों को इनोवेटिव टेक्नोलॉजी प्रदान करती आई है, और किफायती मूल्य में इतने आधुनिक फीचर्स के साथ इस सीरीज ने उद्योग में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी स्मार्टफोंस में तीव्र गेमिंग सपोर्ट करता है।

## उत्तर प्रदेश के एजुकेशन इकोसिस्टम को तकनीकी रूप से आधुनिक और प्रभावी बना रहा लियो1

**पायनियर समाचार सेवा।** मेरठ

LEO1

**देश** की अग्रणी एडु-फिनटेक कंपनी LEO1 ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के सैकड़ों शैक्षिणिक संस्थाओ में अपना फाइनेंसियल सास (सॉफ्टवेयर एस सॉल्यूशन) को इम्प्लीमेंट किया था और इसके परिणाम बहुत प्रभावी रहे। लियो-1 फाइनेंसियल सास एक तरह का सॉफ्टवेयर है जिसके माध्यम से एजुकेशन इंस्टिट्यूट वित्तीय लेन-देन, फीस मैनेजमेंट, स्टूडेंट्स डाटा मैनेजमेंट के साथ-साथ पूरे कैंपस को एक डिजिटल कैंपस में बदल सकता है। संस्थान को इससे फंड मैनेजमेंट में सुविधा मिलती है और वे क्वालिटी शिक्षा प्रदान करने की प्रकिया को अधिक प्रभावशाली बना सकते है।

फाइनेंसियल सास के अंतर्गत कंपनी स्टूडेंट्स को एक मल्टीपर्पस (बहुउपयोगी) कार्ड देती है जिसका उपयोग स्टूडेंट आइडेंटिटी कार्ड (ID) कार्ड के साथ साथ डेबिट कार्ड के रूप में भी कर सकते है, जिसको शॉपिंग, फीस पेमेंट, कैंटीन पेमेंट, लाइब्रेरी या अन्य तरह के पेमेंट के लिए भी उपयोग में ला सकते है। इससे न केवल पेरेंट्स स्टूडेंट्स की फाइनेंसियल एक्टिविटी ट्रैक कर सकते है बल्कि स्टूडेंट्स भी मनी मैनेजमेंट सीख सकते है। इस कार्ड के हरेक ट्रांसक्शन में रिवॉर्ड पॉइंट्स भी मिलते है जो आप अगली ट्रांसक्शन में रिडीम कर सकते है। कंपनी राज्य के बड़े शहरों में काम कर रही है।

## एडीजीपी श्रीकांत जाधव 30 अप्रैल को सेवानिवृत होंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल



> **एडीजीपी** श्रीकांत जाधव अगस्त 2022 में जब हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो मधुबन में सेवारत थे तो उन्होंने अपराध एवं नशामुक्त समाज बनाने के लिए अथक प्रयास किए। समाज हित में उनकी सर्वश्रेष्ठ सेवाओं की बदौलत 15 अगस्त 2022 को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा उन्हें राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया था।

**मधुबन** पुलिस कॉम्प्लेक्स के एडीजीपी श्रीकांत जाधव 30 अप्रैल को सेवानिवृत हो रहे हैं। मंगलवार को मधुबन में उनके विदाई समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों समेत कई जिलों के एसपी शामिल होंगे। एक सख्त पुलिस अधिकारी की छवि रखने वाले श्रीकांत जाधव 1994 बैच के हरियाणा कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। जिन्होंने 30 वर्ष पुलिस में अपनी सेवाएं दी। जो मूल रूप से अकोला महाराष्ट्र निवासी है। एडीजीपी श्रीकांत जाधव पानीपत, सिरसा एव पुलिस प्रशिक्षण केंद्र मधुबन सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में एसपी रह चुके हैं।

पदोन्नति उपरांत वह साउथ रेंज रिवाड़ी में बतौर आईजी तैनात रहे। इसी दौरान 2015 में उनको रोहतक पुलिस रेंज में आईजी के पद पर जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके कुछ साल बाद 2019 में आईजी से एडीजीपी के पद पर पदोन्नति होने पर उन्हें अंबाला पुलिस रेंज में आईजी कम एडीजीपी लगाया गया। यहां रहते हुए उन्होंने अंबाला एवं करनाल पुलिस रेंज में हवलदार से सब इंस्पेक्टर तक पदोन्नति में असमानता को दूर करने के लिए बहुत बेहतर प्रयास किए। हालांकि उनके प्रयास अभी तक पूरी तरह सफल तो नहीं हुए लेकिन इस संबंध में बहरहाल गृह विभाग में नियमानुसार प्रक्रिया जारी है। जो लोकसभा चुनाव के बाद संभावित तौर पर पूरी हो सकती है। अंबाला रेंज में करीब दो साल सेवा उपरांत उनका तबादला मधुबन पुलिस कांप्लेक्स में कर दिया गया था। इसके बाद उन्हे हिसार पुलिस रेंज में आईजी कम एडीजीपी के तौर पर नियुक्त किया गया। लेकिन कुछ समय बाद लोकसभा के चुनाव निकट होने के दृष्टिगत चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार सेवानिवृत्ति से मात्र दो माह पूर्व उनका तबादला दोबारा मधुबन कर दिया गया था। काबिले गौर है कि अपराधियों के प्रति सख्त रवैया रखने वाले श्रीकांत जाधव के जहां-जहां कदम पड़े वहीं पर अपराधी इलाका छोड़ कर भाग जाते थे या फिर शांत हो कर दुबक जाते थे। उनकी एक विशेषता यह भी रही कि उन्होंने अपनी तैनाती के दौरान पुलिस कर्मचारियों की उचित सुविधाओं के लिए भी बेहतर कार्य किया। विशेष कर सिपाही से इंस्पेक्टर तक रैंक के पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं को दूर करने के लिए उनके बेहतर प्रयासों की बदौलत पुलिस विभाग में उनकी छवि एक सकारात्मक पुलिस अधिकारी के रूप में बनती चली गई। बताया जाता है कि कोई भी पुलिस कर्मचारी समस्या लेकर उनके समक्ष पेश हुआ तो वह निराश हो कर नही लौटा। उन्होंने विभाग से सम्बन्धित किसी भी उचित समस्या का समाधान करने के लिए तत्काल हर संभव प्रयास किया।

## सुशील रिंकू के दाहिने हाथ अश्विनी जारंगल बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी और बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए

### चरणजीत सिंह ने बड़े अंतर से जीतने का किया ऐलान

### नेताओं को उनकी मातृ पार्टी ने धोखा दिया लेकिन वे वर्कर्स पार्टी के साथ चट्टान की तरह खड़े रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** जालंधर



**आम** आदमी पार्टी और बीजेपी को जालंधर में उस समय बड़ा झटका लगा जब बीजेपी उम्मीदवार सुशील कुमार रिंकू के दाहिने हाथ माने जाने वाले अश्विनी जंगराल समेत बड़ी संख्या में परिवार कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए और उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह को हरा दिया. चन्नी ने वैस्ट विधानसभा क्षेत्र से बड़ी बढ़त हासिल करने का ऐलान किया। गौरतलब है कि वैस्ट विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अश्विनी जंगराल के नेतृत्व में एक बड़ी सभा आयोजित की गई और लोगों ने चरणजीत सिंह चन्नी को अपना समर्थन देने की घोषणा की अश्विनी जंगराल पिछले 15 सालों से सुशील कुमार के करीबी दोस्त रहे हैं और चुनाव का लगभग सारा कामकाज देखते रहे हैं, लेकिन रिंकू के बार-बार दल बदलने के कारण सुशील कुमार ने उनका साथ छोड़ दिया क्लासिक कांग्रेसी और सुशील ने रिंकू के साथ कांग्रेस में लंबे समय तक काम किया है और अब वह अपनी मातृ पार्टी में लौट आए हैं और चरणजीत सिंह चन्नी का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि जालंधर के लोग रिंकू के राजनीतिक व्यवहार से परेशान हैं। अन्य दलबदलू उम्मीदवारों ने राजनीति के मानक को गिरा दिया है, जिसके परिणामस्वरूप लोग कांग्रेस उम्मीदवार चरणजीत सिंह चन्नी के पक्ष में फतवा देने के लिए तैयार हैं और जारंगल और बाबा सुरती सहित बड़ी संख्या में परिवार कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए इनका स्वागत पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने किया। इस मौके पर चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि उनकी उम्मीदवारी की घोषणा के बाद विपक्ष की पार्टी को उम्मीदवार नहीं मिले, जिसके कारण दूसरे दलों से उम्मीदवार लाए गए हैं। चुनावी मैदान में चन्नी ने कहा कि अगर नेताओं के पास अपना कोई स्टैंड नहीं है तो वे जालंधर के लोगों के साथ कैसे खड़े होंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें कांग्रेस पार्टी में शामिल होना चाहिए और दुख-सुख में सबके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि नेताओं ने अपनी मातृ पार्टी छोड़ दी है जबकि कार्यकर्ता चट्टान की तरह पार्टी के साथ खड़े हैं और चन्नी ने कहा कि अन्य दलों के अधिक से अधिक नेता और कार्यकर्ता उनसे संपर्क कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी का समर्थन करें और कई लोग इन दलबदलू नेताओं का साथ छोड़ कर आ रहे हैं।

# केंद्र की राजग सरकार संविधान बदलने की साजिश रच रही: लालू

एजेंसी। छपरा



**राष्ट्रीय** जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद ने सोमवार को केंद्र में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर देश के संविधान को बदलने की साजिश रचने का आरोप लगाया। राजद प्रमुख ने सारण लोकसभा सीट से अपनी बेटी रोहिणी आचार्य द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने के तुरंत बाद सोमवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, हमें अपने देश के संविधान और धर्मनिरपेक्ष-लोकतांत्रिक ताने-बाने की रक्षा करनी है। केंद्र की राजग सरकार बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को बदलने की कोशिश कर रही है। हमें अपने संविधान और देश को बचाना है... हम किसी भी कीमत पर ऐसा नहीं होने देंगे। राजद प्रमुख ने आगे कहा, भाजपा नेता समाज के कमजोर वर्गों को मिले आरक्षण को भी खत्म करना चाहते हैं। देश को बचाना है, संविधान को बचाना है। हम लोकतंत्र, संविधान को मिटाने नहीं देंगे। वे पीछड़े वर्ग के हक को छीनना चाहते हैं। हमें पिछड़े वर्गों, सामाजिक रूप से हाशिए पर रहने वाले लोगों और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा करनी होगी। लालू प्रसाद ने सारण के मतदाताओं से अपनी पुत्री रोहिणी को आशीर्वाद देने की अपील करते हुए कहा, बेटी रोहिणी आचार्य लगातार आप लोगों के बीच रह रही हैं, काम कर रही हैं, भारी मतों से उनको जीतना है। इस अवसर पर राजद नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अपने संबोधन में भरोसा जताया कि उनकी बड़ी बहन (आचार्य) को सारण निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से पूरा समर्थन मिलेगा।चारा घोटाला मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराए जाने के पहले लालू ने सारण संसदीय क्षेत्र का कई बार प्रतिनिधित्व किया है। तेजस्वी ने अपने बीमार पिता को अपनी बड़ी बहन आचार्य द्वारा किए गए किडनी दान और सिंगापुर में राजद अध्यक्ष की गंभीर सर्जरी के दौरान उनकी सेवा की ओर इशारा करते हुए कहा, मेरी बहन ने हमारे माता-पिता की अनुकरणीय सेवा की है, वह उसी भावना से लोगों की सेवा करेंगी। तेजस्वी ने कहा कि बिहार के मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित राजग नेताओं को करारा जवाब देने का फैसला किया है जो कभी अपने वादे पूरे नहीं करते हैं।

## लाल सागर में कंटेनर पर मिसाइल हमला, हूती बागियों पर शक

**यरुशलम।** यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में सोमवार को एक कंटेनर पोत को निशाना बनाकर कथित रूप से मिसाइल से हमला किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस अहम समुद्री मार्ग पर अंतरराष्ट्रीय पोतों के खिलाफ उनके अभियान की कड़ी में नया हमला है। ब्रिटेन की सेना की यूनाइटेड किंगडम मेरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने कहा कि यह हमला यमन में मोखा के अपतटीय क्षेत्र में हुआ। इसके अलावा उसने और कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। उसने क्षेत्र से गुज़रने के दौरान पोतों से सतर्कता बरतने का आग्रह किया। निजी सुरक्षा कंपनी अम्ब्रे ने कहा कि माल्टा का ध्वज लगे कंटेनगर पोत को तीन मिसाइल के जरिए निशाना बनाया गया है। यह कंटेनर जिबूती से सऊदी अरब के जेद्दा की ओर जा रहा था। अम्ब्रे ने कहा कि पोत को इसलिए निशाना बनाया गया, क्योंकि इसके सूचीबद्ध संचालक का इज़राइल के साथ व्यापारिक संबंध है। हालांकि पोत के संचालक ने कहा कि पोत जिबूती में ही है।

# पश्चिमी केन्या में एक बांध के टूटने से कम से कम 40 लोगों की मौत

एजेंसी। नैरोबी



**अफ्रीकी** देश केन्या के पश्चिमी इलाके में सोमवार को सुबह एक बांध के टूटने के कारण कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई है। केन्या पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, बांध का पानी आस-पास के इलाके में स्थित लोगों के घरों में घुस गया और पानी के बहाव के परिणामस्वरूप एक प्रमुख सड़क से संपर्क कट गया।

पुलिस अधिकारी स्टीफन किरुई ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि यह घटना सोमवार सुबह ग्रेट रिफ्ट घाटी क्षेत्र के माई माहिउ इलाके में स्थित ओल्ड किजाबे बांध के ढहने के बाद हुई। ग्रेट रिफ्ट घाटी क्षेत्र में अचानक बाढ़ आने का खतरा बना रहता है। बांध टूटने के बाद पानी नीचे की ओर बहने लगा। केन्या में बीते कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। बाढ़ के कारण अब तक करीब 100 लोगों की मौत हो चुकी है और स्कूलों के खुलने में भी देरी हो रही है। केन्या में मार्च के मध्य से ही भारी बारिश का दौर जारी है। मौसम विज्ञान विभाग ने और बारिश की चेतावनी दी है।

भारी बारिश के कारण पूर्वी अफ्रीकी क्षेत्र के कई देशों को बाढ़ का सामना करना पड़ रहा है। तंजानिया में बाढ़ के कारण 155 लोगों की मौत होने की खबर है, जबकि पड़ोसी देश बुरुंडी में दो लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। केन्या के प्रमुख हवाईअड्डे पर शनिवार को पानी भर गया, जिससे कुछ उड़ानों के मार्ग परिवर्तित करने पड़े। लोगों ने रनवे, टर्मिनल और कार्गो सेक्शन में पानी भर जाने के वीडियो ऑनलाइन साझा किए गए।

केन्या में दो लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में घर जलमग्न हो गए हैं और लोग स्कूलों में शरण ले रहे हैं।केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने राष्ट्रीय युवा सेवा संगठन को बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए अस्थाई शिविर हेतु जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

## शुक्ला को गोल्डमैन एनवायर्नमेंटल प्राइज-2024 से नवाजेंगे

**नई दिल्ली।** वन और आदिवासी अधिकार कार्यकर्ता आलोक शुक्ला को प्रतिष्ठित गोल्डमैन एनवायर्नमेंटल प्राइज-2024 से सम्मानित किया जाएगा। शुक्ला को यह पुरस्कार एक सामुदायिक अभियान का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने के लिए दिया जा रहा है। इस अभियान से छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित 21 कोयला खदानों से 4,45,000 (4.45 लाख) एकड़ जंगलों को बचाया जा सका, जो जैव विविधता से समृद्ध हैं। ग्रीन नोबेल कहा जाने वाला यह पुरस्कार दुनिया के छह महाद्वीपीय क्षेत्रों के जमीनी स्तर के पर्यावरण नायकों को दिया जाता है।



## स्कॉटलैंड के प्रथम मंत्री हमजा यूसुफ ने इस्तीफा दिया

**लंदन।** स्कॉटलैंड के प्रथम मंत्री हमजा यूसुफ ने अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने से पहले ही सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया। इससे कुछ दिन पहले ही हमजा के नेतृत्व वाली स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी) ने नीतिगत मुद्दों पर तनातनी होने के बाद ग्रीन पार्टी से गठबंधन तोड़ लिया था। पाकिस्तानी मूल के 39 वर्षीय हमजा ने पिछले साल मार्च में स्कॉटलैंड के प्रथम मंत्री का पद संभाला था। इस पद को संभालने वाले वह पहले मुस्लिम नेता हैं। स्कॉटलैंड सरकार का सारा कामकाज प्रथम मंत्री ही संभालते हैं। यह पद प्रधानमंत्री के समान माना जाता है। यूसुफ ने बढ़ते नीतिगत मतभेदों के बीच पिछले हफ्ते ग्रीन पार्टी के साथ गठबंधन समाप्त कर दिया था, जिसके चलते उनकी अल्पमत सरकार पर संकट आ गया था। ग्रीन पार्टी ने विपक्षी दलों - कंजर्वेटिव, लेबर और लिबरल डेमोक्रेट - के साथ मिलकर दो अविश्वास प्रस्तावों का समर्थन किया, जिसमें यूसुफ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव शामिल था। यूसुफ ने कहा, इस सप्ताह अविश्वास प्रस्ताव पेश होना संभव था और मैं केवल सत्ता बनाए रखने के लिए अपने मूल्यों और सिद्धांतों से समझौता करने को तैयार नहीं हूं।



# तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य जनशक्ति का सृजन होना चाहिए: राज्यपाल मिश्र

एजेंसी। जयपुर



**राजस्थान** के राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को कहा कि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य जनशक्ति का प्रभावी सृजन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा में मानवीय मूल्यों को कैसे प्रधानता मिले इस पर भी निरंतर चिंतन होना चाहिए। वे बीकानेर में तकनीकी विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। मिश्र ने कहा, ऐसे यंत्र हम विकसित करें जो भारत का गौरव बढाएं.. तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य जनशक्ति का प्रभावी सृजन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक उत्पादन को बढ़ावा केवल तब मिल सकता है जब सस्ती और सुगम तकनीक हर आम आदमी तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस बात पर चिंतन जरूरी है कि कैसे तकनीकी विकास से लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो और कैसे देश के मानव संसाधन विकास में तकनीकी शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

उन्होंने कहा कि हमारी नई शिक्षा नीति में तकनीकी शिक्षा के तहत मानवीय मूल्यों को ही सर्वोच्च प्रधानता दी गई है। मिश्र ने कहा इसमें शोध और अनुसंधान की मौलिक परंपरा पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में 11 बालिकाएं हैं और यह संख्या इस बात की द्योतक है कि अवसर मिलने पर बालिकाएं अपने भविष्य के साथ राष्ट्र के भविष्य को भी सुदृढ़ बना सकती हैं।

## पीलीभीत में ट्रक की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत

**पीलीभीत।** जिले में मोटरसाइकिल से शादी समारोह से वापस लौट रहे दो युवकों को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।थाना अध्यक्ष घुंघचाई धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि विशाल (20 वर्ष) और रवि (19) रविवार रात मोटरसाइकिल से शादी समारोह से घर वापस लौट रहे थे। इस दौरान घुंघचाई थाना क्षेत्र में गुलड़िया भूपसिंह गांव के पास ईंट भट्ठे के पास मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने बताया कि चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है।

# स्त्री-पुरूष समानता वाले संगठनों के प्रति महिला कर्मचारी अधिक वफादार : रिपोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली



**स्त्री-पुरुष** समानता के लिहाज से अग्रणी संगठनों में काम करने वाली महिला कर्मचारियों में पिछड़े संगठनों की तुलना में तीन गुना अधिक वफादारी, उत्पादकता और प्रेरणा होती है। एक सर्वेक्षण में यह आकलन पेश किया गया है। सलाहकार फर्म डेलॉयट की सोमवार को जारी वूमेन एट वर्क रिपोर्ट के मुताबिक, घर के बजाय दफ्तर जाकर काम करने का रुझान बढ़ने से कई महिला पेशेवरों के लिए तालमेल बिठा पाना मुश्किल हो गया है। बदले हुए हालात में लगभग 41 प्रतिशत महिलाओं ने अपने काम के घंटे कम करने की मांग की है जबकि 31 प्रतिशत महिलाओं ने इसका मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ने की बात कही है। सर्वेक्षण से पता चलता है कि दफ्तर और वर्क फ्रॉम होम के मिले-जुले रूप यानी हाइब्रिड मॉडल में काम करने वाली महिला कर्मचारियों के लिए हालात थोड़े बेहतर नजर आ रहे हैं। डेलॉयट के मुताबिक, स्त्री-पुरूष समानता के लिहाज से अग्रणी (जीईएल) संगठनों के लिए काम करने वाली महिलाओं में 100 के पैमाने पर वफादारी 76, उत्पादकता 75 और प्रेरणा एवं अपनेपन की भावना का स्तर 71 रहा है।सर्वेक्षण के मुताबिक, स्त्री-पुरूष समानता के स्तर पर पिछड़े संगठनों के लिए काम करने वाली महिलाओं का प्रदर्शन इन सभी मानकों पर काफी खराब है। यह सर्वेक्षण भारत समेत 10 देशों की 5,000 महिलाओं के विचारों पर आधारित है। डेलॉयट इंडिया की मुख्य खुशहाली अधिकारी सरस्वती कस्तूरीरंगन ने कहा, जब महिला पेशेवरों के करियर को आगे बढ़ाने पर लक्षित नीतियां अमल में आएंगी तो आप आगे बढ़ने के लिए बेहतर स्थिति में होंगे। इसकी वजह यह है कि आपको सर्वोत्तम दृष्टिकोण और एक प्रेरित, लैंगिक-विविधता वाला कार्यबल मिल रहा है।

हालांकि यह सर्वे बताता है कि बच्चों की देखभाल और वयस्कों की देखभाल के मामले में महिलाएं अब भी बड़ी जिम्मेदारी निभा रही हैं। लेकिन महिला के प्राथमिक कमाऊ सदस्य होने की स्थिति में उनके जोड़ीदार इन जिम्मेदारियों में सहयोग करते हैं। कस्तूरीरंगन ने कहा, भारत में कामकाजी संगठन बच्चे की देखभाल करने वाली घरेलू सहायिका को दिए जाने वाले वेतन की भरपाई के अलावा अपने यहां डे-केयर का इंतजाम भी कर सकते हैं।

# ओडिशा सरकार ने केंद्र से 1.56 करोड़ मच्छरदानी मुहैया करने का आग्रह किया

एजेंसी। भुवनेश्वर



**ओडिशा** सरकार ने राज्य में मलेरिया के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र सरकार से 1.56 करोड़ मच्छरदानी मुहैया करने का आग्रह किया है। राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री निरंजन पुजारी ने सोमवार को इस संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखा। पुजारी ने कहा है कि मलेरिया संक्रमण को प्रभावी तरीके से फैलने से रोकने के लिए केंद्र ने 2020-21 में ओडिशा को 1.56 करोड़ मच्छरदानी उपलब्ध कराया था। उन्होंने कहा कि 2023 में ही ए मच्छरदानी बदले जाने थे। पुजारी ने मलेरिया के मामलों को और बढ़ने से रोकने के लिए मच्छरदानी की तत्काल आपूर्ति करने का केंद्र से आग्रह किया। एनसीवीबीडीसी के अनुसार, ओडिशा में 2023 में मलेरिया के 41,971 मामले सामने आए थे, जो सभी राज्यों की तुलना में सबसे अधिक थे। ओडिशा के बाद छत्तीसगढ़ में 31,713, झारखंड में 31,140, पश्चिम बंगाल में 26,493, त्रिपुरा में 22,412, मिजोरम में 17,991, महाराष्ट्र में 16,164 और उत्तर प्रदेश में 13,585 मामले सामने आए थे।

## कार के पेड़ से टकराने पर दो लोगों की मौत, छह जख्मी

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में सोमवार को एक तेज रफ्तार कार के बेकाबू होकर पेड़ से जा टकराने से दो लोगों की मौत हो गई तथा छह अन्य लोग जख्मी हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि कोतवाली देहात क्षेत्र के बरकच्चा घाटी इलाके में एक तेज रफ्तार कार एक पेड़ से जा टकराई। इस घटना में गोपाल (30) नामक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि राज सोनकर (17) नामक किशोर ने वाराणसी के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।उन्होंने बताया कि कार में आठ लोग सवार थे। वे एक विवाह समारोह में शिरकत करके लौट रहे थे। हादसे में छह अन्य लोग भी घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जबलपुर में भाजपा नेता को चाकू से हमला कर घायल किया, तीन गिरफ्तार

एजेंसी। जबलपुर



**मध्यप्रदेश** के जबलपुर में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता को तीन लोगों ने चाकू घोंपकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ऐसा प्रतीत होता है कि पुरानी रंजिश के चलते यह हमला किया गया। अधारताल पुलिस थाने के प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता मंगल सिद्दीकी (42) की हालत खतरे से बाहर है और तीनों हमलावरों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार आधी रात के आसपास जबलपुर शहर के अधारताल पुलिस थाने के अंतर्गत हुई। विश्वकर्मा ने बताया कि हमले के कुछ घंटों बाद ही तीन कथित हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया। हमलावरों की पहचान वसीम अली, वसीम बांगर और मोनू अंसारी के रूप में हुई है। इनकी उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच है। हमले में सिद्दीकी के गले के पास चोट आई है। उन्होंने बताया कि पीड़ित को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर उपचार के लिए जबलपुर स्थित मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि हमला पुरानी रंजिश का नतीजा था, लेकिन सभी कोणों से जांच की जा रही है। विश्वकर्मा ने कहा, हम आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं और मामले की सभी कोणों से जांच कर रहे हैं।

# तेलंगाना में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन वापस लेने की समय सीमा समाप्त, प्रचार अभियान तेज

एजेंसी। हैदराबाद

**तेलंगाना** में 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन वापस लेने की समय सीमा सोमवार को समाप्त होने के साथ राजनीतिक दल राज्य भर में चुनाव प्रचार तेज करने की तैयारी कर रहे हैं। नामांकन पत्र 18 से 25 अप्रैल तक स्वीकार किए गए और 26 अप्रैल को इनकी जांच की गई। तेलंगाना में लोकसभा की 17 सीट हैं। संभावना है कि निर्वाचन अधिकारी सोमवार रात तक उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर देंगे। तेलंगाना में चुनाव के लिए प्राप्त कुल 1488 नामांकन पत्रों की जांच के बाद 625 उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए गए 1060 नामांकन पत्र वैध पाए गए। निर्वाचन अधिकारी विकास राज ने 27 अप्रैल को एक संदेश में कहा कि शुक्रवार को जांच के बाद 428 नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए। भाजपा की तेलंगाना इकाई के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बंदी संजय कुमार और वरिष्ठ नेता एटाला राजेंदर पार्टी के प्रमुख उम्मीदवारों में हैं, जबकि कांग्रेस ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से आए दानम नागेंद्र और के काव्या को मैदान में उतारा है। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी पार्टी के गढ़ हैदराबाद लोकसभा क्षेत्र से फिर चुनाव लड़ रहे हैं और भाजपा ने उन्हें टक्कर देने के लिए के माधवी लता को मैदान में उतारा है।

# दिल्ली हज समिति ने 69 महिलाओं को बिना महरम हज पर भेजने की तैयारी शुरू की

एजेंसी। नई दिल्ली



**दिल्ली** हज समिति की अध्यक्ष कौसर जहां ने सोमवार को कहा कि 69 मुस्लिम महिलाओं को बिना महरम (ऐसे पुरुष साथी जिससे महिला की शादी नहीं हो सकती हो) के हज यात्रा पर भेजने की तैयारी शुरू हो गई है।

जहां ने बातचीत में कहा कि महिलाओं को हज समिति के कार्यालय में प्रशिक्षण दिया गया और यात्रा के दौरान किसी भी मुश्किल से निपटने में काम आने वाली जानकारियां उपलब्ध कराई गईं। उन्होंने कहा, नरेन्द्र मोदी सरकार में हज सुविधाओं को नियमित रूप से बढ़ाया गया है। हमने एक हज सुविधा ऐप जारी किया है जिसका इस्तेमाल मदद प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है। जहां ने कहा कि समिति इन महिलाओं की हज यात्रा को सुविधाजनक बनाने और उनकी सुख-सुविधाओं का ख्याल रखने के लिए काम कर रही है।

# नड्डा ने पूछा : इंडिया गठबंधन में प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन?

एजेंसी। हैदराबाद

**विपक्षी** गठबंधन इंडिया पर हमला तेज करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को सवाल किया कि उसकी ओर से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा।

नड्डा ने तेलंगाना के कोठागुडेम और महबूबाबाद में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर भाजपा और उसके सहयोगी लोकसभा चुनाव जीतते हैं तो नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे लेकिन कोई नहीं जानता कि इंडिया गठबंधन का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन है। उन्होंने कहा, हमने तय किया है कि नरेन्द्र मोदी हमारे प्रधानमंत्री होंगे। लेकिन, मैं जानना चाहता हूं कि इंडिया गठबंधन के घमंडिया गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री कौन बनेगा। क्या किसी को पता है? उन्होंने कहा, कौन बनेगा प्रधानमंत्री? मोदी जी बन जाएंगे। लेकिन, वहां (इंडिया गठबंधन) से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन है? उम्मीदवार कौन है? भगवान न करे अगर राहुल गांधी बन जाएं, अगर कोई उन्हें आगे कर दे तो क्या वह कोरोना (महामारी) से लड़ पाएंगे। उन्होंने सवाल किया कि क्या राहुल गांधी महंगाई से लड़ने में सक्षम होंगे, विकास में योगदान दे पाएंगे और दुनिया की चुनौतियों का सामना कर सकेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि घमंडिया गठबंधन के नेताओं की रुचि सत्ता में है न कि लोगों की सेवा में। उन्होंने दावा किया कि मोदी कहते हैं कि भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंक दो लेकिन विपक्षी गठबंधन के नेता कहते हैं भ्रष्ट को बचाओ। नड्डा ने कहा कि इंडिया गठबंधन



की रैली में दो कुर्सियां खाली रखी जाती हैं, एक हेमंत सोरेन के लिए और दूसरी अरविंद केजरीवाल के लिए जो जेल में हैं। उन्होंने कहा, वे भ्रष्टाचारियों के साथ रैली करते हैं। उन्होंने दावा किया, कांग्रेस इतनी घबराई हुई है कि तेलंगाना के उसके सोशल मीडिया मंच ने लोगों को गुमराह करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह के मनगढ़ंत भाषणों को पोस्ट करने का सहारा लिया। उन्होंने पूछा कि यह घबराहट का नतीजा है या नहीं? पूर्ववर्ती भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार के दौरान तेलंगाना में भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, जब हम मौजूदा कांग्रेस सरकार को देखते हैं तो यही दिमाग में आता है कि उसकी मंशा भी नेक नहीं है। उन्होंने दावा किया, उनके मन में विचार यह है कि जो संपत्ति हम कड़ी मेहनत से अपने जीवन में कमाते हैं और उसे अपने बच्चों के लिए इकट्ठा करते हैं, उन्होंने गलत तरीकों से उस संपत्ति को हड़पने के लिए कर लगाने की योजना बनाई है।

भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ( इंडिया ) भ्रष्टाचार और परिवारवाद का गठबंधन है और इसमें शामिल पार्टियां अपने परिवारों के बच्चों को बचाने में लगी हुई हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), आम आदमी पार्टी और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता या तो जमानत पर हैं या जेल में हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी जमानत पर हैं या नहीं? सोनिया गांधी जमानत पर हैं या नहीं? ए सभी लोग जमानत पर हैं। पी चिदंबरम, कार्ति चिदंबरम, लालू यादव, ये सभी जमानत पर हैं। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप के अन्य नेता तथा बीआरएस विधान पार्षद के. कविता जेल में हैं या नहीं।भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ए सभी लोग या तो जमानत पर हैं या जेल में हैं। ए सभी लोग भ्रष्ट हैं। उनका आपसे कोई लेना-देना नहीं है। उन्हें सिर्फ अपने परिवार की चिंता है। अपने संबोधन के दौरान नड्डा ने केंद्र में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के विभिन्न विकास कार्यक्रमों और योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार से बताया।

# प्राधिकरण ने 82 करोड़ की जमीन मुक्त कराई

## पर्थला खंजरपुर तथा बसई गांव में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान

- 12500 वर्ग मीटर जमीन में 8000 वर्ग मीटर जमीन हिंडन नदी के करीब डूब क्षेत्र में था जिस पर भू माफियाओं का अवैध कब्जा था

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्राधिकरण का दस्ता।

**नोएडा** प्राधिकरण की टीम ने सोमवार पर्थला खंजरपुर तथा बसई गांव में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर करीब 12500 वर्ग मीटर जमीन अतिक्रमण से मुक्त कर ली है। एक अनुमान के अनुसार इस जमीन की बाजार में कीमत तकरीबन 82 करोड़ रुपए आंकी गई है।

नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि पृथला खंजरपुर गांव के पास हिंडन नदी के करीब डूब क्षेत्र में माफियाओं ने 8000 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध कब्जा करके मकान तथा भवन आदि निर्माण कर लिया था।

प्राधिकरण की भूलेख विभाग की टीम तथा वर्कससससर्किल की टीम ने पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए सभी अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया। इसके बाद नोएडा प्राधिकरण की टीम ने बसई गांव के खसरा संख्या-59,60,61 तथा 62 सेक्टर-68 में भूखंड संख्या 27ए जो पार्क के लिए नियोजित थी। उस पर भूमाफियाओं ने अवैध कब्जा कर लिया था। नोएडा प्राधिकरण की टीम ने यहां पर 4500 वर्ग्गमीटर की जमीन पर हुए निर्माण तथा टीन शेड की चारदिवारी को ध्वस्त कर, जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया।

इस जमीन की बाजारी की कीमत तकरीबन 34 करोड़ रुपए बताई जा रही है। नोएडा प्राधिकरण की टीम ने मदरहुड अस्पताल सेक्टर- 48 के सामने किए जा रहे अवैध निर्माण को मौके पर जाकर रूकवाया तथा शटरिंग ध्वस्त की दी। प्राधिकरण की वर्क सर्किल-3 के अधिकारियों ने थाने में अतिक्रमणकर्ताओं के खिलाऊ एफआईआर दर्ज करवा दी है। प्राधिकरण द्वारा चलाए गए आज के अभियान से भू-माफियाओं तथा आक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# सफाई कर्मियों की हड़ताल से नोएडा के सेक्टर-122 में गंदगी का लगा ढेर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**सेक्टर**-122 में सफाईकर्मी पिछले 14 दिनो से हड़ताल पर हैं। इसके चलते सेक्टर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। यहां पर गंदगी के ढेर लग गए हैं। आरडब्ल्यूए ने इस मामले में प्राधिकरण के अधिकारियों से वार्ता की और हड़ताल को समाप्त कराकर सफाई व्यवस्था को सुचारु कराने गुहार लगाई। सेक्टर-122 की आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष डॉ. उमेश शर्मा ने कहा कि उनके सेक्टर में 33 सफाईकर्मी हैं। पिछले 14 दिनों से ये कर्मचारी हड़ताल पर हैं। उनका आरोप है कि ठेकेदार द्वारा उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया। उनके पास खर्चे के लिए भी रुपये नहीं हैं।

इस संबंध में उन्होंने ठेकेदार से वार्ता की तो ठेकेदार ने कहा कि प्राधिकरण ने उन्हें अब तक भुगतान नहीं किया है तो वह कैसे सफाईकर्मियों के बकाये का भुगतान कर दें। सेक्टर के लोगों का कहना है कि इस हड़ताल के कारण सेक्टर की सफाई नहीं होने से सड़कों और चौराहों पर गंदगी का अंबार लग गया है। गंदगी और दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल है। गंदगी से नालियों के चौक होने से मच्छर पनप रहे हैं। आरडब्ल्यूए की ओर से प्राधिकरण के अधिकारियों से मुलाकात कर सेक्टर की सफाई कराने और हड़ताल को समाप्त कराने के लिए कहा गया है।

प्राधिकरण का इस संबंध में कहना है कि वह ठेकेदार से वार्ता कर सफाईकर्मियों का भुगतान कराकर शीघ्र ही हड़ताल को समाप्त कराकर सेक्टर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराएंगे।

# मारपीट में दो लोग घायल, पिता-पुत्रों समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**जारचा** कोतवाली क्षेत्र के दादूपुर गांव में बीच खेत से ट्रैक्टर निकालने का विरोध करने पर दो लोगों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।

मामले में पिता पुत्रों समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी है। पुलिस ने बताया कि दादूपुर गांव निवासी उमेश कुमार व उसका साथी सुधीर कुमार अपने खेत पर गए थे। खेत पर काम करने के दौरान उमेश राणा, अभिषेक व माधव अपना ट्रैक्टर लेकर आ रहे थे। और सुधीर के बीच खेत से ट्रैक्टर को निकलने लगे। जब सुधीर ने ट्रैक्टर को रास्ते से लाने के लिए कहा तो उमेश अभिषेक गाली गलौज करने लगे। इस बात पर सुधीर ने तहजीब से बात करने के लिए कहा ?। इसी बात को लेकर उमेश, अभिषेक और माधव ने मिलकर सुधीर को मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच उमेश भी आ गया। तीनों ने मिलकर उमेश पर भी लाठी डंडों से हमला कर दिया। उमेश व सुधीर गंभीर रूप से घायल हो गए । शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए । आसपास के लोगों को देख जान से मारने की धमकी देते हुए ट्रैक्टर पर पिता पुत्र तीनों फरार हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया । घटना की रिपोर्ट पिता पुत्र तीनों के खिलाफ दर्ज कराई गई है ।

# किशोरी को भगाने के मामले में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

- करीब पांच माह पूर्व घर के सोने चांदी के जेवरात व 45 हजार रुपए चोरी का भी आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**जारचा** कोतवाली क्षेत्र के खटाना गांव में करीब पांच माह पूर्व घर रखे सोने चांदी के जेवरात व 45 हजार रुपए की नकदी चोरी करने के साथ नाबालिग किशोरी को बहला फसला कर ले गया। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने पर इस मामले में न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में लगी है।

पुलिस ने बताया कि खटाना गांव में जयवीर परिवार के साथ रहता है । जयवीर के पास जनपद मुजफ्फरनगर के गालिबपुर गांव निवासी रवि कुमार का आना जाना था। जो तंत्र विद्या का काम करता था। 13 दिसंबर वर्ष 2023 को वह जयवीर के घर में रखें सोने चांदी के जेवरात एवं 45 हजार रुपए की नकदी चोरी कर लिया। और उसकी नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर ले गया। इस मामले की शिकायत जारचा पुलिस से की गई। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई । परेशान होकर 28 फरवरी वर्ष 2024 को इस मामले की शिकायत पुलिस आयुक्त से की गई। उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। परेशान होकर पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर रवि कुमार के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है । पुलिस मामले की जांच में लगी है।

# नाबालिग को प्रेम में फंसाने के मामले में नामजद रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने 25 अप्रैल को प्रेमजाल में फंसाकर दिया वारदात को अंजाम

**नोएडा** के जारचा कस्बा से 5 दिन पूर्व किशोरी को प्रेम जाल में फंसा कर एक युवक ले गया। इस मामले में कोतवाली में नामजद रिपोर्ट कराई गई है। पुलिस किशोरी व आरोपी की तलाश में लगी है। पुलिस ने बताया कि जारचा कस्बा में किशोरी परिवार के साथ रहती थी।

पड़ोस में रहने वाला एक युवक किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और 25 अप्रैल को घर पर किशोरी अकेली होने के चलते बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। जब किशोरी देर शाम तक परिजनों को नहीं मिली तो आसपास तलाश किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली । उसके बाद कई दिनों तक किशोरी को सगे संबंधी एवं अन्य स्थानों पर भी तलाश किया। लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।

पांच दिन बाद इस मामले की रिपोर्ट कोतवाली में नामजद कराई गई है। पुलिस किशोरी व आरोपी की तलाश में लगी है।

# प्रेमिका के भाई पर युवक को गोली मारने का आरोप

- यमुना पुस्ता रोड पर टेंपो चालक को रविवार रात किसी अज्ञात ने मारी थी गोली

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**यमुना** पुस्ता रोड पर रविवार को टेंट हाउस में काम करने वाले टेंपो चालक को गोली मारने के मामले में पीड़ित की प्रेमिका के भाई के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सेक्टर-126 थाना प्रभारी ने बताया कि प्रवीन कुमार रविवार की रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका सेक्टर-93 में लक्ष्मण टेंट हाउस है। उनके वहां पर 28 वर्षीय रिंकू निवासी बदायूं छह वर्षों से टेंपो चालक है। वह रविवार रात को टेंट हाउस का सामान लेने के लिए सेक्टर-137 गया था। वापस लौटते समय यमुना पुस्ता रोड पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे गोली मार दी। उसके साथ टेंपो का खलासी सरोज भी था। उसने टेंट के मालिक को इसकी सूचना दी। प्रवीन कुमार और उनके भाई जितेंद्र कुमार ने रिंकू को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया और पुलिस को सूचित किया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रवीन कुमार ने घायल रिंकू की प्रेमिका पूजा के भाई पर उसे गोली मारने का शक जाहिर कर मुकदमा दर्ज करवाया है। रिंकू के दूर के मामा की शादीशुदा बेटी पूजा से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह दिल्ली के मदनपुर खादर में रहती है। रिंकू तीन माह पहले पूजा को मदनपुर खादर से अपने साथ नोएडा लाया था। वह छह-सात दिन तक उसके साथ रही थी। इसके बाद नाते रिश्तेदारी के लोग इकट्ठा होकर आए और दोनों पक्षों में पंचायत हुई। इसके बाद पूजा को वे लोग वापस ले गए। इसी रंजिश में रिंकू को गोली मारी गई है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# पासपोर्ट का नवीनीकरण नहीं होने पर कार्यालय पहुंचे राकेश टिकैत

- कार्यालय पर धरना देने पहुंचे किसान नेता, अधिकारी के आश्वासन के बाद मान गए

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**भारतीय** किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैट ने आरोप लगाया कि सरकार के इशारे पर पासपोर्ट कार्यालय उनके पासपोर्ट का नवीनीकरण नहीं कर रहा है। पासपोर्ट नवीनीकरण नहीं होने से नाराज राकेश टिकैत आज हापुड़ चुंगी स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय पर धरना देने पहुंचे थे लेकिन क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी के आश्वासन के बाद धरने की योजना को स्थगित कर दिया।

बाद में मीडिया से बात करते हुए किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि दो साल से उनके पासपोर्ट का नवीनीकरण नहीं किया जा रहा है। मुजफ्फरनगर ऑफिस में पता करने पर कहा जाता है कि सभी कागजात गाजियाबाद क्षेत्रीय कार्यालय को भेज दिया गया है। वहीं से नवीनीकरण होगा, लेकिन गाजियाबाद ऑफिस से पता करने पर कहा जाता है कि अभी कागजात नहीं मिले हैं। राकेश टिकैत ने सवाल किया कि क्या जितने भी पासपोर्ट बन रहे हैं, उनमें से एक के खिलाफ में मामला दर्ज नहीं है। सरकार नहीं चाहती कि वे विदेश जाए। षडयंत्र के तहत एनओसी नहीं दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि अब नौबत ऐसी आ गई है कि आम आदमी को हर काम के लिए धरना-प्रदर्शन करना पड़ रहा है। अगर उनके पासपोर्ट का नवीनीकरण नहीं किया जाता है तो वे अपने समर्थकों के साथ क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय पर धरना देने को विवश होंगे। राकेश टिकैत ने आज क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी से इस मुददे पर मुलाकात की तो उन्हें आश्वासन दिया गया कि मुजफ्फरनगर से एनओसी मिलने के तुरंत बाद उनके पासपोर्ट का नवीनीकरण कर दिया जाएगा।

राकेश टिकैत ने 1999 में अपना पासपोर्ट बनाया था। उन्होंने यूरोप समेत दुनिया के 25 देशों की यात्रा की है। इस मौके पर राकेश टिकैत के साथ भाकियू के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह, युवा इकाई के जिलाध्यक्ष छोटे चौधरी, राजेन्द्र सिंह, यशवीर चौधरी, महेश यादव, सतेंद्र तेवतिया, सचिन तेवतिया समेत बड़ी संख्या में भाकियू के कार्यकर्ता व किसान मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार



### महिला स्वास्थ्य पर सम्मेलन का आयोजन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति के दृष्टिकोण के अनुरूप, वूमेन्स हेल्थ इन इंडिया कॉन्फ्रेंस( डब्ल्यूएचआई 2024) का राजधानी में आयोजन किया गया। सम्मेलन ने महिलाओं पर रोगों के प्रभाव को कम करने के लिए साक्ष्य-आधारित रणनीतियों और सहयोग पर चर्चा किया गया। सम्मेलन में सर्जन वाइस एडमिरल (डॉ.) आरती सरीन, एवीएसएम, वीएसएम, डीजीएमएस (नौसेना) बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थीं। कार्यक्रम में फोर्टिस ला फेम को 'मोस्ट पॉपुलर मैटरनिटी हॉस्पिटल' पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मधु गोयल, नीति आयोग उपाध्यक्ष कार्यालय की निदेशक, डॉ. उर्वशी प्रसाद, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) में प्रोडक्ट मैनेजर देविका भाटिया, डब्ल्यूएचओ में मानसिक स्वास्थ्य सलाहकार डॉ. प्राची संभाजी शारदा, डॉ. रीना वलेचा बलानी, डॉ. चारू शर्मा मौजूद थीं।

### ढाबे पर हुए विवाद में युवक पर अंधाधुंध फायरिंग

**गाजियाबाद ।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र स्थित रोडवेज डिपो के पास एक ढाबे पर खाना खा रहे गुटों के बीच झगड़ा हो गया। इसी को लेकर निखिल और आदित्य के गुट ने दूसरे गुट गौरव शर्मा पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि गौरव शर्मा को सात गोलियां लगी है। उसकी हालत नाजुक है। श्री वर्मा ने बताया कि हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं। श्री वर्मा ने बताया कि जिस युवक को गोलियां लगी है, वह रामलीला में हनुमान का रोल अदा करता है।

### ईको वैन चुराने वाले अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** दिल्ली-एनसीआर समेत कई सूबो में केवल ईको वैन चुराने में महारथ रखने वाले अंतरराज्यीय वाहन चोर गैंग के दो बदमाशों को सिहानी गेट थाने के एसएचओ रवेंद्र गौतम की टीम ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। इस संदर्भ में एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह का कहना है कि पकड़े गये बदमाशों के नाम रोहताश निवासी आगरा व बलराम निवासी मथुरा हाल संगम विहार हैं। यह गैंग अबतक दिल्ली-एनसीआर से ही दर्जनों ईको वैन चुरा चुका है।

### दुष्कर्म के आरोप पर मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद।** थानाक्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली 23 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया है कि पास की कॉलोनी में रहने वाले आसिफ से उसके प्रेम संबंध थे। आसिफ शादी का झांसा देकर दो वर्षों तक उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। जब उसने आसिफ से शादी के लिए कहा तो वह मुकर गया। जब उसने शिकायत की तो आसिफ के भाई आरिफ और उसकी पत्नी मौहसीना ने धमकी देकर भगा दिया। पीड़िता ने आसिफ, आरिफ और मौहसीना के विरुद्ध केस दर्ज करा दिया है।

## आध्यात्म जीवन का सही तरीका : आचार्य प्रशांत

**नोएडा।** प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक और पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशांत ने कहा है कि अध्यात्म कोई धर्म नहीं है। यह होशपूर्वक सही जिंदगी जीने का तरीका है। कुछ तथाकथित धर्मगुरुओं की वजह है कि लोग अध्यात्म को कम, किस्से-कहानियों और चमत्कार पर ज्यादा भरोसा करते हैं। आचार्य प्रशांत नॉलेज पार्क स्थित केसीसी कॉलेज में आयोजित संत सरिता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

# कार अनियंत्रित होकर पलटी, दो घायल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में तिलपता गोल चक्कर के समीप रविवार की रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

सूरजपुर कोतवाली प्रभारी पुष्पराज सिंह ने बताया कि रविवार की रात तिलपता गोल चक्कर के समीप एक तेज रफ्तार बलेनो कार अनियंत्रित होकर पलट गई थी। हादसे में रजनीश शर्मा और प्रशांत चौधरी निवासी जनपद बुलंदशहर को हाथ और पैर में चोट आई। पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया।

वहीं, हादसे के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए जाम लग गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को साइड करवाया। इसके बाद यातायात सामान्य हुआ।

# 'दवा बीच में छोड़ने की गलती न करें टीबी मरीज'

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- मुरादनगर में क्षय रोगियों को पुष्टाहार वितरण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने दी जानकारी



**टीबी** रोगी नियमित रूप से दवा खाएं। बीच में दवा छोड़ने की गलती कतई न करें। एक भी दिन दवा छोड़ने पर बैक्टीरिया टीबी की दवाओं के खिलाफ मजबूत हो जाता है और दवाएं असर करना छोड़ देती हैं। ऐसी स्थिति में उपचार ज्यादा लंबा और मुश्किल हो जाता है।

यह बातें सोमवार को मुरादनगर सीएचसी पर क्षय रोगियों को पुष्टाहार वितरण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल ने कहीं। सीडीओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। रोटेरियन डॉ. अमिता महेन्द्रु और कैप्टन डॉ. अनिल महेंद्रु की शादी की सालगिरह के मौके पर 100 क्षय रोगी गोद लिए गए। इन रोगियों को आरएचएएम फाउंडेशन के द्वारा पुष्टाहार पोटली वितरण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. भवतोष शंखधर ने कहा कि टीबी का बैक्टीरिया शरीर के किसी भी अंग को प्रभावित कर सकता है, लेकिन सबसे अधिक यह फेफड़ों को प्रभावित करता है। टीबी का बैक्टीरिया रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने पर सक्रिय होता है, बेहतर खानपान से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत रखकर टीबी से बचाव किया जा सकता है।

कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अमित विक्रम और एमओआईसी डॉ. राजेश तेवतिया, आरएचएएम फाउंडेशन के संस्थापक डा. धीरज भार्गव, दयानंद शर्मा और मनीषा भार्गव उपस्थित रहीं।

# जेवीसीसी क्लब ने उत्साह के साथ मनाया लॉफ्टर-डे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** स्थित जेवीसीसी लाफ्टर क्लब में बड़े उत्साह, जोश और खुशी से विश्व हास्य दिवस मनाया गया। नोएडा के जलवायु विहार कम्युनिटी सेंटर (जेवीसीसी) लाफ्टर क्लब के सदस्यों ने अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ जेवीसीसी, सेक्टर-21 में विश्व हास्य दिवस का आयोजन किया।

नोएडा में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया और उन्हें मुख्य अतिथि, कमोडोर आर नाथ, अध्यक्ष, जेवीसीसी और डॉ राज रैना, अपोलो अस्पताल, नोएडा के सीईओ द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान जेवीसीसी लाफ्टर क्लब के संस्थापक कमोडोर अशोक साहनी (सेवानिवृत्त) ने 30 मिनट का लाफ्टर योग सत्र आयोजित किया। उपस्थित लगभग सभी 450 लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और दिल खोलकर हंसे। लगभग 170 सदस्यों वाला यह क्लब हर साल इस दिन को मनाता है। नोएडा के उत्साही लोगों की भीड़ में बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के लोग शामिल थे और उन्होंने सक्रिय रूप से भाग लिया। नोएडा में आयोजित लोकप्रिय हँसी अभ्यासों में शेर हँसी, मौन हँसी और ढाल हँसी शामिल थे। साथ ही बहुत लोकप्रिय बॉलीवुड हँसी योग नृत्य और कृतज्ञता गीत, जिसमें पूरी सभा ने सबसे अधिक खुशी से भाग लिया।

# पूर्व मंत्री, विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह का दो वर्ष बाद भाजपा से निष्कासन रद्द

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने पार्टी से छह वर्ष के लिए निष्कासित विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) व पूर्व मंत्री यशवंत सिंह का निष्कासन दो वर्ष बाद सोमवार को समाप्त करते हुए उनकी वापसी की घोषणा की है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी। योगी आदित्यनाथ के 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद छह माह के भीतर उनके विधानमंडल का सदस्य बनने के लिए इस्तीफा दे कर विधान परिषद की अपनी सीट खाली करने की वजह से यशवंत सिंह सुर्खियों में आ गए थे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री, एमएलसी व मुख्यालय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को यशवंत सिंह को पत्र जारी कर उनका निष्कासन समाप्त कर दिया है। सिंह से अपेक्षा की गई है कि वह पुन: पार्टी के विचारों के प्रति समर्पण व निष्ठा के साथ पूर्ण मनोयोग से कार्य करेंगे। भाजपा ने अप्रैल, 2022 में विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) यशवंत सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में तत्काल प्रभाव से भाजपा से छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया था। भाजपा के प्रदेश महामंत्री और मुख्यालय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ल ने यशवंत सिंह को पत्र भेजकर कहा था कि आजमगढ़-मऊ स्थानीय निकाय प्राधिकारी क्षेत्र से पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ अपने पुत्र विक्रांत सिंह रिशू को निर्दलीय (विधान परिषद चुनाव) चुनाव लड़ाने व प्रचार प्रसार करने की शिकायत प्राप्त हुई है। शुक्ल ने पत्र में लिखा था जिला एवं क्षेत्र द्वारा प्रेषित रिपोर्ट को प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने संज्ञान में लिया और उनके निर्देश पर आपको (यशवंत सिंह) पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ बेटे को निर्दलीय चुनाव लड़ाने एवं पार्टी विरोधी कार्य करने के कारण तत्काल प्रभाव से पार्टी से छह वर्ष के लिए निष्कासित किया जाता है। उत्तर प्रदेश में 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद यशवंत सिंह ने विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उस समय यशवंत सिंह समाजवादी पार्टी (सपा) से विधान परिषद के सदस्य थे और जब योगी ने 2017 में उप्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली तब वह विधानमंडल के किसी सदन के सदस्य नहीं थे। नियमानुसार छह माह के भीतर ही योगी को विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य बनना जरूरी था। उस समय सबसे पहले यशवंत सिंह ने विधान परिषद की सदस्यता से त्यागपत्र देकर योगी के लिए विधान परिषद की राह आसान की थी। योगी 2017-2022 के अपने पहले कार्यकाल में विधान परिषद सदस्य रहे और इस बार विधानसभा चुनाव में गोरखपुर शहर क्षेत्र से विधायक चुने गए हैं। यशवंत सिंह को बाद में भाजपा ने विधान परिषद में भेजा। उनका कार्यकाल पांच मई 2024 तक है। भाजपा ने स्थानीय प्राधिकारी क्षेत्र से हो रहे विधान परिषद सदस्य के चुनाव में आजमगढ़-मऊ से अरुण यादव को अपना अधिकृत उम्मीदवार बनाया था, लेकिन वहां यशवंत सिंह के पुत्र विक्रांत सिंह चुनाव में उतर गए। इसी कारण यशवंत को भाजपा से निष्कासित किया गया। यशवंत सिंह के बेटे विधान परिषद का चुनाव जीत गए और भाजपा को शिकस्त मिली थी। राजनीतिक जानकार ने बताया कि यशवंत सिंह घोसी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। घोसी में सातवें चरण में एक जून को मतदान होगा। भाजपा ने सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) प्रमुख ओमप्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर को गठबंधन के तहत यह सीट दी है।

## गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मतदाता

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि 25 लाख से अधिक मतदाताओं के साथ गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में राज्य में किसी भी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मुकाबले सबसे अधिक मतदाता हैं। गुरुग्राम में 25,46,916 मतदाता हैं जिनमें से 13,47,521 पुरुष, 11,99,317 महिला और 78 ट्रांसजेंडर हैं जबकि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में 24,14,168 मतदाता हैं जिनमें से 13,10,206 पुरुष, 11,03,844 महिला और 118 ट्रांसजेंडर हैं। हरियाणा में सभी 10 लोकसभा सीटों के लिए मतदान 25 मई को होगा। मतगणना चार जून को होगी। चुनाव के लिए अधिसूचना आज यानी सोमवार को जारी कर दी गई। नामांकन दाखिल करने की समयसीमा छह जून है। सात जून को नामांकन पत्रों की छंटनी की जाएगी और उम्मीदवार नौ मई तक अपने नामांकन वापस ले सकते हैं।

हरियाणा में 2019 के लोकसभा चुनाव में 70.36 प्रतिशत मतदान हुआ था। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अग्रवाल ने कहा, इस बार लक्ष्य है कि मतदान कम से कम 75 प्रतिशत तक बढ़े। उन्होंने कहा कि इसके लिए निर्वाचन आयोग ने क्यू एप में मतदाता की जानकारी देना, विवाह निमंत्रण पत्रों की तरह मतदाताओं को मतदान निमंत्रण पत्र भेजना और गुरुग्राम की बहुमंजिला सोसायटी में 31 मतदान बूथ लगाने समेत कई विशिष्ट कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में 10 लोकसभा सीटों पर।,99,81,982 लोग मतदान के पात्र हैं। अग्रवाल के अनुसार अंबाला में 10,51,443 पुरुष मतदाता, 9,35,635 महिला मतदाता और 76 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। इसी प्रकार, कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में 9,38,029 पुरुष मतदाता, 8,50,439 महिला मतदाता और 23 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं, जबकि सिरसा संसदीय क्षेत्र में 10,20,510 पुरुष मतदाता, 9,11,339 महिला मतदाता और 41 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि हिसार लोकसभा क्षेत्र में 9,52,598 पुरुष मतदाता, 8,32,569 महिला मतदाता और 11 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं, जबकि करनाल में 11,03,606 पुरुष मतदाता, 9,92,721 महिला मतदाता और 37 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। सोनीपत में 9,40,969 पुरुष मतदाता, 8,20,483 महिला मतदाता और 44 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। अग्रवाल ने कहा कि रोहतक लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 18,83,383 है, जिनमें से 9,96,702 पुरुष, 8,86,660 महिला और 21 ट्रांसजेंडर पंजीकृत मतदाता हैं। इसी प्रकार, भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में कुल 17,86,942 पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें से 9,42,692 पुरुष, 8,44,237 महिलाएं और 13 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा गर्म मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को अपने-अपने जिले के मतदान केंद्रों पर ठंडे पानी, कूलर-पंखे और तंबू के इंतजाम समेत अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के विशेष निर्देश दिए गए हैं। 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की जाएगी।

## इंदौर से कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय बम ने पर्चा वापस लिया, भाजपा में शामिल हुए

पायनियर समाचार सेवा। इंदौर



**पिछले** 35 साल से इंदौर लोकसभा सीट पर जीत की बाट जोह रही कांग्रेस के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए सोमवार को नामांकन वापसी के आखिरी दिन अपना पर्चा वापस ले लिया। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में औपचारिक रूप से शामिल हो गए। चश्मदीदों ने बताया कि बम, स्थानीय भाजपा विधायक रमेश मेंदोला के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और उन्होंने अपना पर्चा वापस लिया। लौटते वक्त वह पत्रकारों के सवालों को अनसुना करते हुए मेंदोला के साथ गाड़ी में बैठकर रवाना हो गए।

जिलाधिकारी आशीष सिंह ने बम के नामांकन वापस लेने की पुष्टि की। उन्होंने संवाददाताओं को बताया, कांग्रेस उम्मीदवार बम समेत तीन उम्मीदवारों ने आज तय प्रक्रिया के तहत अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। इंदौर सीट के उम्मीदवारों के नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 29 अप्रैल (सोमवार) थी। इस क्षेत्र में 13 मई को मतदान होगा और चार जून को मतगणना की जाएगी। इस बीच, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने एक्स खाते पर एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें बम उनके साथ कार में बैठे नजर आ रहे हैं। गाड़ी में उनके साथ भाजपा विधायक मेंदोला भी नजर आए। मेंदोला को विजयवर्गीय का विश्वस्त माना जाता है। विजयवर्गीय ने तस्वीर के साथ लिखा, इंदौर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय कांति बम का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के नेतृत्व में भाजपा में स्वागत है। इस बीच, बम के पत्रकार कॉलोनी स्थित घर के बाहर पुलिस तैनात कर दी गई है। उनके घर के बाहर कांग्रेस के स्थानीय नेता जुटने शुरू हो गए हैं। भाजपा का मजबूत गढ़ कहे जाने इंदौर में कांग्रेस ने एकदम नए-नवेले चेहरे बम (45) को अपना उम्मीदवार बनाया था। बम पेशे से कारोबारी हैं और उनका परिवार शहर में निजी महाविद्यालयों का संचालन करता है। बम ने अपने राजनीतिक कॅरियर में अब तक एक भी चुनाव नहीं लड़ा है। कांग्रेस ने उन्हें इंदौर से ऐसे वक्त उम्मीदवारी का मौका दिया था, जब जिले में कांग्रेस के तीन पूर्व विधायकों समेत पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता लोकसभा चुनावों से पहले पाला बदलकर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इंदौर सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा के निवर्तमान सांसद शंकर लालवानी (62) और बम के बीच होना माना जा रहा था।

## हरसिमरत सत्ता विरोधी लहर का सामना कर रहीं : बठिंडा से भाजपा उम्मीदवार

### एक साक्षात्कार में यह जानकारी दी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**बठिंडा** लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार परमपाल कौर सिद्धू इस सीट से मौजूदा सांसद और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल को चुनौती नहीं मानतीं और उनका दावा है कि हरसिमरत के खिलाफ इस क्षेत्र में सत्ता विरोधी मजबूत लहर है। बठिंडा निर्वाचन क्षेत्र शिअद का गढ़ माना जाता है और शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल की पत्नी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने 2009, 2014 और 2019 के आम चुनाव में इस सीट से जीत हासिल की थी। उन्हें शिअद ने इस सीट से पुन: उम्मीदवार बनाया है। सिद्धू वरिष्ठ अकाली नेता सिकंदर सिंह मलूका की पुत्रवधू हैं। वह और उनके पति गुरप्रीत सिंह मलूका हाल में भाजपा में शामिल हुए थे जबकि सिकंदर सिंह अब भी सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व वाली पार्टी में हैं। सिद्धू 2011 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी है और उन्होंने राजनीति में शामिल होने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी थी। सिद्धू ने कहा, वह (हरसिमरत) कोई बड़ी चुनौती नहीं हैं। उनके खिलाफ सत्ता विरोधी मजबूत लहर है। वह कभी जनता के संपर्क में नहीं रहीं। उन्होंने दावा किया कि पंजाब के पांच बार मुख्यमंत्री रहे और शिअद संरक्षक दिवंगत प्रकाश सिंह बादल की बहू हरसिमरत कौर बादल 2019 में भाजपा के समर्थन के कारण जीती थीं। सिद्धू ने पीटीआई-भाषा से कहा, भाजपा के समर्थन के बिना उन्हें अब यह सीट जीतने के बारे में सोचना भी नहीं चाहिए। भाजपा 1996 के बाद पहली बार पंजाब में अपने दम पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। शिअद कृषि कानूनों को लेकर 2020 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से अलग हो गया था। इन कृषि कानूनों को निरस्त किया जा चुका है। उन्होंने बादल पर भाजपा के कार्यों का श्रेय लेने का आरोप लगाया। सिद्धू ने कहा कि जब उनके ससुर स्वयं भाजपा की लहर देखेंगे और महसूस करेंगे कि जनता की राय भाजपा के पक्ष में है, तो उन्हें यकीन हो जाएगा कि उन्होंने (सिद्धू और उनके पति ने) सही निर्णय लिया है। पूर्व केबिनेट मंत्री सिकंदर सिंह मलूका ने पहले कहा था कि उन्होंने अपने बेटे और बहू को भाजपा में शामिल होने से रोकने की कोशिश की थी। सिद्धू ने आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार में पंजाब में कोई सकारात्मक बदलाव नजर नहीं आता। भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए सिद्धू ने शिअद पर इन आंदोलन की योजना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि ऐसे विरोध प्रदर्शन के शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद उनकी तस्वीरें शिअद के फेसबुक पर अपलोड हो जाती हैं। बठिंडा सीट से, बादल और सिद्धू के अलावा आप के गुरमीत सिंह खुड्डियां और कांग्रेस पार्टी के जीत मोहिंदर सिद्धू चुनावी मैदान में है।

## बीएलओ से हाथापाई करने पर विधायक को नोटिस

**अगरतला।** त्रिपुरा पूर्व लोकसभा सीट पर मतदान के दौरान एक निर्वाचन अधिकारी से कथित तौर पर हाथापाई करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक को नोटिस भेजा है और 26 अप्रैल को एक पीठासीन अधिकारी से मारपीट करने के आरोप में भाजपा की जिला इकाई के अध्यक्ष के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि बागबासा विधानसभा सीट से भाजपा विधायक यादव लाल नाथ को जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) ने उत्तर त्रिपुरा जिले में एक मतदान बूथ पर बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से कथित तौर पर हाथापाई करने को लेकर 28 अप्रैल को एक नोटिस भेजा। उन्होंने बताया कि भाजपा विधायक और उनके साथी 26 अप्रैल को मतदान के दौरान त्रिपुरा पूर्व लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले इस बूथ में पहुंचे और बीएलओ चिन्मय दास से कथित तौर पर हाथापाई की। उन्होंने बताया कि आरोपों के आधार पर जिला निर्वाचन अधिकारी देबप्रिय बर्द्धन ने विधायक यादव लाल नाथ को एक नोटिस जारी कर उनसे यह पूछा कि वह भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का उल्लंघन कर बूथ में क्यों घुसे और बीएलओ से मारपीट क्यों की। भाजपा के उत्तर त्रिपुरा जिला अध्यक्ष काजल दास और उनके समर्थकों के खिलाफ 26 अप्रैल को मतदान के दौरान इसी बूथ पर एक पीठासीन अधिकारी से मारपीट करने के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव: नदी किनारे स्थित श्रीशैलम में जल संकट बना अहम मुद्दा



पायनियर समाचार सेवा। श्रीशैलम

**बांध** के निकट रहने के बावजूद आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण परिवार जल संकट से जूझ रहे हैं। श्रीशैलम बांध से सिर्फ पांच से सात किलोमीटर दूर स्थित श्रीशैलम मंडल के सुन्नीपेंटा गांव के कई निवासियों को सप्ताह में एक बार और कभी-कभी 10 दिन में एक बार पाइप से पानी मिल पा रहा है। कम बारिश के कारण बांध में जलस्तर गिर गया है जिसके कारण जलसंकट और बढ़ गया है। राज्य में 13 मई को होने वाले विधानसभा चुनावों में यह एक अहम मुद्दा बन गया है। श्रीशैलम विधानसभा क्षेत्र में लगभग 1.9 लाख मतदाता हैं और इसके पांच मंडलों में से श्रीशैलम और आत्माकुर मंडल में पानी की कमी की समस्या गंभीर है। सुन्नीपेंटा बस अड्डे पर शीतल पेय पदार्थों की दुकान चलाने वाले हुसैन ने कहा, हम कई वर्षों से पानी की कमी से जूझ रहे हैं और कुछ भी नहीं बदला है। सात दिन हो गए हैं, पाइप से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है।

उन्होंने कहा कि ठीक चार महीने पहले मौजूदा वाईएसआरसीपी सरकार ने गांव में पानी की पांच टंकियां बनवाई थीं लेकिन कुछ क्षेत्रों में नल का कनेक्शन अभी तक नहीं पहुंच पाया है। गांव के एक अन्य निवासी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा, ऐसा नहीं है कि गांव की मांग को पूरा करने के लिए जलाशय में पानी नहीं है। समस्या कुछ और है। उन्होंने कहा कि बांध से पानी पंप करने के लिए जनशक्ति का अभाव, मोटर की बार-बार मरम्मत और पर्याप्त नल कनेक्शन न होना जल संकट के मुख्य कारण हैं। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के उम्मीदवार बुड्डा राजा शेखर रेड्डी ने कहा, यह एक विरोधाभास है कि बांध में पानी है।

## लोकसभा चुनाव : राजनाथ सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लखनऊ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्य मुख्यालय से प्रमुख नेताओं और समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

निर्वाचन अधिकारी के समक्ष सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी की उपस्थिति में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सिंह ने सबसे पहले 2014 में लखनऊ सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और विजई हुए। 2019 में भी यहां से उन्होंने अपनी जीत बरकरार रखी। रक्षा मंत्री तीसरी बार लखनऊ से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने भी प्रतिष्ठित लखनऊ निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। भाजपा मुख्यालय से सिंह जब नामांकन पत्र दाखिल करने निकले तो उनके साथ योगी आदित्यनाथ, पुष्कर सिंह धामी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत कई प्रमुख नेता थे। लखनऊमें लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा।

## बीजद, भाजपा, कांग्रेस में कालाहांडी में बदलाव का श्रेय लेने की होड़ मचीअ नए चेहरे उतारे

पायनियर समाचार सेवा। भवानीपाटणा



**एक** समय 1980 के दशक में सूखे और भुखमरी से होने वाली मौतों के लिए कुख्यात पश्चिमी ओडिशा के कालाहांडी लोकसभा क्षेत्र की सूरत ही बदल गई है और विभिन्न राजनीतिक दलों में इसके विकास का श्रेय लेने की होड़ मच गई है। ऐसा लगता है कि इंद्रावती सिंचाई परियोजना और संशोधित दीर्घकालिक कार्य योजना (आरएलटीएपी) जैसी योजनाओं ने इस क्षेत्र के लिए चमत्कार किया है। बीजू जनता दल (बीजद), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में क्षेत्र में उनके उम्मीदवार की जीत होने पर और विकास करने का वादा किया है। तीनों दलों ने इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए लोकसभा चुनाव के लिए नए चेहरे उतारे हैं कि कालाहांडी ने पिछले तीन संसदीय चुनाव में हर बार नए सांसद का चुनाव किया है।

कालाहांडी सीट से 2009 के आम चुनाव में कांग्रेस के भक्त चरण दास ने जीत दर्ज की थी जबकि बीजद के अर्क केशरी देव और भाजपा के बसंत कुमार पांडा ने क्रमश: 2014 और 2019 में जीत दर्ज की थी। बीजद ने इस सीट से इस बार लंबोदर नियाल और भाजपा ने मौजूदा सांसद के स्थान पर मालविका केशरी देव को उम्मीदवार बनाया है जो कालाहांडी के शाही परिवार की सदस्य हैं। कांग्रेस ने आदिवासी समुदाय की सदस्य द्रौपदी माझी को प्रत्याशी बनाया है। बीजद नेता सुजीत कुमार ने दावा किया कि कालाहांडी में अब एक हवाई पट्टी, एक मेडिकल कॉलेज, एक विश्वविद्यालय और कई अन्य परियोजनाएं हैं जो उसकी स्थिति में आए बदलाव को दर्शाती हैं। कालाहांडी का पूर्ववर्ती भुखमरी क्षेत्र अब राज्य में धान का प्रमुख उत्पादक है।

यह क्षेत्र बारगढ़ के बाद राज्य की खाद्य सुरक्षा के दूसरे सबसे अधिक योगदानकर्ताओं में से एक है। उन्होंने इसका पूरा श्रेय मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के प्रयासों को दिया जिसके कारण कालाहांडी की सूरत ही बदल गई। बीजद के कालाहांडी के लोकसभा उम्मीदवार लंबोदर नियाल के लिए प्रचार करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता वी के पांडियन ने कहा, परिवार का मुखिया होने के नाते मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आप सभी का ध्यान रखा है। उन्होंने बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना उपलब्ध कराई, स्कूलों में बदलाव, अस्पतालों में सुधार किया और कालाहांडी में अन्य कार्य किए। भाजपा ने भी कालाहांडी के बदलाव के लिए श्रेय लेने का प्रयास किया। भाजपा के मौजूदा सांसद बसंत कुमार पांडा ने दावा किया कि उनके कार्यकाल में 3,000 करोड़ रुपए की महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी की गईं। पांडा ने दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने क्षेत्र में दूरसंचार संपर्क में भी सुधार किया जिससे लोग काफी खुश हैं। भाजपा ने इस बार मालविका केशरी देव को खड़ा किया है क्योंकि कालाहांडी के शाही परिवार का कालाहांडी के मतदाताओं पर विशेष प्रभाव माना जाता है।

## प्रधानमंत्री हमारे न्याय पत्र के बारे में गोएबल्स से प्रेरणा ले कर बात करते हैं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसके चुनावी घोषणा पत्र के बारे में जर्मनी के पूर्ववर्ती नाजी प्रचार मंत्री जोसेफ गोएबल्स से प्रेरणा ले कर बात करते हैं। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र नाम दिया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, संपूर्ण राजनीति विज्ञान में एमए के लिए नरेन्द्र मोदी जी ने निश्चित रूप से प्रचार के संबंध में जोसेफ गोएबल्स को पढ़ा होगा और उनसे प्रेरणा ली होगी।

उन्होंने उल्लेख किया कि गोएबल्स ने कहा था, यदि आप बहुत बड़ा झूठ बोलते हैं और उसे दोहराते रहते हैं, तो लोग अंतत: उस पर विश्वास करने लगेंगे। गोएबल्स जर्मन शासक एडोल्फ हिटलर के प्रचार मंत्री थे। कांग्रेस महासचिव ने दावा किया, एक टीवी चैनल को दिए अपने नवीनतम साक्षात्कार में निवर्तमान प्रधानमंत्री ने एक बार फिर कांग्रेस के न्यायपत्र के बारे में स्पष्ट रूप से, खुलेआम और बेशर्मी से झूठ बोला है।
यह एक बार फिर साबित करता है कि मोदी का आदर्श वाक्य हमेशा असत्यमेव जयते रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री जब जब बोलते हैं तो सत्य की बेरहमी से हत्या होती है।

## मुलायम सिंह के परिवार से घबराई हुई है भाजपा : शिवपाल यादव



पायनियर समाचार सेवा। बदायूं, उप्र

**समाजवादी** पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता एवं विधायक शिवपाल सिंह यादव ने सोमवार को दावा किया कि परिवारवाद को लेकर सपा पर अक्सर हमला करने वाली सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दरअसल मुलायम सिंह यादव के परिवार से घबराई है और उसके नेता इस खानदान के खिलाफ जितना बोलेंगे, लोकसभा चुनाव में सपा की जीत का अंतर उतना ही बढ़ता जाएगा। यादव ने पीटीआईभाषा से बातचीत में दावा किया कि तीसरे चरण के चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 10 सीट पर सपा और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के उम्मीदवारों की जीत होगी।

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह के इस आरोप पर कि सपा के पास जो कुछ भी है वह पार्टी के लिए नहीं बल्कि सिर्फ एक परिवार के लिए ही है, यादव ने कहा, भारतीय जनता पार्टी के लोग नेताजी (सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव) के परिवार से ही तो घबराए हुए हैं। वे नेता जी और हमारे परिवार के खिलाफ जितना ज्यादा बोलेंगे उतना ही सपा प्रत्याशियों की जीत का अंतर बढ़ेगा। लोकसभा चुनाव में पिछली बार के मुकाबले कम मतदान प्रतिशत दर्ज होने के बारे में यादव ने कहा, हमारा मतदाता तो मजदूर और किसान है। उसको धूप और गर्मी से फर्क नहीं पड़ता। हमारा मतदाता तो वोट डाल रहा है। भाजपा का वोट बैंक घर से नहीं निकल रहा है, इसीलिए भाजपा में बहुत घबराहट है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल में कहा था कि शिवपाल यादव की उम्र हो चुकी है, इसी वजह से उन्होंने बदायूं लोकसभा सीट से अपना नाम वापस लेकर अपने बेटे आदित्य को टिकट दिलवा दिया। इस बारे में पूछे गए सवाल पर यादव ने कहा, मेरी जितनी भी उम्र है, मैं एक दिन में 40-40 सभाएं कर रहा हूं। योगी जी इस उम्र में भी दिन में मात्र चार सभाएं करके वापस चले जाते हैं।

## आंध्र प्रदेश में दिग्गज नेताओं के लिए प्रचार कर रहीं उनकी जीवनसंगिनी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में चुनाव प्रचार में जोश भरते हुए मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू जैसे दिग्गज नेताओं की पत्नियां अपने जीवनसाथी के लिए पूरे जोरशोर से चुनाव प्रचार में जुटी हैं। जगनमोहन रेड्डी की पत्नी वाई एस भारती रेड्डी ने पुलीवेंदुला विधानसभा क्षेत्र में रविवार को प्रचार किया जहां से वाईएसआर कांग्रेस पार्टी प्रमुख जगनमोहन चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, जगनमोहन खुद पार्टी के उम्मीदवारों के प्रचार के लिए राज्य का दौरा करने में व्यस्त हैं। भारती रेड्डी ने घर-घर जाकर, लोगों से मुलाकात कर और निर्वाचन क्षेत्र के मुद्दों पर चर्चा कर प्रचार किया। उन्होंने मीडिया से कहा, हर कोई जगन सर के साथ है...उन्होंने विश्वास जताया है कि अगर जगन कोई वादा करते हैं तो वह उसे पूरा करेंगे चाहे कुछ भी हो जाए। जगन हमेशा कहते हैं कि पुलीवेंदुला मेरा गढ़ है। भारती रेड्डी ने कहा कि उन्होंने इस निर्वाचन क्षेत्र में तब भी प्रचार किया था जब उनके ससुर व पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत डॉ. वाई एस राजशेखर रेड्डी इस सीट से चुनाव लड़ते थे। इस बीच, चंद्रबाबू नायडू की पत्नी भुवनेश्वरी एक मई से अपने पति के लिए प्रचार शुरू करने जा रही हैं। 19 अप्रैल को कुप्पम विधानसभा सीट से उनका नामांकन पत्र दाखिल किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### सेंथिल कुमार ने बाश ओपन स्क्वाश जीता



**पेरिस।** भारत के वेलावन सेंथिल कुमार ने बाश ओपन चैलेंजर टूर्नामेंट जीत लिया है जो प्रोफेशनल स्क्वाश एसोसिएशन टूर पर उनका आठवां खिताब है। दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिल कुमार ने फ्रांस के मेलविल स्कियानिमानिको को 11-6, 11-9, 11-6 से हराया। सेंथिल ने जीत के बाद कहा, मेलविल ने बेहतरीन खेल दिखाया। मुझे शुरू ही से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करन पड़ा और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सका।

### बृजेश, सागर और सुमित के पदक पक्के

**अस्ताना।** भारत के बृजेश तामता, सागर जाखड़ और सुमित ने एशियाई अंडर 22 और युवा मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश करके पदक पक्के कर लिए। बृजेश (48 किलो) ने उजबेकिस्तान के साबिरोव सैफिद्दीन को हराया। दोनों मुक्केबाजों ने एक एक दौर जीता लेकिन तीसरे दौर में भारतीय मुक्केबाज ने 4-3 से जीत दर्ज की। सागर (60 किलो) और सुमित (67 किलो) ने क्रमश: थाईलैंड के कलासीरम टी और कोरिया के होंग सियो जिन को 5-0 से हराया। जितेश को 54 किलोवर्ग में कजाखस्तान के टी नूरासिल ने 5-0 से मात दी। भारत के अब युवा वर्ग में आठ पदक पक्के हो गए हैं चूंकि पांच महिला मुक्केबाज अन्नु (48 किलो), पार्थवी ग्रेवाल (66 किलो), निकिता चंद (60 किलो), खुशी पूनिया (81 किलो) और निर्झरा बाना (प्लस 81 किलो) सेमीफाइनल से अपने अभियान का आगाज करेंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किलो) कल उजबेकिस्तान की उक्तामोवा निगिना से खेलेगी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने इस टूर्नामेंट में 50 सदस्ईय टीम भेजी है। इसमें 24 देशों के 390 से अधिक मुक्केबाज 25 भार वर्गों में भाग ले रहे हैं।

## पाक के नए कोच जेसन गिलेस्पी का टीम को संदेश

# कुछ ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो

**एजेंसी।** लाहौर



पाकिस्तान के नए मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी चाहते हैं कि उनके प्रतिभाशाली खिलाड़ी वास्तविक बने रहें और किसी विशिष्ट पद्धति के अनुरूप अपने खेल में बदलाव नहीं करें। उनका कहना है कि टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए उन्हें केवल सकारात्मक और आक्रामक रहने की जरूरत है। पाकिस्तान ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी को पुरुष टेस्ट टीम का कोच नियुक्त किया जबकि सफेद गेंद के प्रारूप में कोच की भूमिका दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सौंपी गई है, जिनके मार्गदर्शन में 2011 में भारत ने एकदिवसीय विश्व कप जीता था।

वर्ष 2014 और 2015 में यॉर्कशर को काउंटी चैंपियनशिप खिताब दिलाने वाले 49 वर्षीय गिलेस्पी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। पीसीबी के पॉडकास्ट में गिलेस्पी के हवाले से कहा गया, मैं बस इतना चाहता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम उस शैली की क्रिकेट खेले जो उनके अनुकूल हो, मेरे लिए, यह महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि कुछ ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो। उन्होंने कहा, आप इसे कैसे करते हैं इसे लेकर आपको वास्तविक होने की जरूरत है। मैं वहां जाकर कहूंगा: बस सकारात्मक, आक्रामक, मनोरंजक बनें। अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ खेलें और हमारे प्रशंसकों का मनोरंजन करें।

गिलेस्पी ने कहा, ऐसा समय आएगा जब आपको कड़ी मेहनत करनी होगी और यही टेस्ट क्रिकेट है। यह आपके कौशल, मानसिक क्षमता और धैर्य की परीक्षा है। इसमें ऐसा समय होता है जब आपको आक्रमण करना होता है और कभी कभी विरोधी के दबाव को भी झेलना पड़ता है। ऑस्ट्रेलिया के लिए 71 टेस्ट और 97 एकदिवसीय मैचों में क्रमश: 259 और 142 विकेट लेने वाले गिलेस्पी ने कहा कि पाकिस्तान के पास कुशल खिलाड़ी हैं लेकिन निरंतरता एक ऐसी चीज है जिस पर उन्हें काम करने की जरूरत है।

गिलेस्पी ने कहा, अगर हम जितना संभव हो अपने प्रदर्शन में उतनी निरंतरता ला सकें तो उम्मीद है कि स्कोरबोर्ड पर रन होंगे और हम कुछ जीत हासिल कर सकते हैं। पाकिस्तान को खेलते हुए देखकर मुझे पता है कि वे बहुत प्रतिभाशाली और कुशल खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, लेकिन कभी-कभी आप कमेंटेटरों को भी प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के बारे में बात करते हुए सुनते हो, पाकिस्तान कैसे प्रदर्शन में अधिक निरंतरता ला सकता है और मैच में लंबे समय तक बने रह सकता है। मैं इस बारे में खिलाड़ियों से बात करूंगा क्योंकि खिलाड़ियों को यह तय करने की जरूरत है कि वे खुद को कैसे देखना चाहते हैं और हम ऐसा कैसे कर सकते हैं।

गिलेस्पी ने कहा, मैं बल्लेबाजी के दृष्टिकोण से प्रतिभाशाली और रोमांचक खिलाड़ियों को देखता हूं। उनमें से कई बहुत अच्छे स्ट्रोक खेलने वाले खिलाड़ी हैं, तकनीकी रूप से बहुत कुशल खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, आपके पास ऐसे तेज गेंदबाज हैं जो तेज गति से गेंदबाजी करते हैं और गेंद को स्विंग कराते हैं। आपके पास ऐसे स्पिनर हैं जो गेंद को तेजी से स्पिन कराते हैं। मेरे लिए ऐसी टेस्ट टीम का होना काफी रोमांचक है जिसके पास ए सभी संसाधन हैं।

## पीसीबी ने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए लाहौर, कराची, रावलपिंडी को चुना

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हाइब्रिड मॉडल की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा।

पिछली बार इंग्लैंड में 2017 में हुई चैम्पियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी मार्च में हो सकती है। भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आईसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच तटस्थ स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है तो। आईसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा, हमने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के मैचों के लिए शेड्यूल भेज दिया है। आईसीसी के सुरक्षा दल से बैठक अच्छी रही।

# वरूण-वैभव के आगे दिल्ली के बल्लेबाज नतमस्तक

## 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 153 रन ही बना सकी कैपिटल्स

### डीसी के लिए 35 रन बनाकर कुलदीप बने टॉप स्कोरर

**एजेंसी।** कोलकाता



**वरूण** चक्रवर्ती की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को नौ विकेट पर 153 रन के स्कोर पर रोक दिया।

चक्रवर्ती (16 रन पर तीन विकेट), हर्षित राणा (28 रन पर दो विकेट) और वैभव अरोड़ा (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने दिल्ली की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम की ओर से कोई बड़ी साझेदारी नहीं हुई। सुनील नारायण (24 रन पर एक विकेट) और मिशेल स्टार्क (43 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया।

नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कुलदीप यादव (26 गेंद में नाबाद 35, पांच चौके, एक छक्का) दिल्ली की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे जबकि उनके अलावा कप्तान ऋषभ पंत (20 गेंद में 27 रन, दो चौके एक छक्का) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। पंत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन टीम की शुरुआत खराब रही।

पृथ्वी साव (13) ने मिशेल स्टार्क के पहले ओवर में तीन चौके मारे लेकिन अगले ओवर में अरोड़ा की गेंद पर विकेटकीपर फिल सॉल्ट को कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क (12) ने स्टार्क की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा लेकिन अगली गेंद पर डीप स्क्वायर लेग पर वेंकटेश अय्यर को कैच थमा गए। शाई होप (06) ने अरोड़ा पर छक्के के साथ खाता खोला, लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड को गए, जिससे दिल्ली का स्कोर तीन विकेट पर 36 रन हो गया।

## दो साल में पाक के लिए कम से कम एक आईसीसी ट्रॉफी जीतना चाहते हैं कर्स्टन



**कराची।** पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए एक सामान्य लक्ष्य रखा है कि उसे अगले तीन साल में आईसीसी के तीन टूर्नामेंटों में से कम से कम एक ट्रॉफी जीतनी होगी। अब और 2026 के बीच होने वाली प्रमुख प्रतियोगिताओं में 2024 (अमेरिका और वेस्टइंडीज) और 2026 (भारत) में दो टी-20 विश्व कप के साथ-साथ 2025 वनडे चैंपियंस ट्रॉफी भी शामिल है, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान करेगा। भारत की विश्व कप विजेता टीम के मुख्य कोच रह चुके कर्स्टन चाहते हैं कि बाबर आजम और उनकी टीम कम से कम एक टूर्नामेंट जीते। वर्तमान में आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के मार्गदर्शक (मेंटर) कर्स्टन को रविवार को वनडे और टी-20 के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज कर्स्टन के पाकिस्तान के इंग्लैंड दौरे से पहले 22 मई से अपनी नई जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है। कर्स्टन से उनके कार्यकाल के दौरान उनके लक्ष्यों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पॉडकास्ट में कहा, अगर आप उन तीन आईसीसी प्रतियोगिताओं में से एक जीत सकते हैं तो यह एक शानदार उपलब्धि होगी।

# टीम इंडिया के चयन से पहले लखनऊ मुंबई मैच में राहुल पर होंगी नजरें

## राहुल का स्ट्राइक रेट बना हुआ है चिंता का विषय

**एजेंसी।** लखनऊ



**टी-20** विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन से पहले केएल राहुल के लिए दूसरे विकेटकीपर के रूप में चयन का दावा पुख्ता करने का एक और मौका होगा जब उनकी कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी।

टी-20 क्रिकेट में राहुल का स्ट्राइक रेट चिंता का सबब रहा है। पावरप्ले में फील्डिंग पाबंदियों के बावजूद राहुल आईपीएल में धीमी शुरूआत करते आए हैं। उन्होंने हालांकि इस सत्र में इसमें बदलाव किया। अभी तक वह 2024 सत्र में 144.27 की औसत से 378 रन बना चुके हैं। वैसे ऋषभ पंत का स्ट्राइक रेट 160.60 और संजू सैमसन का 161.08 रहा है। पंत की जगह टी-20 विश्व कप टीम में लगभग पक्की है चूंकि विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स के लिए आक्रामक पारियां खेलकर संजू ने भी अपना दावा मजबूती से रखा है। ऐसे में राहुल को अधिक आक्रामक खेलना होगा ताकि उनकी टीम बड़ा स्कोर बना सके और वह भी अपना दावा मजबूत कर सके।

लखनऊ को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स ने सात विकेट से हराया था। अब क्विंटोन डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन पर तेजी से रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। उनके सामने मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण है जिसे दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजों ने रविवार को मैदान के चारों ओर धुना था।

युवा जैक फ्रेजर के स्ट्रोक्स का मुंबई के गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। जसप्रीत बुमराह जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाज ने भी 19 रन पहले ओवर में दे डाले। ल्यूक वुड और हार्दिक पंड्या तो काफी महंगे साबित हुए। मुंबई की टीम अंक तालिका में नौवे स्थान पर है और प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे सारे मैच जीतने होंगे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और टी-20 में नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार से उम्दा पारियों की उम्मीद होगी। इस सत्र में बल्ले और गेंद दोनों से नाकाम रहे हार्दिक को विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### दोनों टीम के खिलाड़ी

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** राहुल (कप्तान), डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, कुणाल पंड्या, युद्धवीर, प्रेरक मांकड़, यश, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन, के गौतम, मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, अरशद।

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक (कप्तान), रोहित, सूर्यकुमार, डेवाल्ड ब्रेविस, बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मो. नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

## गेंदबाजों से एक कदम आगे रहते हैं गायकवाड़ : कोच हसी

### चेन्नई के कप्तान ने सनराइजर्स के खिलाफ खेली थी 98 रन की पारी

**एजेंसी।** चेन्नई



**चेन्नई** सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने कहा कि गेंदबाजों से एक कदम आगे रहने की क्षमता के कारण ही रूतुराज गायकवाड़ को आईपीएल के मौजूदा सत्र में इतनी सफलता मिली। पिछले मैच में नाबाद 108 रन बनाने के बाद चेन्नई के कप्तान गायकवाड़ ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 98 रन बनाए।

हसी ने सनराइजर्स पर मिली जीत के बाद कहा, गायकवाड़ इतना शानदार खिलाड़ी है। मैं उससे पूछता रहता हूं कि उसके शानदार प्लेसमेंट का राज क्या है, क्योंकि उसे हमेशा फील्डर के बीच में जगह मिल जाती है। उन्होंने कहा, वह चतुर बल्लेबाज है। उसे पता है कि कब आक्रामक खेलना है और कब नहीं। वह स्पिन और सीम दोनों को बखूबी खेल लेता है और मैदान के चारों ओर रन बनाता है।

उन्होंने कहा, वह हमेशा गेंदबाजों से एक कदम आगे रहता है। उसकी बल्लेबाजी देखने में मजा आता है। हम खुशकिस्मत हैं कि वह हमारी टीम में है। यह पूछने पर कि गायकवाड़ ने कप्तानी को किस तरह से संभाला है, हस्सी ने स्वीकार किया कि सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ की जगह लेना चुनौतीपूर्ण होता है। उन्होंने कहा, उसके लिए भी चुनौतीपूर्ण था। वह ऐसे कप्तान की जगह ले रहा था जो भारत का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ कप्तान रहा है।

## तीरंदाज दीपिका फिर टॉप्स में शामिल

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**शंघाई** में हाल ही में हुए विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी को पेरिस ओलंपिक से पहले टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में फिर शामिल किया गया है।

दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल पूरे सत्र में बाहर रही दीपिका ने हाल ही में वापसी की है और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा खेल रही है। तीन बार की ओलंपियन रिकर्व तीरंदाज दीपिका ने इस साल एशिया कप में भी पदक जीता। अभी तक पुरूषों के व्यक्तिगत वर्ग में सिर्फ धीरज बोम्मादेवरा ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सके हैं। आखिरी क्वालीफाइंग टूर्नामेंट तुर्की के अंताल्या में 15 और 16 जून को होगा।

खेल मंत्रालय के अनुसार तीरंदाज मृणाल चौहान को भी टॉप्स विकास ग्रुप में शामिल किया गया है जबकि प्रवीण जाधव को विकास से कोर ग्रुप में डाला गया है। पैरा पावरलिफ्टर अशोक को भी कोर ग्रुप में रखा गया है। मिशन ओलंपिक सेल ने 133वीं बैठक में स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह, अभय सिंह और सेंथिल कुमार को भी टॉप्स विकास ग्रुप में रखा है।

## आर्सनल और मैनचेस्टर सिटी जीते, खिताब की दौड़ कड़ी




**लंदन।** आर्सनल ने टोटेनहम हॉट्सपर को 3-2 से हरा दिया, जबकि गत चैम्पियन मैनचेस्टर सिटी ने नॉटिंघम फोरेस्ट को 2-0 से शिकस्त देकर प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब की दौड़ को रोचक बना दिया। आर्सनल ने एक बार 3-0 से बढ़त बना ली थी, लेकिन आखिरी 20 मिनट में दो गोल गंवा दिए। आर्सनल ने आखिरी क्षणों में संयम बनाए रखकर बराबरी का गोल नहीं होने दिया। आर्सनल के अब दूसरे स्थान पर काबिज सिटी से एक अंक अधिक हैं, लेकिन उसने एक मैच भी अधिक खेला है। एक अन्य मैच में बोर्नमाउथ ने ब्राइटन को 3-0 से हरा दिया।

# इंग्लैंड को हराकर क्वार्टर फाइनल में भारत

## थॉमस कप : आखिरी ग्रुप मैच में सामना इंडोनेशिया से

**एजेंसी।** चेंगडू (चीन)




**गत** चैम्पियन भारत ने इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस कप बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

भारत ने पहले मैच में थाईलैंड को 4-1 से हराया था। एच एच प्रणय ने हैरी हुआंग को 21-15, 21-15 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बेन लेन और सीन वेंडी को युगल मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-15 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत को 3-0 से बढ़त दिला दी।

दूसरी युगल टीम एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराया। आखिरी मैच में किरण जॉर्ज ने चोलान कायान को 21-18, 21-12 से मात दी। भारत का सामना आखिरी ग्रुप मैच में 14 बार के चैम्पियन इंडोनेशिया से होगा।

## टी-20 हमेशा से बल्लेबाजों का खेल रहा है: कमिंस



**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि टी-20 प्रारूप हमेशा से बल्लेबाजों के अनुकूल रहा है और इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में तो यह एक कदम और आगे चला गया है। सनराइजर्स को चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को 78 रन से हराया।

आईपीएल के इस सत्र में छह बार 250 से अधिक का स्कोर बन चुका है और 200 रन बनाकर भी जीत की गारंटी नहीं है। इससे पहले आईपीएल के इतिहास में दो ही बार 250 से अधिक का स्कोर बना था। कमिंस ने मैच के बाद कहा, टी-20 हमेशा से बल्लेबाजों का खेल रहा है और इस सत्र में तो यह एक कदम आगे चला गया। हमारे पास गेंदबाजी के अधिक विकल्प नहीं है और आक्रामक बल्लेबाजी करके ही हम जीत सकते हैं। चेन्नई से मिली हार पर उन्होंने कहा , कोई एक कारण नहीं बताा जा सकता। कुछ भी हमारी योजना के अनुरूप नहीं रहा। हम लक्ष्य का पीछा कर सकते थे लेकिन कर नहीं सके। हमें इस पर काम करना होगा।

## टी-20 विश्व कप के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान, विलियमसन को कमान

**एजेंसी।** आकलैंड



**केन** विलियमसन चौथी बार टी-20 विश्व कप में न्यूजीलैंड की कमान संभालेंगे, जबकि अंगूठे की चोट से उबर रहे सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे को भी जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया है।

कोंवे अंगूठे की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर है। टीम में गेंदबाज मैट हेनरी और बल्लेबाजी हरफनमौला रचिन रविंद्र ही दो खिलाड़ी हैं जो पहले टी-20 विश्व कप नहीं खेले हैं। विलियमसन छठी बार टी-20 विश्व कप खेलेंगे। वहीं टिम साउदी का यह सातवां टी-20 विश्व कप होगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रहने वाले ट्रेंट बोल्ट को पांचवीं बार टी-20 विश्व कप टीम में जगह मिली है। तेज गेंदबाज बेन सीयर्स भी टीम के साथ कवर के तौर पर रहेंगे। टखने की चोट के कारण एडम मिल्ने बाहर हैं, जबकि काइल जैमीसन कमर की चोट के कारण टीम में नहीं हैं।

### न्यूजीलैंड टीम

केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलेन, ट्रेंट बोल्ट, मिशेल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कोंवे, लॉकी फर्ग्युसन , मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिम्मी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनेर, ईश सोढी, टिम साउदी।